ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 01 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 16 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-331 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

हुमा कुरेशी बनीं राइटर, लिखी नोवेल ... पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड में 1984 के सिख दंगा प्रभावितों को मुआवजे के भुगतान पर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के चार जिलों में वर्ष 1984 के सिख दंगा प्रभावितों को मुआवजे के भुगतान पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने इस मामले में सरकार से अप-टू-डेट स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। इस मामले में अदालत ने अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को मुकर्रर की है। शुक्रवार को सतनाम सिंह गंभीर नामक शख्स की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने सरकार से जानना चाहा कि दंगा पीड़ितों के मुआवजा भुगतान से संबंधित मामलों की जांच के लिए बनाए गए वन मैन कमीशन की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई? इस पर राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बताया कि तीन जिलों रांची, पलामू और रामगढ़ में पीड़ितों को मुआवजा भुगतान की शुरूआत कर दी गई है, वहीं बोकारो में मुआवजा वितरण के लिए अतिरिक्त फंड की आवश्यकता है।

### नीरज मित्तल व राम प्रकाश भाटिया की जमानत पर फैसला 18 को

**रांची।** निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया की जमानत पर ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान दोनों आरोपितों के जमानत पर ईडी और बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई है। अदालत ने दोनों आरोपितों की याचिका पर 18 सितम्बर को फैसला की तिथि निर्धारित की है। नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया पर जेल में बंद निलंबित अभियंता प्रमुख बीरेन्द्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। इन्हें ईडी ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ ईडी आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। नीरज मित्तल की ओर से अधिवक्ता प्रितांशु सिंह ने बहस की।

### साहिबगंज में स्कॉर्पियो पर दिनदहाड़े बम से हमला, पांच घायल

**साहिबगंज।** साहिबगंज राजमहल मुख्य पथ पर तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत मसकलैया में शुक्रवार को बाइक सवार अपराधियों ने स्कॉर्पियो पर दिनदहाड़े बम से हमला कर दिया। घटना में डेढ़गामा निवासी सुबेश मंडल सहित पांच लोग घायल हो गए। ड्राइवर घायल अवस्था में ही स्कॉर्पियो चलाते हुए राजमहल थाने पहुंचा। पुलिस ने सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया।

## पलामू में लूटपाट के दौरान चालक को मारी गोली

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र अन्तर्गत कारी माटी गांव के समीप लूटपाट के दौरान अपराधियों ने एक वाहन चालक को गोली मार दी। अपराधियों की गोली से जख्मी वाहन चालक मुर्तजा अंसारी रांची के पंडरा का रहने वाला है। उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार डालटनगंज-बालूमाथ रोड पर पलामू के पांकी और लातेहार के हेरहंज थाना क्षेत्र के बीच कारीमाटी घाटी में शुक्रवार की अहले सुबह अपराधी लूटपाट कर रहे थे। इस बीच मुर्तजा अंसारी नामक चालक 407 वाहन लेकर मौके से गुजर रहा था। अपराधियों में 407 वाहन को रोकने का प्रयास किया और फायरिंग की। इस घटना में मुर्तजा अंसारी के पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।वहीं इस संबंध में पांकी के प्रभारी थानेदार कुंदन पासवान ने बताया कि लूटपाट की घटना हुई है। पुलिस मामले में अनुसंधान कर रही है। अभी तक किसी ने लिखित आवेदन नहीं दिया है। जख्मी व्यक्ति का फर्द बयान लिया जायेगा। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि दो से तीन वाहन चालकों से मोबाइल और पैसे की लूट हुई है।जानकारी के अनुसार कारीमाटी घाटी में करीब आधा दर्जन वाहनों से लूटपाट की घटना हुई है। लूटपाट के क्रम में फायरिंग के बाद घटनास्थल पर एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। जानकारी के अनुसार लूटपाट की घटना में आधा दर्जन अपराधी शामिल थे। कारीमाटी घाटी में एक लंबे अरसे के बाद लूटपाट की घटना हुई है।

## पृथ्वी की कक्षा छोड़कर 19 सितंबर को सूरज की ओर रवाना होगा आदित्य-एल1

**चेन्नई (एजेंसी)।** देश की अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला आदित्य-एल1 को 19 सितंबर को सूर्य की ओर रवाना किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, शुक्रवार तड़के 2.15 बजे आदित्य एल-1 की कक्षा का चौथा सफल उन्नयन किया गया। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, मॉरीशस, बेंगलुरु, श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र और पोर्ट ब्लेयर में इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने इस ऑपरेशन के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया, जबकि वर्तमान में आदित्य-एल 1 के लिए फिजी द्वीप समूह में एक परिवहनीय टर्मिनल पोस्ट-बर्न ऑपरेशन का समर्थन करेगा। इसरो के अनुसार, आदित्य एल-1 अब 256 किमी गुना 1,21,973 किमी की अपनी नई कक्षा में है। इसरो ने कहा कि अगले मैनोवर में 19 सितंबर को लगभग दो बजे तड़के पृथ्वी की कक्षा से विदा होकर वेधशाला लैंगरेंजियन प्वाइंट-1 (एल-1) की ओर बढ़ेगी। आदित्य-एल1 भारत की अंतरिक्ष आधारित सौर वेधशाला है जिसे 2 सितंबर को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान-एक्सएल (पीएसएलवी-एक्सएल) रॉकेट द्वारा पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया गया था। तब से इसरो द्वारा अंतरिक्ष यान की कक्षा को चार बार बढ़ाया गया है। एल-1 की ओर यात्रा के दौरान पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के बाद क्रूज चरण शुरू हो जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को एल-1 के चारों ओर एक बड़ी प्रभामंडल कक्षा में इंजेक्ट किया जाएगा - वह बिंदु जहां दो बड़े पिंडों - सूर्य और पृथ्वी - का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव बराबर होगा और इसलिए अंतरिक्ष यान अपनी कक्षा में बना रहेगा। लॉन्च से एल-1 तक की कुल यात्रा में अंतरिक्ष यान को लगभग चार महीने लगेंगे और पृथ्वी से दूरी लगभग 15 लाख किलोमीटर होगी।




### पोता-पोती को बचाने में दादी की भी गई जान

# पति ने केरोसिन छिड़क पत्नी को जिंदा जलाया

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी (चतरा)**

जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पितीज में दिलदहलाने वाली एक घटना सामने आई है। पितीज (सुरहीबागी) गांव निवासी स्व. आदित्य दांगी के पुत्र कुलदीप दांगी ने अपनी पत्नी सबिता देवी पर केरोसिन तेल छिड़ककर जिंदा जलाकर फरार हो गया है। घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है। घटना में मृतिका की सास भी पोता-पोती को बचाने में गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसकी इलाज के क्रम में रांची रिम्स में मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही इटखोरी थाना प्रभारी विनोद कुमार व एसआई गौतम दास दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल से केरोसिन तेल का गेलन बरामद किया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार रात को पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर केरोसिन तेल छिड़क कर जिंदा जला दिया। इस घटना में मृतका की सास डिलिया देवी बहू व दो बच्चों को बचाने के क्रम में झुलस कर गंभीर रूप से जख्मी हो गयी थी। सबिता देवी हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत सूजी गांव निवासी परमेश्वर दांगी की पुत्री है। उसकी शादी 9 मई 2017 को इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पितीज (सुरहीबागी) गांव निवासी स्व. आदित्य दांगी के पुत्र कुलदीप दांगी के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। इस संबंध में सबिता के पिता का आरोप है कि उसका दामाद शादी के बाद से लगातार उसकी बेटी को प्रताड़ित कर मारपीट करते रहता था। इधर मुखिया रामदेव यादव ने कहा है कि हत्यारा जहां भी दिखे पकड़ कर पुलिस के हवाले करें। वहीं दांगी समाज के प्रखंड अध्यक्ष विजय दांगी ने कहा कि यह घटना गांव के साथ समाज के लिए शर्मसार करने वाली बात है। उन्होंने कहा है कि ऐसे व्यक्ति को गांव में शरण नहीं दिया जाए। सबिता के दो पांच वर्षीय पुत्री दिव्यांशी कुमारी व दो वर्षीय पुत्र अमन कुमार का रो-रो कर बुरा हाल है। पुत्री का कहना है कि पापा ने मम्मी के ऊपर तेल छिड़ कर आग लगा दी।



### अवैध खनन मामले में ईडी के गवाह से बचाव पक्ष का क्रॉस एग्जामिनेशन

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को अवैध खनन मामले की सुनवाई हुई। ईडी के गवाह का बयान आज खत्म हो गया। ईडी के गवाह विजय हांसदा ने कोर्ट में कहा कि उसने सादे कागज पर हस्ताक्षर किया है। क्योंकि, मुंगेरी यादव और अशोक यादव ने उसे धमकी दी थी और दबाव बनाया था। विजय हांसदा ने आज बचाव पक्ष के द्वारा क्रॉस एग्जामिनेशन के दौरान यह बयान दिया है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार कोर्ट में उपस्थित थे जबकि पंकज मिश्र की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा मौजूद थे। प्रेम प्रकाश की तरफ से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह मौजूद थीं। उल्लेखनीय है कि अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, दाहू यादव और उसके पिता पशुपतिनाथ भी आरोपित हैं।

### जमीन घोटाला मामला

## हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 18 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में अब 18 सितंबर को सुनवाई होगी। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी के कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी, लेकिन हेमंत सोरेन की ओर से बहस करने वाले वरीय अधिवक्ता मुकुल रोहतगी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उन्होंने मामले की सुनवाई एक सप्ताह के लिए टालने का आग्रह किया। कोर्ट ने यह आग्रह स्वीकार कर लिया। बता दें कि सोरेन ने ईडी की ओर से उन्हें पूछताछ के लिए भेजे गए समन को चुनौती दी है। उन्होंने अपनी याचिका में पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) 2002 की धारा 50 और 63 की वैधता पर सवाल उठाया है। जांच एजेंसी को धारा 50 के अंतर्गत बयान दर्ज कराने या पूछताछ के दौरान ही किसी को



गिरफ्तार कर लेने का अधिकार है। इसलिए समन जारी करने के बाद गिरफ्तारी का डर बना रहता है। सीएम हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि समन को स्थगित किया जाए और पीड़क कार्रवाई नहीं करने का आदेश ईडी को दिया जाए।

**जानिए क्या है मामला :** बता दें कि रांची में चेशायर होम के पास की जमीन, बरियातू और सिरम टोली स्थित सेना जमीन घोटाला मामले में ईडी लगातार कार्रवाई कर रही है। ईडी ने मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का हवाला दिया है। व्यवसायी विष्णु अग्रवाल, रांची के पूर्व डीसी छवि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### विधानसभा की सदाचार समिति पहुंची पलामू

## नकली शराब पर कसे नकेल : अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति की टीम शुक्रवार को पलामू पहुंची और स्थानीय सर्किट हाउस में उप विकास आयुक्त सहित जिले के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में समिति के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने जिले के विभिन्न विभागों यथा स्वास्थ्य, आपूर्ति, भवन, कल्याण, शिक्षा, शहरी एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विशेष प्रमंडल, पथ निर्माण, सहकारिता, कृषि, पशुपालन, उत्पाद, निबंधन, जिला योजना आदि द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों में अनुकंपा आधारित नियुक्तियों के लंबित मामलों की जानकारी ली और लंबित सभी मामलों को शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। बैठक में सदाचार समिति के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने उत्पाद विभाग से नकली शराब और शराब की एमआरपी से ज्यादा मूल्य लेने के मामले की जानकारी ली और सबंधित पदाधिकारी को मामले की जांच करने और नकली शराब के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वंहीं पशुपालन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मनरेगा मजदूरों का दो माह से भुगतान लंबित, पलायन को विवश मजदूर

## 11058 मजदूरों का डेढ़ करोड़ रुपये मजदूरी बकाया

**बिट्टू सिंह**

**केतार।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में काम कर रहे केतार प्रखंड के मनरेगा मजदूरों को समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं हो रहा है। पिछले दो माह से मजदूरी भुगतान को लेकर मजदूर पंचायत सचिवालय से प्रखंड कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। मजदूरी बकाया होने के कारण मजदूरों के बीच आर्थिक संकट उत्पन्न हो गई है। मजदूरों की स्थिति अब यह हो गई है कि वह अब परिवार का भरण पोषण करने के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश हैं। इसकी जानकारी होने के वावजूद जवाबदेह अधिकारी मौन हैं।



जानकारी के अनुसार राज्य के सभी मजदूरों का लेबर कार्ड में आधार लिंक नहीं है जिस कारण केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को राशि देना बंद कर दिया है। मनरेगा मजदूरों को 1530 रू सप्ताहिक मजदूरी का भुगतान होता है। राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली राशि साप्ताहिक राशि 162 रू का भुगतान मजदूरों के खाते में तत्काल हो जा रही है। लेकिन केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाली साप्ताहिक मजदूरी की राशि 1368 रू. का भुगतान नहीं हो रहा है। जिससे केतार प्रखंड में विभिन्न योजनाओं में काम करने वाले 11058 मजदूरों का एक करोड़ 47 लाख 83 हजार 053 रू मजदूरी बकाया है। जिसमें मुकुन्दपुर पंचायत में 3014 मजदूरों का 3885495रू, केतार पंचायत में 2220 मजदूरों के बीच 2917996 रू, बलीगढ़ पंचायत में 1449 मजदुरों के बीच 1914417 रू, लोहरगाडा. पंचायत में 263 मजदूरों का 378252 रू, पाचाडुमर पंचायत में 2644 मजदूरों का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### क्या कहते हैं प्रभारी बीपीओ

प्रभारी बीपीओ मनोज कुमार ने इस बाबत बताया कि प्रखंड से मजदूरों की मजदूरी भुगतान के लिए एफटीओ स्टेट को भेजा गया है, यहां से कोई समस्या नहीं है , मजदूरी भुगतान स्टेट से ही मजदूरों के खाते में होता है।

### लेटलतीफी — जान जोखिम में डाल सड़क पर चलने को मजबूर हैं लोग

# अठारह साल में नहीं बन सकी आठ किमी सड़क

### क्षेत्र का विकास प्राथमिकता, जल्द बनेगी सड़क : विधायक

**संजय कुमार पांडेय**

**मेदिनीनगर ।** चैनपुर से नावा भाया डाटम होते आदर, कुंडपानी, मुसरमु व उलडंडा जैसे गावों को रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय तक जोड़ने वाली मुख्य सड़क की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इसमें नावा से आदर तक की सड़क पर तो चलना जान जोखिम में डालने जैसा है। सड़क में उभरे पत्थर व गड्ढों के बीच उच्ची - नीची पथरीली घाटियां हमेशा दुर्घटना की संभावनाओं को बल देतीं हैं। बावजूद दूसरा कोई रास्ता नहीं होने के कारण उपरोक्त गांव व क्षेत्र में रहने वाले लोगों को इसी रास्ते से हर दिन आना जाना पड़ता है। लोग जान जोखिम में डालकर छोटे दोपहिया व ऑटो जैसे वाहनों से यात्रा करने को मजबूर होते हैं।





हालांकि इस क्षेत्र के कई लोगों ने बताया कि वर्ष 2007 में जब झारखण्ड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष रहे इन्दर सिंह नामधारी यहां के विधायक थे तब इस सड़क के निर्माण पर ध्यान दिया गया था। तब 1 जनवरी 2007 को श्री नामधारी ने नावा से रामगढ़ तक 8.59 किमी लम्बी सड़क के निर्माण का शिलान्यास नावा गांव में किया था। यह शिलापट्ट आज भी नावा में गवाह बना खड़ा है। तब इस सड़क निर्माण को राज्य संपोषित योजना से स्वीकृति मिली थी। ग्रामीण बताते हैं कि सम्बंधित संवेदक द्वारा सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। सड़क का ग्रेड वन का कार्य आधा अधूरा किया गया था। इसके बाद अचानक काम बंद हो गया जो फिर कभी शुरू ही नहीं हुआ। ग्रामीण आशंका जताते हैं कि सड़क का अधूरा कार्य करा समवेदक द्वारा विभागीय पदाधिकारियों की मिलीभगत से कागजों पर सड़क पूर्ण दिखाकर निर्माण मद की पूरी राशि निकाल ली गई होगी। गुजरते समय के साथ सड़क में सिर्फ पत्थर ही रह गये, नतीजा सड़क चलने लायक ही नहीं रह गई है। विडंबना तो यह है कि करीब 18-19वर्ष गुजरने के बाद भी किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने इस सड़क की सुधी नहीं ली है। हालांकि यह पूरा इलाका आदिम जनजाति व आदिवासी बाहुल्य है। सड़क के आभाव में इस क्षेत्र का विकास नहीं हो सका है। इस इलाके के दर्जनाधिक गांव विकास से वंचित हैं। यहां के विकास के नाम पर कागजी खानापूर्ति कर बिचौलिए पदाधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी राशि व सुविधाओं की बंदरबाँट कर रहे हैं। जबकि गरीब आदिवासी व आदिम जनजाति परिवार के लोग बदहाल जीवन जीने को विवश हैं। इधर क्षेत्र के वर्तमान विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने बातचीत के दौरान कहा है कि उक्त सड़क व क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता में है। अधिकारियों से उन्होंने बात की है और जल्द ही उक्त सड़क का निर्माण कराया जायेगा। बताते चलें कि हाल के वर्षों में कुंडपानी से आदर तक की सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना के तहत कराया गया है। हालांकि सड़क की गुणवता प्राक्कलन के अनुरूप नहीं है, लेकिन कुछ वर्ष तक चलने लायक रहेगा। जबकि नावा से आदर तक की सड़क तो अत्यंत जर्जर हो चुकी है।

## पांच राज्य एक साथ मिलकर करेंगे नक्सलवाद पर वार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ईस्टर्न रीजनल पुलिस कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक हुई। बैठक में बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों के साथ साथ केंद्रीय एजेंसियों के अफसरों ने भी भाग लिया। बैठक में एक साथ मिलकर और आपसी समन्वय बनाकर नक्सल, ड्रग्स ,साइबर, मानव तस्करी और संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करने की रणनीति पर मुहर लगाई गई है। ईस्टर्न रीजनल पुलिस कॉर्डिनेशन कमेटी की अगली बैठक कोलकाता में होगी।




**नक्सल को लेकर महत्वपूर्ण रही बैठक :** ईस्टर्न रीजनल पुलिस कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक में नक्सल और ड्रग्स कारोबार पर नकेल कसने को लेकर रणनीति बनाई गई है। पिछले दो सालों के दौरान झारखंड पुलिस ने नक्सली फ्रंट पर बेहतरीन काम किया है। यह सभी जानते हैं कि झारखंड में बिहार, छत्तीसगढ़, बंगाल और उड़ीसा के दुर्दांत नक्सली नेता अभी भी सक्रिय हैं। वैसे नक्सली कमाण्डरों पर नकेल कसने की रणनीति भी मीटिंग में बनी है। झारखंड का बूढ़ा पहाड़ छत्तीसगढ़ से सटा हुआ है जबकि वर्तमान समय में पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बने सारंडा के बॉर्डर उड़ीसा से सटे हुए हैं। ऐसे में नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में दोनों राज्यों की भूमिका बेहद अहम है। नक्सल मुद्दे पर पांचों राज्यों के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान चलाने पर भी सहमति बनी है। ड्रग्स और दूसरे मादक पदार्थ के तस्करी को रोकने के लिए भी पांचों राज्यों के बीच खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान को लेकर रणनीति बनाई गई है इसके लिए बाकायदा नोडल अवसर भी तय किए गए हैं। राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में नक्सलियों से मुकाबले के लिए राज्यों के बीच खुफिया सूचना का आदान प्रदान करना, मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने, कुख्यात नक्सलियों और अपराधियों के मूवमेंट की जानकारी साझा करना जैसे विषयों पर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया।

**तय किया गया एजेंडा :** झारखण्ड पुलिस के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर एम एल मीना ने बताया कि मीटिंग

NEWS इन ब्रीफ

## भाजपा नेता ने हाईमास्ट लाइट की रखी आधारशिला

**पांकी।** चतरा सांसद सुनील सिंह के सौजन्य से भाजपा नेता अमरनाथ गुप्ता ने पांकी के जरही मोड़ मे सांसद मद से लगने वाले हाईमास्ट लाईट की आधारशिला पूजा अर्चना कर रखा। अमरनाथ गुप्ता ने कहा पांकी विस क्षेत्र के हर चौक चौराहे को जगमग किया जाएगा। मौके पर मंडल अध्यक्ष शत्रुधन सिंह, श्यामनंदन ओझा, जिला प्रतिनिधि ललित मेहता ,चुनमुन पांडे, अरुण सिंह, डंडार मुखिया प्रदुमन सिंह, साधु मांझी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति अखिलेश ठाकुर, सोनू गुप्ता, पवन गुप्ता,अनिल सिंह, संतु सिंह, जयकिशोर प्रसाद गुप्ता, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### नगर पंचायत छत्तरपुर में समस्याओं का अंबार

# उदासीन बना है नगर पंचायत महकमा

**नगर के गठन के साथ ही लोगों कि दुश्वारियां बढ़ी है : अरविन्द**

**बारिश के मौसम में मलेरिया, टायफाइड और डेंगू फैलने का खतरा बढ़ा है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** किसी भी इलाके के विकास के लिए पांच साल का समय काफी होता है। लेकिन छतरपुर नगर पंचायत में पांच सालों में करोड़ों खर्च के बावजूद नगर पंचायत आज बुनियादी सुविधाओं को तरस रहा है। नगर में समस्याओं का अम्बार लगा है। चारों ओर फैला कूड़े का अंबार, सड़क किनारे लगने के बाद ही खराब हो रहीं स्ट्रीट लाइटें,



वाहनों से मनमानी वसूली सहित कई मसले नगरवासियों को खून के आंसू रुला रहे हैं। ये बातें प्रेस बयान जारी कर छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता चुनमून ने कही। उन्होंने कहा कि नगर के गठन के साथ ही लोगों कि दुश्वारियां बढ़ी है। नगर में टैक्स की वसूली तो हो रही है लेकिन बदले में नगर को मिलने वाली बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही है नतीजन नगर के सभी वार्डों में गंदगी का अम्बार पसरा है। लोग परेशान हैं। बारिश के मौसम में मलेरिया, टायफाइड और डेंगू फैलने का खतरा बढ़ा है। फिर भी डीडीटी का छिड़काव नगर में कहीं नहीं किया जा रहा है और न ही पम्परागत जल सन्नोतों में ब्लीचिंग पावडर ही डाला जा रहा है। होल्डिंग टैक्स के बदले नगर को मिलने वाली सुविधाएं नगण्य हैं। अब तक पार्क का निर्माण नहीं हो पाया है और नाही अब तक नगर में टाउन हॉल ही बन पाया है जिसकी नितांत आवश्यकता है। उन्होंने सबसे गम्भीर सवाल नगर में लग रहे स्ट्रीट लाइट को लेकर खड़े किए हैं उन्होंने कहा है कि यह प्राक्कलन घोटाला है घटिया किस्म की लाइटें लगाई जा रही हैं जो लगने के तुरंत बाद खराब हो जा रही हैं। अभी तक नगर के प्रमुख इलाकों में स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में लगी कई हाई मास्ट लाइटें महीनों से खराब पडी हैं। जिन्हें बनवाने की आवश्यकता है। अरविन्द ने नगर पँचायत से मांग किया है कि उपरोक्त समस्याओं के मद्देनजर जल्द ही कार्रवाई की जाए अन्यथा वे नगरहित में पुनः आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे।

# क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ने काटी बीआरसी के नौ कर्मियों की हाजरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम ने शुक्रवार को हरिहरगंज स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रात्रि प्रहरी सह आदेशपाल मृत्युंजय राम तथा जेइ प्रशील रमन को छोड़ कर बीपीएम, बीआरपी, बीआरजी सहित नौ कर्मिय अनुपस्थित पाए गए। इस दौरान उन्होंने हाजरी बही का अवलोकन करने के बाद सभी अनुपस्थित कर्मियों का हाजरी काट दिया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि बीआरसी कार्यालय में विशेष कार्य को लेकर आया था। दो कर्मी को छोड़ सभी कर्मी गायब पाए गए। अनुपस्थित कर्मियों में बीपीएम रेखा कुमारी, लेखापाल कमलेश कुमार गुप्ता, बीआरपी अनुज मिश्रा, सुनील




कुमार पटेल, बीआरजी अतुल प्रसाद, एमडीएम ऑपरेटर अमरजीत कुमार पटेल, एमआईएस संतोष प्रजापति, डाटा इंट्री ऑपरेटर मणि कुमार, रिसोर्ट शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार का नाम शामिल है। उधर बीपीएम रेखा कुमारी ने बताया कि जिला स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता में हरिहरगंज के प्रतिभागी बच्चों को मेदिनीनगर लेकर आया हूँ। जबकि बीआरपी अनुज मिश्रा तथा सुनील कुमार पटेल ने बताया कि वे क्षेत्र के विद्यालय में अनुश्रवण करने के लिए गए थें।

## पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना पुलिस ने शुक्रवार को अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व कर रहे पुलिस अवर निरीक्षक अभय आनंद ने बताया कि सुदूरवर्ती कोदवरिया गांव के समीप जंगल में छापेमारी कर शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया। साथ ही स्थल से



बरामद 6 क्विंटल जावा महुआ करीब 60 लीटर निर्मित देशी शराब के साथ ही शराब बनाने के कई उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस के आने की भनक पर धंधेबाज जंगल और पहाड़ी इलाके का लाभ लेकर भागने में सफल रहे। बावजूद पुलिस इसमें संलिप्त लोगों को चिन्हित कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

## भारत रत्न विश्वश्वरैया की 162 वीं जयंती मनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के भगत तेंदुआ स्थित एसआरएम चित्रांश आइटीआइ में शुक्रवार को भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वश्वरैया की 162 वीं जयंती अभियंता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर संस्थान के निदेशक अमृता सिन्हा तथा प्रिसिंपल सह इंजीनियर चंदन प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वश्वरैया देश के महान विभूति थे। आधुनिक भारत के नव निर्माण तथा अभियंत्रण के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर शिक्षक विक्की सिंह, प्रदीप यादव,कुंदन कुमार, रवि कुमार, सुरेश कुमार आदि उपस्थित थें।

# स्वास्थ्य मेला में लोगों ने उठाया सुविधाओं का लाभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रखंड के अररुआ खुर्द मिडिल स्कूल के परिसर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। बीडीओ जयप्रकाश नारायण, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, जिला सचिव अजय सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया। इस मौके पर बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने कहा कि स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य लोगों को अपनी स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने को प्रोत्साहित करना है। सरकार का यह बेहतर कदम है। गरीबों के असाध्य रोगों का इलाज भी सरकारी खर्च पर हो रहा है। स्वास्थ्य मेला में शिशु स्वास्थ्य, किशोरी स्वास्थ्य, टीकाकरण, कुष्ठ, टीबी, मातृत्व, मलेरिया, फाइलेरिया, अंधापन, नाक, कान, गला, दांत, आयुष, टीकाकरण, दवा वितरण, सभी तरह की जांच समेत सामान्य रोगों के मरीज का इलाज किया गया। इसके अलावा परिवार नियोजन, आयुष्मान कार्ड तथा संचालन स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गयी। मौके पर सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ। राजेश कुशवाहा, डॉ। अरुण कुमार सिंह, डॉ प्रमोद कुमार वर्मा, डॉ. ओमप्रकाश सिंह, डॉ. सत्यम सौरभ, बीपीएम संजय कुमार सिंह, परामर्शी मो। इस्लाम अंसारी, बीटीटी कृष्ण मुरारी मिश्रा, एमपीडब्ल्यू राजेश कुमार, सोनू कुमार, योग शिक्षक राजीव कुमार, योग शिक्षिका शोभा देवी, महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, ओपीडी संजीत सिंह, रामानुज सिंह, जयप्रकाश, अशोक, अविनाश, ओमप्रकाश, मुकेश समेत कई लोग मौजूद थे।

## सेवा निवृत शिक्षिका का निधन, शोक

**हुसैनाबाद।** पलामू के हैदरनगर के भाई बिगहा निवासी स्व. मोहम्मद हसन उर्फ मुटुर की पत्नी 80 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षिका समशुन निशा का भाई बिगहा स्थित आवास पर गुरुवार की रात निधन हो गया। वह काफी दिनों से बीमार चल रही थीं। शुक्रवार की नमाज के बाद भाई बिगहा स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। शमशुन निशा ने उर्दू प्राथमिक विद्यालय भाई बिगहा में करीब तीस वर्ष सेवा दिया। वह इसी विद्यालय से सेवानिवृत हुई। उनके निधन पर विधायक कमलेश कुमार सिंह, एनसीपी नेता सूर्या सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, बीजेपी नेता प्रभात कुमार सिंह, रविंद्र सिंह, विनोद सिंह, ललन सिंह, मुखिया संतोष कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, शाहनाज परवीन, अबू नसर सिद्दीकी, समाज सेवी डॉ. अजय जायसवाल, सज्जू खान, प्रमोद सिंह के अलावा कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की है।

## किशुनपुर में लगा विशेष पशु चिकित्सा शिविर

**पाटन।** प्रखण्ड के किशुनपुर में विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन डॉ मनीषा कुमारी, मुखिया सुमन गुप्ता, पँचायत समिति सदस्य संतोष उपाध्याय ने संयुक्त रूप से किया। पशु चिकित्सा शिविर में 60 से अधिक पशुओं, गाय, बैल एवं दुधारू पशुओं की टीका दिया गया। वेटनरी डॉ मनीषा ने पशुओ में होने वाली बीमारी, संक्रमण , लम्पि बीमारी की जानकारी दी तथा पशुपालकों को पशु के स्वास्थ्य सबंधित सुरक्षा की जानकारी दी। पशु पालकों ने बताया कि समय पर पशुओ का टीका नही होने प्रतिदिन दर्जनों में प्रत्येक गांव में पशु लम्पि संक्रमित बीमारी से प्रकोप से पीड़ित हो मर रहे है। डॉ मनीषा ने बताया की पर्याप्त मात्रा में टीका उपलब्ध नही होने के कारण टीकाकरण नही हो सका है।

### मनातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

# विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से गरीब असहाय लोगों को फायदा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू।** स्वास्थ्य प्रभारी डॉ. राजीव कुमार एवं मनातू प्रखंड प्रमुख गीता देवी, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, सांसद प्रतिनिधि बिगू साव, नर्स एवं डॉक्टर ने स्टॉल लगाकर रोगियों को जांच कर दवा देने का काम किया। प्रभारी ने बताया कि विभिन्न स्टॉल के माध्यम से गरीब असहाय जैसे लोगों को हम लोगों ने कई तरह की जानकारियां देने का काम कर रहे हैं जिससे लोग लाभान्वित देखने को मिलेंगे। आयुष्मान कार्ड को लेकर स्टॉल के माध्यम से लोगों को घर तक जानकारी देने एवं बनाने का काम




हम लोगों ने किया है । आयुष्मान कार्ड से सभी गरीब एवं सभी वर्ग के लोगों को 5 लाख तक इलाज कराने को सरकार ने नियम कानून बना रखा है। मनातू प्रखंड ऐसे सूत्रवर्ती इलाका मे जानकारी का अभाव होना कहां जाये यह एक दुर्भाग्य के बात है। हम लोगों ने प्रयास किया है कि हर एक नागरिक को कार्ड बन जाए और इसका फायदा उठाएं। मनातू सांसद प्रतिनिधि बेगू साहू ने बताया कि आयुष्मान कार्ड से बड़ी से बड़ी बीमारियों में राहत मिलती है। इसको पूर्ण रूप से सभी घरों में हमने कार्ड बनाने का निर्णय लिया है। जिसे गरीब को इलाज करने में सहूलियत मिल सके । 1 साल में 5 लाख तक इलाज करने का सारा खर्च सरकार को मध्य होता है। मनातू प्रभारी के नेतृत्व में इस स्वास्थ्य मेला का आयोजन पूर्ण रूप से सफल रहा । करीब 500 लोगों ने इसका फायदा उठाया। स्वास्थ्य प्रभारी राजीव कुमार ने कहा कि सही डॉक्टरों की जरूरत है। इस इलाके में आज के ऐसे क्षेत्र में स्वास्थ्य सहिया नर्स काफी मेहनती हैं जो सही दिशा में काम करने के लिए गरीबों को सहयोग करते नजर आते हैं।

## उदय रजक बने धनबाद के नये एसडीएम



**विश्रामपुर।** पूर्व में विश्रामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर कार्यरत बीडीओ उदय रजक अब धनबाद के नए एसडीएम बनाए गए हैं। गौरतलब है की एसडीएम श्री रजक विश्रामपुर प्रखंड विकास कार्यालय में कई महीनो तक प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद रहते हुए कई जनहित कार्यों का कुशलता पूर्वक निष्पादन किया था एसडीएम रजक मूल रूप से झारखंड के चतरा जिला के रहने वाले है। धनबाद के नए एसडीएम बनाए जाने पर विश्रामपुर के सामाजिक कार्यकर्ता सहित आम ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए एसडीएम श्री रजक को बधाई दी है। बधाई देने वालो में बीजेएमसी जिला अध्यक्ष ऋतु राज मिश्रा,कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पाण्डेय,बसपा नेता नईमुदीन अंसारी सहित कई लोगो का नाम शामिल है।

## सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य मेला का होगा आयोजन

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि उन्होंने स्वास्थ्य मेला को सफल बनाने को लेकर प्रखंड और पंचायत कमेटियों को व्यापक प्रचार प्रसार करने व मेला में सहयोग करने की हिदायत दी है। जिससे हुसैनाबाद , हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का अधिक से अधिक लोग लाभ ले सकें। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर 2023 को स्टेट बैंक के पास उच्च विद्यालय के प्रांगण में (मोहमदगंज), 19 सितंबर 2023 को पहाड़ के पास करीमनडीह ग्राम, (हैदरनगर) , 20 सितम्बर को पंचायत सचिवालय हुसैनाबाद प्रखंड के महुडंड में सुबह 10 बजे से स्वास्थ्य शिविर आयोजित है। उन्होंने बताया कि मेला में विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा इलाज किया जायेगा। विधायक ने ग्रामीणों का आह्वान किया है कि वह स्वास्थ्य मेला में पहुंच कर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाएं।

## भाजपा नेता की बाबूलाल मरांडी से शिष्टाचार मुलाकात

**हुसैनाबाद।** झारखंड प्रदेश के भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह ने उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की इस दौरान उन्होंने संगठन के बिस्तार के साथ -साथ आगामी होने वाला संकल्प यात्रा को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा की प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हुसैनाबाद- हरिहरगंज विधानसभा में होने वाला संकल्प यात्रा इस माह के अंत तक होगा। श्री सिंह ने बाबूलाल मरांडी को आश्वस्त किया कि हुसैनाबाद- हरिहरगंज विधानसभा में संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होगा।

## अवैध रूप से कोयला परिवहन करते ट्रक जब्त

**मेदिनीनगर।** अवैध रूप से कोयले का परिवहन करने वाले ट्रक मालिक के खिलाफ जिला खनन पदाधिकारी ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के यहां शुक्रवार को परिवाद दायर कर संज्ञान लेते हुए वाहन मालिक पर कार्रवाई का अनुरोध किया है। डीएमओ ने दायर परिवाद में बताया है कि अवैध खनिजों के परिवहन से सरकार को राजस्व की हानि होती है। बताया गया कि अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर द्वारा 14 सितंबर को क्षेत्र भ्रमण के दौरान रेड़मा चौंक के पास ट्रक संख्या जेएच 02 एएक्स 5541 में 30 टन कोयला ले जाते पकड़ा गया था। जांच के लिए कोयला समेत ट्रक को जप्त करते हुए थाने को सुपूर्द करते हुए जिला खनन पदाधिकारी को इसकी सूचना देते हुए जांच करने का निर्देश दिया गया जिसके उपरांत जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने टीओपी-2 में पहुंच कर जेम्स पोर्टल पर जांच किया तो पाया कि 13 सितंबर को समय 12:39 तक ही वैध है। जिसके बाद कोयले का परिवहन पूर्ण रूप से अवैध है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :– 20/2023–24

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.09.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 27.09.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.09.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Boundary wall of Kartik Oraon Library under Manika Block in Latehar District. | 24,97,637/- | 50000/- | 5000/- | 02 (Two) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें।

PR 307044 Building (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल,चतरा**

ई– अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा संख्या– 03/RI/2023-24/RWD/CHATRA दिनांक– 15.09.2023

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/ 2023-24/04 | कान्हाचट्टी | राजपुर | डंगराडीह | प्राथमिक विद्यालय से बीरबल तिवारी के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य। (ल.–0.570 कि.मी.) | 3027200.00 | तीस लाख सताईस हजार दो सौ मात्र | 03 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/ CHATRA/ 2023-24/09 | कान्हाचट्टी | मदगड़ा | बिंधानी | अम्बातरी जगदेव भुईयाँ के घर से नदी घाट तक पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य। (ल.–0.450 कि.मी.) | 2601300.00 | छब्बीस लाख एक हजार तीन सौ मात्र | 03 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि :– 23.09.2023
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 03.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (1) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (2) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा एवं (3) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं संमय :– 04.10.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 05.10.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
7. ई–पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 8084225903
8. ई–पुनर्निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउन्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट् के रूप में कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के पक्ष में एवं चतरा में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।"
9. UCAN Registration की Photocopy Upload करना अनिवार्य है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 307068 Rural Work Department(23-24).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, रॉंची**

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–18/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सॅंख्या–1,रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.09.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 23.09.2023 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23.09.2023 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, रॉंची, अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, रॉंची एवं नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundary wall PCC Approved Road, Paver in the Campus 100 Bedded, ITI Hostel at Bundu Ranchi | 3618700.00 | 72400.00 | 5000.00 | Three Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, रॉंची

PR 307053 Building(23-24)#D

**झारखंड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल,गुमला**

ई– निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 05/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक :– 14.09.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लम्बाई कि0मी0 | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| RWD/W/EE/ GUMLA/10/ 2023-24 (GUM/SR-05) | गुमला सदर | 1 | धनगॉंव से पंडरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 5.025 | 1116.034 | ग्यारह करोड सोलह लाख तीन हजार चार सौ रू0 मात्र। | 09 माह |
| | गुमला सदर | 2 | कसिरा मोड़ से पटिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 2.200 | | | |
| | गुमला सदर | 3 | एरोड्राम से घोधरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 1.500 | | | |
| | गुमला सदर | 4 | एरोड्राम से घोधरा पार्ट–बी0 तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 1.050 | | | |
| | गुमला सदर | 5 | चेटर से चाहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 2.100 | | | |
| | गुमला सदर | 6 | पंसो से लुटो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 3.400 | | | |
| | गुमला सदर | 7 | स्टेट हाईवे से छोटा लाओरो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 2.550 | | | |
| | | | कुल= | 17.825 | 1116.034 | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 20.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 05.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉंची (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची एवं (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 06.10.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉंची को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (06.10.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 07.10.2023 अपराह्न 3.00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य, विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पिन– 835207
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8292435100.
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वार निर्गत बैंक ड्रापट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **गुमला** के पक्ष में एवं गुमला में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 307039 Rural Work Department(23-24).D

NEWS इन ब्रीफ

## ओपी प्रभारी ने ग्रामीणों के विवाद को सुलझाया



**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के कशमार ओपी अंतर्गत पसर गांव में दशगात्र स्थल के पास पेड़ पौधा लगाने को लेकर गांव के ग्रामीणों के बीच शुक्रवार की सुबह करीब 9:00 बजे विवाद होने लगा। मामला इतना बढ़ गया कि लोग एक दूसरे को मारने पीटने पर उतारू हो गए। इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी कशमार ओपी प्रभारी मंटू कुमार सिंह को दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही ओपी प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को एकजुट किये और उन्हें समझा बुझा कर मामले को शांत कराया। यदि समय पर ओपी प्रभारी मंटू कुमार सिंह नहीं पहुंचते तो गांव वाले आपस में झगड़ा कर घायल हो सकते थे, और मामला काफी बढ़ सकता था। मामला सुलझ जाने के बाद ग्रामीणों ने ओपी प्रभारी को धन्यवाद दिया। बताते चले की इसके पहले भी मंटू कुमार सिंह के द्वारा अपने थाना क्षेत्र में कई मामलों को सुलझा कर लोगों को आपस में मिलाने का काम किया गया है।

## सिंगरा रेलवे अन्डर पास जानलेवा : सतीश

**मेदिनीनगर।**आजसू पार्टी के नेता सतीश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि नगर निगम के वार्ड संख्या एक मे बड़ी आवादी रहती है। पुर्व मे रेलवे गेट था। गाड़ी के आवाजाही मे गेट बन्द रहता था जो सुरक्षित था। अब गेट को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लगभग 200 बच्चे यहाँ से स्कूल आते जाते है। अन्डर पास में पानी भरा हुआ है, निकलने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। अबिलंम्ब प्रशासन पानी निकासी की व्यवस्था करे। नही तो सिंगरा वाशी आन्दोलन को वाध्य होंगे। रेलवे ट्रेक को जाम भी किया जाएगा। प्रशासन से मांग करते है कि समय रहते उक्त मामले पर संज्ञान ले ताकि बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

## जहरीला पदार्थ खाने से विवाहिता की हालत बिगड़ी

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 18 के कोशियार में एक 18 वर्षीय विवाहिता महिला की घर में रखे जहरीला पदार्थ खाने से उसकी स्थिति गंभीर हो गई है।जिसे परिजन आनन फानन में सीएचसी विश्रामपुर में लाकर भर्ती करवाया, जहां चिकित्सक ने महिला की प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। वही विवाहिता महिला की पहचान कोशियार निवासी अठारह वर्षीय गुलशन खातून के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार,महिला की शादी पिछले साल ही हुई थी।

### उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

## महिला ने बच्ची के दिल में छेद के इलाज के लिए मांगी मदद

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। जनता दरबार में आई समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में उंटारी रोड से आये प्रमोद कुमार चौधरी ने अपने आवेदन के माध्यम से उपायुक्त को बताया कि मनरेगा अंतर्गत कूप निर्माण का कार्य पूरा करा दिया गया है किंतु अभी तक मजदूरों कई मजदूरी का भुगतान नही किया गया। चैनपुर से आयी रूबी देवी ने अपनी बच्ची के दिल में हुये छेद के इलाज के लिए मदद हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत किया। वही पाटन के रामसूरत मोची ने पशुशेड का पैसा मुखिया के द्वारा निकलाकर नहीं देने संबंधित अपना आवेदन डीसी को दिया। चैनपुर से आये अंश कुमार सिंह ने अपने जमीन पर हो रहे अवैध कब्जा और मकान निर्माण कार्य को रोकने संबंधित अपना आवेदन उपायुक्त को सौपा। उपरोक्त के अलावे आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये ।

## खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी की जांच में पीडीएस दुकान मिली बंद

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के सखुई गांव में पीडीएस डीलर द्वारा राशन नहीं देने की सूचना मिलने पर जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी प्रिटी किस्कू और जिला परिषद संग्राम सिंह शुक्रवार को पाटन के सखुई गांव पहुंच कर पीडीएस दुकानदार प्रेम कुमार की पीडीएस दूकान की जांच किये। जांच में पीडीएस डीलर की दुकान बंद पायी गयी। आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि डीलर के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि चावल दिवश पर दुकान बंद रहना घोर लापरवाही दर्शाता है। मौके पर पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह उपस्थित थे। जिला परिषद ने कहा कि केल्हार पंचायत के राशन कार्ड धारियों ने हमेसा शिकायत किया की अगस्त माह का राशन नही मिल रहा है। जबकी डीलर प्रेम कुमार को अगस्त माह का 15 जुलाई को लगभग 90 किवंटल दे दिया गया है। जिला परिषद ने कहा की डीलर का चावल पूरी तरह बिक गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने कहा कि डीलर के विरुद्ध कार्रवाई निश्चित होगी।

## पावर ट्रांसफार्मर जलने की वजह से कम बिजली सप्लाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में बिजली सप्लाई कम होने का कारण बताते हुये पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष परशुराम ओझा ने बताया कि पावर ट्रांसफार्मर जल गया है । तीन पावर ट्रांसफार्मर था, जिसमें 5 एम भी ए पावर ट्रांसफार्मर तीन साल से जला हुआ है। दूसरा 9 तारीख को 10 एम भी ए पावर ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। तीसरा 10 एम भी ए ट्रांसफार्मर बचा हुआ है, उसी से 5 फीडर को सप्लाई किया जा रहा है। कानी हाउस फीडर, हमीदगंजफीडर, बाजार फीडर, इंडस्ट्री फीडर, हॉस्पिटल फीडर सभी जगह एक ट्रांसफार्मर से लोड सेटिंग करके दिया जा रहा है। 3 साल से ट्रांसफर जला हुआ है लेकिन सरकार और विभाग को ध्यान नहीं है। जनता के दबाव से ट्रांसफर पर लोड देखकर विद्युत सप्लाई करना करना पड़ता है। जिसके कारण ट्रांसफार्मर जल रहा है। यहां मुख्यालय में बिजली विभाग के जीएम, एसी सभी पदाधिकारी रहते हैं। नगर निगम क्षेत्र में 10 दिन से लोग बिजली के लिए झेल रहे हैं। सुदना सब स्टेशन में एक पावर ट्रांसफार्मर 5 एम भी ए का पहुंच चुका है, दूसरा आज आने वाला है। इसके बाद भी चार-पांच दिन बिजली सप्लाई में दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। इसका कारण है कि ट्रांसफार्मर सब स्टेशन में ले जाने के लिए रोड नहीं रहने के कारण ट्रांसफार्मर को खोलकर अलग-अलग करके सब स्टेशन में लाया गया है। बिजली विभाग के पदाधिकारी ने कहा कि रोड खराब रहने के कारण बहुत दिक्कत हो रही है। इस बारे में उन्होंने पलामू जिला के सांसद को भी चार दिन पहले ही जेल के बगल के रोड के बारे में जानकारी दी है।


### पाटन अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, पकड़ी अनियमितता

## राजस्व कार्य से वंचित होंगे पाटन सीओ : आयुक्त

**अंचल कार्यालय की पंजियां विधिवत संधारित नहीं हैं**

**अंचल पदाधिकारी का अपने ही स्टॉफ पर नियंत्रण नहीं है**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिले के पाटन अंचल कार्यालय की स्थिति अत्यंत खराब है । अंचल कार्यालय की पंजिया विधिवत संधारित नहीं है। अंचल पदाधिकारी का अपने ही स्टॉफ पर नियंत्रण नहीं है। राजस्व सम्बन्धी कार्यों में मनमानी की जा रही है। ऑनलाइन म्यूटेशन कार्यों की स्थिति भयावह है। अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर सीओ काम कर रहे हैं। यह खुलासा शुक्रवार को पलामू के आयुक्त मनोज जायसवाल द्वारा पाटन अंचल कार्यालय का किये गये निरीक्षण के बाद हुआ है। हालत इतनी खराब है की आयुक्त श्री जायसवाल ने सीओ को राजस्व कार्य से तत्काल वंचित करने का निर्देश उपायुक्त को दिया है। कहा है कि अगर वर्तमान सीओ से राजस्व सम्बन्धी कार्य कराया गया तो स्थिति अराजक हो सकती है। जानकारी देते हुए आयुक्त श्री जायसवाल ने बताया है कि ग्रामीणों द्वारा पाटन अंचल में राजस्व के कार्यों में मनमानी किये जाने की काफी शिकायतें मिल रही थी। इसे देखते हुए आज अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया तो पाया कि अंचल अधिकारी का कार्यालय कर्मियों पर नियंत्रण नहीं है। दाखिल खारिज से संबंधित मामलों की जांच की गई तो पाया गया कि ऑनलाइन म्यूटेशन के 8534 में 3195 आवेदन वैध कारण नहीं होने के बावजूद निरस्त कर दिया गया है। आयुक्त ने सभी सरकारी पोर्टल के संबंध में जिले के सभी अंचल अधिकारियों एवं संबंधित कम्प्यूटर ऑपरेटर के लिए कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण देने का निदेश पलामू उपायुक्त को दिया है, ताकि सरकारी कार्यों का तत्परता से निष्पादन हो और इससे संबंधित लाभुकों को ससमय लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने अपर समाहर्ता, पलामू को पाटन अंचल कार्यालय से संबंधित नीलाम पत्र वादों एवं अतिक्रमणवादों की समीक्षा कर अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया। आयुक्त ने पाटन अंचल के सीआई उमेश्वर यादव को पंडवा में प्रतिनियुक्ति किए जाने को लेकर उनसे कार्य अवधि में कम- से-कम तीन दिन सप्ताहिक पाटन अंचल का कार्य निष्पादित कराने एवं अन्य शेष दिन पंडवा में संबंधित कार्य निष्पादित कराने का निदेश दिया। आयुक्त ने अंचल कार्यालय के फील्ड स्टॉफ सहित सभी कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने का सख्त निदेश दिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कार्यालय के विभिन्न पंजियों और कर्मियों के कार्य आवंटन की भी जांच की। अंचल कार्यालय में विभिन्न कार्यों को कराने पहुंचे आमलोगों से आयुक्त ने सीधा संवाद किया, उनकी समस्याओं को जाना और उसे तत्काल निराकरण का निदेश दिया।निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू भी थे।

### विश्वकर्मा पूजा कल, तैयारी पूरी

## प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सृजन और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाने को लेकर पलामू जिले में सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। सृजन के आदि देव भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना के लिए जगह-जगह प्रतिमा स्थापित करने और पूजा करने की तैयारी में लोग जुट गए हैं। विशेषकर प्लाई मिल, आटा चक्की मिल, गैराज, मोबाइल सेंटर, हार्डवेयर, वाहन शोरूम समेत छोटे-बड़े व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा की पूजा के लिए लोग तैयारियों में जुटे हुए है। मूर्तिकार विश्व शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति को आधुनिक साज सज्जा के साथ अंतिम रूप देने में जोर-शोर से लगे हुए हैं। मूर्तिकार राजकुमार ने बताया कि विश्वकर्मा की प्रतिमा चुनिंदा मूर्तिकार ही बनाते हैं। इसलिए इसे आर्डर पर बना रहे हैं। मूर्ति बनाने में उपयोगी मिट्टी, रंग, सहित अन्य सामग्रियों के दाम बढ़ने से प्रतिमा की कीमत पर भी असर पड़ा है। इधर, पूजा को लेकर फूल, माला, झालर व अन्य सजावट के सामानों की दर्जनों छोटी-बड़ी दुकानें सज गई हैं। जहां दुकानों पर ग्राहको की भीड़ उमड़ पड़े हैं। वहीं बिजली मिस्त्री चंदन कुमार ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा विश्व शिल्पी के रूप में जाने जाते हैं। इसलिए इनकी जयंती को विद्युत विभाग सहित निर्माण से जुड़े लोग धूमधाम से मनाते हैं। वहीं हार्डवेयर दुकान के मालिक सोनू कुमार ने बताया कि शिल्प शास्त्र के देवता भगवान विश्वकर्मा को शिल्पकार माना गया है । प्रतिवर्ष कन्या संक्रांति के दिन विश्वकर्मा की पूजा की जाती है । इस दिन सभी कारखानों , मोटर गैरेज, सभी सर्विस सेंटर आदि स्थानों पर विशेष पूजा की जाती है। मेदिनीनगर में विश्वकर्मा पूजा को लेकर तैयारी जोरों पर है। छोटे-बड़े दुकान, गैरेज विश्वकर्मा मंदिर में पूजा को लेकर साफ-सफाई एवं रंग रोगन जारी है। कई स्थानों पर प्रतिमा स्थापित किए जाने को लेकर पंडाल का निर्माण किया जा रहा है।

## महुडंड पीकेट प्रभारी को दी भावभीनी विदाई

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पैक्स संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने महुदंड ओपी प्रभारी टीपी रजक को भावभीनी विदाई दी गई।आयोजित इस विदाई समारोह में शामिल होकर उन्हें शॉल ,संविधान की पुस्तक और संत गाडगे महाराज की कैलेंडर भेट कर सम्मानित किया। मौके पर कृष्णा बैठा ने कहा कि हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती इलाका महुदंड में स्थापित पिकेट पर टीपी रजक प्रभारी के रूप में इनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है। इस क्षेत्र के सभी लोग इनके कुशल व्यवहार से क्षेत्र के लोग काफी खुश रहते थे । इनका स्थानांतरण होने से क्षेत्रवासी मायूस हो गए है।क्योंकि इन्होंने छोटी मोटी समस्याओं को ग्रामीण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ बैठकर समाधान कर देते थे।पिकेट को भी अच्छी तरह सजाया है। मौके पर विदाई समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया विजय प्रसाद यादव ,पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिनेश्वर ठाकुर ,समाजसेवी विनय परहिया ,बीरबल परहिया, अर्जुन यादव ,उदय प्रकाश ,नागेंद्र भारती ,संतोष यादव ,दिनेश कुमार सहित कई गणमान्यलोग मौजूद थे।

### डीसी ने की जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक, कहा

## नियमित क्षेत्र भ्रमण कर कार्य प्रगति की समीक्षा करें पदाधिकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक हुईं। बैठक में उपायुक्त ने जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत जिला योजना कार्यकारिणी समिति द्वारा पूर्व में स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्य प्रगति की समीक्षा करने एवं ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आवश्यकतानुसार विद्यालयों व सरकारी कार्यालयों तक पहुंच पथ हेतु पीसीसी निर्माण कराने के निर्देश दिये। इसके अलावे उपायुक्त ने डीपीओ को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए दो एम्बुलेंस जिसमें एक एम्बुलेंस विशेष रूप से ईएनटी के लिये रहे का क्रय करने की बात कही और पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा के आलोक में पांच हाई मास्क लाइट की खरीदी करने के निर्देश दिये।वहीं मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केज का क्रय करने की बात कही। जलाशय में सिंचाई हेतु लिफ्ट इरिगेशन के विषय पर भी चर्चा करने के उपरांत आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद,वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ल, जिला योजना पदाधिकारी कुमार अविनाश, मत्स्य पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता ,सहायक अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे।

## मोबाइल की रोशनी में प्रैक्टिकल परीक्षा, छात्र परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज (जीएलए) के जूलॉजी विभाग में बुधवार को आयोजित प्रैक्टिकल परीक्षा में विद्यार्थी या तो क्लास के बाहर या मोबाइल की रोशनी में परीक्षा देने को विवश रहे। क्योंकि, वहां बिजली की उचित व्यवस्था तक नहीं है।मामले में छात्र संगठन वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के विकास यादव ने कहा कि जीएलए कॉलेज में बिजली तक की उचित व्यवस्था नहीं है। विद्यार्थी अपने फोन के सहारे परीक्षा देने को विवश हैं। यह बेहद शर्मनाक है।जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन पूर्णतः गैर जिम्मेदारी से काम कर रहा है। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा कि प्रमंडल के इतने बड़े महाविद्यालय की स्थिति ऐसी है कि यहां बिजली जैसे आधारभूत सुविधा पूर्णतः नहीं है।जिला उपाध्यक्ष कृष्ण यादव ने कहा कि विद्यार्थियों की परेशानी से महाविद्यालय और विश्वविद्यालय को कोई फर्क नहीं पड़ता है। वे सब जान-बूझ कर इसे अनदेखा करते हैं। विकास मौर्य ने कहा कि ऐसी स्थिति में विभाग के शिक्षक और प्राचार्य को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए लेकिन यह सब बातें यहां के लिए आम हो गई हैं।वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के पदाधिकारियों ने जब वहां के शिक्षक से बात की गई तो उनके पास भी कोई सही जवाब नहीं था। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के साथ हम भी इस भीषण गर्मी में समस्याओं का सामना हम भी कर रहे हैं। प्राचार्य से बात की गई तो उन्होंने तत्काल उस कक्षा में बिजली की व्यवस्था की। स्टूडेंट्स फेड रेशन ने महाविद्यालय प्रशासन से मांग किया कि सर्वप्रथम कॉलेज की मूलभूत सुविधाओं में सुधार करें। यदि इस पर त्वरित कार्रवाई नहीं होती है तो संगठन आंदोलन करने के लिए तैयार है।

**वन्य जीव** | भिन्न-भिन्न घरों में मुर्गियों के साथ पाये गये

## 15 मोर के बच्चों को पीटीआर में सुरक्षित बचाया गया

**मोर के बच्चे को खाने में दीमक, मकई का दर्रा और गेहूं का दर्रा दिया जा रहा है**

**स्वीटी वर्मा**



**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल में पिछले कुछ दिनों में 15 मोर के बच्चे को सुरक्षित बचा लिया गया है। यह 15 मोर के बच्चे भिन्न-भिन्न घरों में मुर्गियों के साथ पाए गए थे। ये मोर के बच्चे नेतरहाट,रूद्र विजयपुर, कोटाम मारोमार गांवों में मिले। ये मोर के बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ है और उन्हें एक बर्ड रेस्क्यू सेंटर जो गारू में बनाया गया है,वहां रखा गया है। इन 15 बचाए गए मोर के बच्चे को खाने में दीमक, मकई का दर्रा और गेहूं का दर्रा दिया जा रहा है। उपनिदेशक दक्षिणी प्रमंडल पलामू टाइगर रिजर्व के कुमार आशीष ने बताया कि यह 15 मोर के बच्चे उसे समय देखें और बचाए गए जब यह मुर्गी और उसके बच्चे के साथ घर के आंगन में खेल रहे थे। उन्होंने बताया जिन घरों में से यह मोर के बच्चे पाए गए हैं, वह गरीब हैं। लेकिन फिर भी अपने मुर्गी के बच्चों को जितनी देखभाल कर सकते हैं। उससे कई ज्यादा मोर के बच्चे को देखभाल करते पाए गए। कुमार आशीष ने कहा कोई भी व्यक्ति वन्य प्राणी अधिनियम के तहत मोर या उसके बच्चे या किसी भी वन्य प्राणी को पाल नहीं सकता है। यह गैरकानूनी है। ऐसे परिवारों को वन्य विभाग कुछ रुपए दे कर तब मोर के बच्चे ले रहा है। गारू पूर्वी के रेंजर उमेश दुबे ने कहा मोर के बच्चों को हम लोग एक बर्ड रेस्क्यू सेंटर में बहुत अच्छे से रखे है। वह सांप से और दूसरे कीड़े मकोड़े से भी सुरक्षित हैं। उनकी ट्रैकर से दिन रात निगरानी रखती है। बर्ड रेस्क्यू सेंटर के बारे में कुमार आशीष ने कहा कि हमने इस समय बरामद किए गए 15 मोर के बच्चों को रखा है। ये अगले 1 महीने तक इसी सुरक्षित स्थान पर रहेंगे। जब यह बड़े हो जाएंगे तो हम इन्हें जंगल में प्रकृति रूप से रहने के लिए छोड़ देंगे।

### नवनियुक्त कार्यपालक पदाधिकारी ने की बैठक

## निवर्तमान वार्ड पार्षदों से किया परिचय



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद कार्यालय के सभागार में नव न्युक्त कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन की अध्यक्षता में परिचत्मक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर परिषद क्षेत्र के सभी बीस वार्डो के पार्षदों से कार्यपालक ने उनसे उनका परिचय जाना।साथ ही वार्ड में हो रही जन समस्याओं की भी जानकारी ली। वहीं परिचात्मक समारोह के उपरांत सभी वार्ड पार्षदों ने नव नयुक्त कार्यपालक पदाधिकारी को बारी बारी से पुष्प गुच्छ व बुके देकर समानित करते हुए उन्हें शुभकामना दी। इधर सम्मान से अभिभूत हुए कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने सभी पार्षदो का धन्यवाद किया। साथ ही विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के विकास में सहयोग की अपेक्षा भी की। मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी,विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पाण्डेय,नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम,प्रभात कुमार, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र कुमार सिंह,कनीय अभियंता मुकेश कुमार,अजीत टुडू, समाजसेवी विजय रवि ,दीपक कुमार,ज्वाला गुप्ता, वार्ड पार्षद देवनाथ यादव, अजय रवी, सलीमुदिन अंसारी, सुनील चौधरी, संतोष राम, किरण देवी, पूनम देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# जमशेदपुर ने चाईबासा को 2-1 से दी शिकस्त



**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**
झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित झारखण्ड राज्य अंतरजिला फुटबॉल प्रतियोगिता का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच जमशेदपुर बनाम चाईबासा जिला की टीम के बीच खेला गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत स्थानीय परियोजना 10+2 उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित उक्त मैच में जमशेदपुर की टीम ने चाइबासा की टीम को 2-1 गोल से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया।

मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार जमशेदपुर के खिलाड़ी रंजीत मार्डी को ट्रॉफी व 1000 रूपए नगद मुख्य अतिथियों द्वारा देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में दोनों टीम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मध्यांतर के पूर्व तक दोनों टीम एक- एक गोल की बराबरी पर रहीं। बाद में जमशेदपुर की टीम ने कड़े मुकाबले के बीच 2-1 गोल से जीत दर्ज कर ली। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में बड़गड़ बीडीओ विपिन कुमार भारती, जेएमएम के केंद्रीय सदस्य जय प्रकाश मिंज, सिप्रियन केरकेट्टा, शिक्षा विभाग के ओमप्रकाश, सुशिल सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे । इसके पूर्व खेल की शुरूआत मुख्य अथिति द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। वहीं मध्यांतर के बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर खिलाड़ियों व आगत अथितियों का स्वागत किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में जिला खेल असोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ ही सरूअत हिल स्पोर्ट्स एसोसिएशन समूह के संदीप गुप्ता, रविरंजन तिर्की, सूपिन केरकेट्टा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

साथ ही विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्रोपदी मिंज सहित अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे ब्रह्मदेव सिंह, मुखिया जंगलपति लकड़ा, दिनेश लकड़ा, देवानंद कुमार, अर्जुन मिंज, अमानत अंसारी, नेपाल प्रसाद आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अंतर जिला फुटबॉल : गिरिडीह बनाम धनबाद मुकाबले में बारिश बनी बाधा

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
प्रखंड मुख्यालय के चिरका के आईटीआई के मैदान में झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल मैच का आयोजन दूसरे दिन किया गया जिसमें गिरिडीह जिला एवं धनबाद जिले के बीच मैच खेला गया। हालांकि पहले हाफ के बाद जोरदार बारिश होने के कारण मैच स्थगित कर दिया गया।

पहले हाफ में 45 मिनट के खेल में दोनों टीम 0-0 रही। इससे पहले मैच का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि गढ़वा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने किया। बाद में पहुंचे मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि मेरे प्रयास से गढ़वा जिला अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। गढ़वा के सेवक होने के नाते हमने प्रयास किया जो गढ़वा के सभी प्रखंडों में यह मैच खेले जा रहे हैं। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, मोहम्मद फरीद, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा, सीओ निशात अंजुम, जिला परिषद उपाध्यक्ष सतनारायण यादव, मनोज ठाकुर सहित सैकड़ों दर्शक एवं खिलाड़ी मौजूद थे।



## खरौंधी में भीषण मोटरसाइकिल दुर्घटना, एक की मौत; कई घायल

# हादसे में महिला की मौत, शव रख किया रोड जाम



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
खरौंधी थाना क्षेत्र में गुरुवार को शाम 7 बजे भारतीनगर में हुई भीषण मोटरसाइकिल दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक सहित पांच लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। दुर्घटना में जख्मी भारती नगर निवासी 50 वर्षीय वृद्धा कलपाती देवी, 55 वर्षीय वृद्धा कुमारी देवी व युवक चंदु राम का नाम शामिल हैं, जबकि मोटरसाइकिल सवार जख्मी युवकों में बरडीहा निवासी पप्पू पासवान व खरौंधी के नावाडीह निवासी जसवंत पासवान का नाम शामिल है। सभी घायलों का इलाज खरौंधी के निजी क्लीनिक में किया जा गया जहां बुरी तरह से जख्मी 50 वर्षीय कलपाती देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए हाइ सेंटर रेफर किया गया है। कलपति देवी का दोनों पैर टूट गया है। घटना के विषय में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार युवक भवनाथपुर से खरौंधी आ रहे थे, खरौंधी में डोमनी नदी पुल पार होने के तुरंत बाद मोड़ के साथ हल्की चढ़ाई पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे बैठे दो महिलाएं व एक युवक को रौंद दिया। इस दौरान मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक भी बुरी तरह जख्मी हो गए। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची खरौंधी थाना पुलिस ने निजी चिकित्सालय जहां घायल इलाजरत थे, पहुंचकर घटना के संबंध में आवश्यक पूछताछ की और प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बेहतर इलाज के लिए हाईएस्ट सेंटर भेजने में मदद की। इधर गढ़वा पहुंचने के बाद अस्पताल में भर्ती होने के उपरांत ही कलापति देवी को डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। मृत कलापति देवी का शव घर पहुचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। उधर जनप्रतिनिधियों ने मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को सात्वना दिया एवं प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की।

वहीं थाना क्षेत्र के खरौंधी भारतीनगर में मोटरसाइकिल की चपेट में आने से मृतक महिला के पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर बुधवार की दोपहर एक बजे अक्रोशित स्वजन, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणों ने घटना स्थल पर खरौंधी भवनाथपुर मुख्य सड़क पर धरना पर बैठ गए, जिससे खरौंधी भवनाथपुर मुख्य पथ जाम हो गया। धरना पर बैठे लोगो ने मोटरसाइकिल चालक यशवंत पासवान पर कार्रवाई की मांग करने लगे। साथ ही तीखे मोड़ पर जल्द ब्रेकर बनाने की मांग किया। सड़क पर ब्रेकर नही रहने से तेज रफ्तार में वाहन लोग चलाते है, जिससे हमेशा दुर्घटना घटित होने का डर बना रहता है। इसलिए अविलंब यहां ब्रेकर बनवाया जाए। वहीं घटना स्थल पर पहुंचे बीडीओ गणेश महतो तथा थाना प्रभारी अभय कुमार के कार्रवाई के आश्वासन पर जाम हटाया गया। लगभग एक घंटा के बाद मुख्य सड़क को जाम मुक्त किया जा सका। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, मुखिया पति कृष्णा साह, पूर्व मुखिया उपेंद्र भारती, श्याम सुंदर राम, अनुज राम, राजेंद्र राम, संजय राम, शंकर राम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। बीडीओ गणेश महतो ने कहा घटना दुखद है। स्वजन को सड़क दुर्घटना वाली मुवावजा जल्द दिलवाया जायेगा। वहीं थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया दुर्घटना की सूचना पर घटना स्थल पहुंचकर पूछताछ करते हुए मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना ले गए। ग्रामीणों ने चालक पर कार्रवाई की मांग की है। जांच कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त

### ‘जिप सदस्य, उपप्रमुख का बयान बचकाना’

**भवनाथपुर।** भारत पेट्रोलियम के प्रोपराइटर शिव पूजन यादव ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि खरौंधी के जिप सदस्य धर्मराज पासवान, उप प्रमुख देवदत प्रसाद आर्य व सासंद प्रतिनिधि रामखेलावन राम का एक दैनिक में प्रकाशित बयान बिल्कुल बचकाना हरकत प्रतीत होता है। एक जनप्रतिनिधि को जनहित में नियम संगत कार्य व सलाह लोंगो को देना है न की जनता को गलत कार्य करने के लिए उकसाना होता है। उन लोगों को जानकारी होना चाहिये कि पेट्रोलियम पदार्थ को खरीद बिक्री करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा लाइसेंस लेना होता है, जिस तरह से खरौंधी व केतार में यूपी से लाकर पेट्रोल डीजल अवैध रूप से बेचना सरासर गैर कानूनी है। भवनाथपुर में दो पेट्रोल पम्प का लाइसेंस मेरे पास है जिसमें बिक्री कम होने पर जानकारी प्राप्त हुई कि यूपी से प्रति दिन दो से तीन हजार लीटर डीजल पेट्रोल ला कर अवैध रूप से विक्री की जा रही है। मेरे द्वारा उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक के पास लिखित शिकायत के बाद करवाई की जा रही है और जब तक खरौंधी व केतार में पेट्रोल पम्प दूसरा नही खोला जाता तब तक वह क्षेत्र भी मेरे अधीन ही आता है। ऐसे में ऐसा प्रतीत होता है कि इस अवैध कारोबारियों से जनप्रतिनिधियो की भी संलिप्ता है।

### मेले में मरीजों की जांच कर दवा का वितरण

**केतार।** केतार पंचायत सचिवालय के प्रांगण में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ मुकेश मछुआ, प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रंजन कुमार दास, केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान टीबी के 25 मरीज, नेत्र के 50, मलेरिया 27, कुष्ठ जांच 20 मरीजों ने जांच करा कर दवा ली। इस मौके पर डॉ अभिजीत विश्वास, आयुष चिकित्सक डॉ अविनाश कुमार, लेखापाल प्रदीप पाठक, बीटीटी अनुज कुमार, एमपीडब्ल्यू मनोज पाठक, एएनएम सुलेखा कुमारी, पबिता कुमारी बबिता कुमारी, सीएचओं ललशा कुमारी, राधा रितू, सोनी कुमारी आदि मौजूद थे।

### रंका में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित

**रंका।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, अंचलाधिकारी शंभू राम, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी, डॉ कुलदेव चौधरी, डॉ गोरखनाथ पांडेय व प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुधीर कुमार द्वारा किया गया। सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह भी रंका पहुंचे और उन्होंने स्वास्थ्य मेला में लगाए गए सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। मेले 260 मरीजों की जांच की गई तथा 30 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। साथ मेले में सभी को निशुल्क दवाओं का भी वितरण किया गया।

### स्वास्थ्य मेले में 519 मरीजों की जांच की गई

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला में 519 मरीजों की जांच, परामर्श व निशुल्क दवा उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य मेला का उदघाटन प्रखंड प्रमुउख उर्मिला देवी, जिप सदस्य बाला रानी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, विभूति भूषण चौबे व अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोखुल प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। स्वास्थ्य मेला में कुल 11 स्टॉल लगाये गये थे। सभी स्टॉल पर जांच, उचित परामर्श के साथ साथ निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। स्वास्थ्य मेला में आयुष्मान कार्ड भी बनाया जा रहा था। स्वास्थ्य मेला में डॉ अनुपमा, डॉ कैसर आलम, नेत्र सहायक नागेश्वर प्रसाद सिंह, प्रखंड कार्यक्रम प्रबन्धक करुणा कुमारी, अशफाक अहमद, राजेश कुमार सिन्हा, सुषमा कुमारी, लिपिक विपेश राज तमांग, नीलम लता, ममता कुमारी, प्रशांत तिवारी, दिलीप कुमार, संजय यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

### मोटरसाइकिल पलटने से एक व्यक्ति घायल

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर केतार मुख्य मार्ग पर मुसकैनी पहाड़ के समीप मोपेड बाइक अनियंत्रिक होकर पलटने से विशुनपुरा निवासी उमेश राम चंद्रवंशी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलावस्था में पुलिस द्वारा भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां ड्यूटी पर तैनात सीएचो कमल सैनी द्वारा उपचार किया जा रहा था।

### अधूरे आवास को पूर्ण कराने को बैठक आज

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में चलो करें आवास पुरा अभियान के तहत शनिवार को बैठक बुलाई है। उक्त बैठक में बीडीओ ने प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य और प्रखंड कर्मी को आमंत्रित किया है। उक्त बैठक प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में 12 बजे से होगी। बीडीओ मुकेश मछुआ ने बताया कि 16 सितंबर से 10 अक्टूबर तक अधूरे आवास को पूर्ण कराना है। इसी को लेकर बैठक की जायेगी।

### केतार गोदाम से डीलरों को राशन वितरण शुरू

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ के निर्देश पर गोदाम प्रबंधक राजीव कुमार के द्वारा शुक्रवार को प्रखंड के राशन डीलरों के बीच राशन वितरण शुरू किया गया। गोदाम प्रबंधक राजीव कुमार ने बताया कि अगस्त माह में राशन का उठाव करने से वंचित आठ डीलरों को राशन दिया जा रहा है, जबकि सितंबर माह का राशन सभी डीलरों को दिया जायेगा। लेकिन गेहूं का उठाव भवनाथपुर गोदाम से ही करना होगा। इस मौके डीलर नागेंद्र ठाकुर, मेराजुद्दीन अंसारी, चंदन पासवान, विरेंद्र पासवान, महेंद्र पासवान ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पहले हमलोगों को राशन भवनाथपुर गोदाम से मिलता था जिससे हमलोग को समय के साथ अधिक राशि खर्च वहन करना पड़ता था। लेकिन अब केतार गोदाम से राशन मिलने से हम लोगों का समय की बचत होगी। बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा की खुशी की बात है कि केतार गोदाम से राशन वितरण शुरू हुआ है। इससे स्थानीय डीलरों को सहुलियत होगी वहीं मजदूरों को रोजगार भी उपलब्ध होगा। इस मौके पर केतार मुखिया प्रमोद कुमार, पूर्व गोदाम प्रबंधक शिव कुमार यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मांगना और मरना दोनों समान हैं : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता।**
**श्री बंशीधर नगर**
मांगना और मरना दोनों समान हैं, बल्कि मांगने से मरना भला। याचना करनेसे त्रिलोकीनाथ भगवान को भी छोटा होना पड़ा, तब दूसरोंके लिये कहना ही क्या? हाथ के ऊपर हाथ करो, पर हाथ के नीचे हाथ न करो। जिस दिन दूसरोंके आगे हाथ फैलानेकी नौबत आवे, उस दिन मरण हो जाय तो अच्छा। स्त्री-पुत्रोंके पालन-पोषणकी चिन्तामें मनुष्यकी सारी आयु बीत जाती है; पर परमात्माके भजनमें उसका मन नहीं लगता। स्त्री-माया ही संसार - वृक्षका बीज है। शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्धउसके पत्ते काम-क्रोधादि उसकी डालियाँ, पुत्र कन्या प्रभृति उसके फल हैं और तृष्णारूपी जलसे यह संसार वृक्ष बढ़ता है। लोह और काठकी बेड़ियोंसे चाहे कभी छुटकारा हो जाय, पर स्त्री-पुत्रादिकी मोहरूपी बेड़ियोंसे पुरुषका पीछा नहीं छूट सकता। जिनके मुंह देखनेसे पाप लगता है, स्त्री के लिये उन्हीं की खुशामदें करनी पड़ती हैं। किस्मत को देखो



कि जिसने मनुष्यको कितना कमजोर बनाया, पर काम उससे दोनों लोकोंके लिये गये। उसे इस लोक और परलोक की फिक्र लगा दी। स्त्रीके वशमें होना सर्वनाश का बीज बोना है। गर्दन पर बिखरे हुए बालों वाला करालमुखी सिंह, अत्यन्त मतवाला हाथी और बुद्धिमान समरशूर पुरुष भी स्त्रियोंके आगे जो तुम्हारी बातें सुनना न चाहें, उनके गले मत पड़ो। विषयभोगों में सुख नहीं है। एक न एक दिन मनुष्यको इनसे अलग होना ही पड़ता है। अलग होनेके समय विषय-भोगीको बड़ा दुःख होता है। आत्मचिंतन करो,जो सहज काम नहीं है। इसके लिये मनको वशमें करना होगा, उसे विषयोंसे हटाना होगा, उसे वृत्तियोंसे अलग कर एकाग्र करना होगा, तभी सफलता हो सकेगी।

# ट्रैक पार करते वक्त ट्रेन की चपेट में आई महिला

**मेराल।** थाना क्षेत्र के सोहबरिया रेलवे केबिन के पास रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ जाने से पानपति नामक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की उम्र करीब 40 वर्ष होगी जो सोहबारिय गांव की रहने वाली थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह करीब 7:00 बजे, महिला ने गेट नंबर 26 को पार कर रही थी इसी दौरान वह मालगाड़ी के चपेट में आ गई और घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार जिस वक्त महिला रेलवे लाइन को पार कर रही थी उस समय एक मालगाड़ी गढ़वा रोड से चोपन की ओर जा रही थी तथा एक अन्य मालगाड़ी दूसरे ट्रैक पर चोपन से गढ़वा रोड की ओर जा रही थी, इसी दरमियान पनपत्ति ट्रेन के चपेट में आ गई। विदित हो कि पानपति कुंवर का पति शंभू चौधरी की भी मृत्यु बिजली करंट लगने से विगत मई महीने में हो गई थी। महिला के तीन पुत्र तथा एक पुत्री है। माता-पिता का साया उठ जाने से बच्चे पूरी तरह से अनाथ हो चुके हैं।

# राशन वितरण में अनियमितता को लेकर लाभुकों ने किया सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**
परसवान गांव के जनवितरण प्रणाली के डीलर द्वारा अगस्त माह का राशन नहीं दिए जाने को लेकर शुक्रवार को थोड़ी देर के लिए राशन उपभोक्ताओं ने सड़क को जाम कर दिया। इस मामले के सूचना पाकर स्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा एवं मुखिया के समझाने और आश्वासन के बाद सड़क जाम को हटाया गया। इस संबंध में लाभुकों का कहना है कि जन वितरण प्रणाली के डीलर विमला देवी के द्वारा पिछले दो माह से राशन नहीं दिया गया है। वहीं इस माह में प्रति व्यक्ति एक किलो कम राशन दिया जा रहा है। लाभुक राजकुमार मेहता का कहना है कि अगस्त माह का राशन नहीं मिला है और चार सदस्यों को पांच किलो के हिसाब से 20 किलो राशन मिलना चाहिए। लेकिन डीलर के द्वारा 15 किलो राशन ही दिया जा रहा है। वहीं दिव्यांग लाभुक बब्लू राम ने कहा कि डीलर हमेशा काम राशन देते हैं। वहीं समय पर राशन नहीं बांटते हैं। साथ ही कई बार दौड़ा कर परेशान किया जाता है। वहीं



लाभुक सरोज देवी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 12 माह में एक दो माह का राशन मिल ही नहीं पता है। इस संबंध में डीलर विमला देवी का कहना है कि प्रखंड गोदाम से ही राशन कम मिलता है। मौके पर पंचायत सेवक मंगल यादव, सुरेंद्र कुमार सिंह, इम्तियाज अंसारी, सरोज देवी, जसुमती देवी, रीना देवी, अनीशा खातून एवं जयकांत कुमार सहित कई लाभुक उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री से कम राशन दिए जाने की शिकायत

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर दस पुरैनी ग्राम की महिलाओं ने पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी के चेचरिया स्थित आवास पर उनसे मिलकर आवेदन देते हुये डीलर द्वारा कम राशन दिये जाने की शिकायत की। महिलाओं ने बताया कि डीलर अजय राम द्वारा दो माह की जगह डेढ़ माह का राशन दिया जा रहा है तथा राशनकार्ड पर दो माह का राशन चढ़ाकर अंगूठा लगवाया जा रहा है। इससे पूर्व भी डीलर द्वारा राशन वितरण में अनियमितता बरती गयी है। मांग पत्र सौपने वालो में सबिता देवी, गीता देवी, फुलमतिया देवी, ममता देवी, रंजनी गुप्ता, नूरजहां बीबी, चम्पा देवी, सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। केशरी ने कहा कि राशन की कालाबाजारी करने वाले डीलर के विरुद्ध कार्रवाई करवाएंगे। डीलर के विरुद्ध कई जगहों से शिकायत प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में उपायुक्त से मिलेंगे।

## विचार | हिंदी दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में काव्य पाठ का आयोजन

# ‘बच्चों की पढ़ाई की शुरुआत मातृभाषा से हो’




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
सृजन साहित्यिक मंच द्वारा गुरुवार की शाम हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय मेलॉडी मंडप में आयोजित इस कार्यक्रम में हिंदी-भारत की आत्मा विषय पर संगोष्ठी सह काव्य पाठ का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष कमल नयन पांडेय, विशिष्ट अतिथि पातंजलि योग समिति के प्रदेश प्रभारी रासबिहारी तिवारी व अन्य रचनाकारों ने सामूहिक रूप से किया। मंच के कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने सरस्वती वंदना का सस्वर पाठ किया। इसके बाद उपस्थित रचनाकारों ने विषय पर अपने-अपने विचार रखते हुये हिंदी की विशेषताओं और वर्तमान परिस्थिति में इसकी स्थित पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केएन पांडेय ने कहा कि हिंदी कोई नया शब्द नहीं है। वैदिक संस्कृति से आजतक हिंदी विभिन्न स्वरूपों में रही है। हिंदी हिंदवी शब्द का अपभ्रंश है। हिंदी व्यक्ति के हीन भावनाओं का दमन करती है और सकारात्मक भाव उत्पन्न करती है। भारतेंदू हरिश्चंद्र को आधुनिक हिंदी का जनक कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों की पढ़ाई की शुरुआत मातृभाषा से करानी चाहिये। हम अपनी मातृभाषा हिंदी को सम्मान देकर ही इसे उचित स्थान दिला सकते हैं।

इस मौके पर रासबिहारी तिवारी ने कहा कि हिंदी भारत की आत्मा है। हम हिंदी को प्रतिष्ठापित करके ही भारत को विश्वगुरू बना सकते हैं। सचिव सतीश कुमार मिश्र ने हिंदी के इतिहास एवं इसकी वर्तमान स्थिति पर विस्तार से प्रकाश डाला। बीएनटी संत मेरी के संस्थापक समाजसेवी उमाकांत तिवारी ने कहा कि हिंदी के विकास में अंग्रेजी कहीं से भी बाधक नहीं है। हमें अंग्रेजी से बिना परहेज किये हिंदी को महत्व देना चाहिये। गोष्ठी में सेवानिवृत अधिकारी अजय शुक्ला, पेंशनर कल्याण समाज के जिलाध्यक्ष केके यादव, अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी आदि ने भी विचार व्यक्त करते हुये हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। मंच के उपाध्यक्ष राजमणि राज, संगठन सचिव राजकुमार मधेशिया, समाजसेवी रामाशंकर चौबे, नीरज मल्लिक ने हिंदी पर अपने-अपने काव्य पाठ प्रस्तुत कर लोगों को प्रभावित किया। मौके पर अध्यक्ष विनोद पाठक, प्रमोद कुमार, मीडिया प्रभारी दयाशंकर गुप्ता, लायंस क्लब के रामनारायण गुप्ता, सुभाष प्रसाद केसरी, शशिशेखर गुप्ता, चंदन गौड़ सहित कई लोग उपस्थित थे।

# छात्र से रिश्वत की खबर का डीईओ ने लिया संज्ञान

**भवनाथपुर।** बुका गांव निवासी एक छात्र शवलेश राउत से 11 वीं कक्षा में नामांकन के नाम पर भवनाथपुर टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अंकित त्रिवेदी और क्लर्क चंद्रकांत पांडेय द्वारा 2000 रुपए बतौर रिश्वत मांगे जाने संबंधी खबर विभिन्न अखबारों में प्रकाशित होने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए प्रभारी प्राचार्य अंकित त्रिवेदी एवं चंद्रकांत पांडेय से स्पष्टीकरण मांगा है। पत्र में उल्लेख किया है कि शवलेश कुमार का आपलोगो ने नामांकन नहीं लिया। नामांकन के नाम पर नामांकन फी के अलावे बतौर 2 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई, जो आपके कर्तव्य के प्रति लापरवाही और उदासीनता को परिलक्षित करता है।

### लातेहार जिले के कई प्रखंडों में लगाया स्वास्थ्य मेला, सैकड़ों मरीजों ने उठाया लाभ

# हर तबके को मिले स्वास्थ्य सुविधाएं : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े हुए दर्जनों स्टॉल लगाये गए थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि समाज के हर तबके को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। राज्य सरकार भी स्वास्थ्य से जुड़ी कई योजनाएं चला रही है जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। वहीं स्वास्थ्य मेला में सैकड़ों मरीजों की जांच कर दवाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीएचसी प्रभारी डॉ नीलिमा, प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू,चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उरांव, कामता पंसस अयुब खान, कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, झाविस के रवि कुमार डे, समाजसेवी रामयश पाठक, सतेंद्र प्रसाद यादव, मो सरफराज, डॉ मनोज कुमार, डॉ शंभु चौधरी, अस्पताल कर्मी प्रवीण कुमार (भोला ) रमेश कुमार, धनेश्वर कुमार, बीरबल कुमार, सुमित कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।






### प्रखंड कार्यालय में स्वास्थ्य मेला लगा

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन जिप सदस्य संतोषी शेखर, लातेहार सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, प्रखंड विकास प्राधिकारी राकेश सहाय, कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशीष रंजन आदि ने किया। शिविर में 500 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। इस मौके पर डॉक्टर जुबेर आलम, डॉ रश्मि रानी, डॉ शुभाकुर कुमारी, डॉ चंदन, डॉ शशि, डॉ भरत, सीएचओ आभा कुमारी, सीमा सिंह, खुशबू कुमारी, संतोषी खलको, मीणा प्रजापति, अनिता तिर्की, आरती रजनी सुरीन, विनीता बेक, आलोक रंजन, युवराज विक्रम सिंह, अरुण सिंह तारामणि कुजूर, संगीता कुमारी, आलोक तिवारी, राजेश चंद्र सिन्हा, दीपक सिंह, मनोरंजन कुमारी आदि मौजूद थे।

### बारियातु में स्वास्थ्य मेले का आयोजन कल

**बारियातु।** बारियातु बाजार टांड के समीप स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17 सितंबर को स्वास्थ्य जांच मेले का आयोजन किया जाएगा। बालूमाथ सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रकाश बडाइक ने प्रखड वासियों से स्वास्थ्य शिविर लाभ उठाने की अपील की है।

## स्वास्थ्य मेले में इलाज के लिए लगाए गए 20 स्टॉल

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ खगेश कुमार ने विधिवत फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया।प्रखंड स्तरीय मेले में विभिन्न रोगों के जांच हेतु 20 स्टॉल लगाये गए थे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कुमार संजीव ने बताया की मेला में अधिक संख्या में लोग पहुँचे और अपना उपचार करवाया। मेले में पहुंचे लोगों का स्वास्थ्य जांच कर जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवाएं दी गई। वही आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए एक अलग से स्टॉल लगाया था। जिसमें कई लाभुकों ने अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया। वही ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह का आयोजन हमेशा होते रहन



चाहिए। इससे बेहतर लाभ मिलेगा। वहीं पूरे स्वास्थ्य मेले में सिर्फ एक चिकित्सक मौजूद रहें। मौके पर मुखिया मनोज साहू, प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, सिकीदाग मुखिया अनिता देवी, बौधाडीह मुखिया अनिता देवी, समाजसेवी विनोद साव, विभाग से पवन कुमार, सुनीता टोप्पो, रेखा कुमारी, विनेश साव, श्याम प्रकाश समेत कई एएनएम, सीएचओ व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### प्रचार प्रसार के अभाव में शिविर में नहीं लगी भीड़

**गिद्धौर(चतरा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन पंचायत प्रतिनिधियों ने किया। मौके पर सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ संजीत कुमार सिंह मौजूद थे। शिविर मे फिजिशियन डॉक्टर, नेत्र जांच, शुगर, मलेरिया व परिवार नियोजन के अलावे कई स्टाल लगाए गए थे। लेकिन शिविर में डॉक्टरों की टीम तो मौजूद रही, लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में यहां काफी कम लोग ही जुटे। अधिकांश स्टॉल खाली दिखे। प्रभारी चिकित्सा प्रभारी भी शिविर में मात्र फोटो सेशन में ही दिखे। विभाग की लापरवाही पर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई और शिविर को खानापूर्ति बताया।

## गिद्धौर में दो अलग-अलग बाइक दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर** गिद्धौर थाना क्षेत्र के चिरैयां मोड़ के समीप अनियंत्रित हो बाइक चालक ने सड़क के किनारे सड़क निर्माण कार्य के सूचना पट में टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

बताया गया कि युवक थाना क्षेत्र के लुबधिया गांव निवासी नरेश यादव का 22 वर्षीय पुत्र रूपलाल यादव गुरुवार देर शाम कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डांटो के रेवड़ बलिया बहन घर बर्थडे पार्टी में शामिल होने जा रहा था। इसी क्रम में चिरैंयां मोड़ के समीप बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे सूचना पट में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गयी। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने



युवक के गंभीर अवस्था में अचेत पड़ा देख सूचना थाने को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर मौत की खबर सुन गांव में मातम छा गया, जबकि परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। दूसरी घटना गिद्धौर थाना क्षेत्र के बारियातु मोड़ के पास शराब के नशे में धुत एक युवक अनियंत्रित हो दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सिंदुआरी गांव के राजेश भुइंयां का पुत्र संतोष भुइंयां गंभीर रूप से घायल हो गया।

### लकड़ी का बोटा लदे दो ट्रैक्टर, एक बोलेरो जब्त

**प्रतापपुर (चतरा)।** वन विभाग ने प्रतापपुर वन क्षेत्र के अनगड़ा बरुरा मार्ग पर अदौरिया मोड़ के पास से अवैध रुप से अवैध लकड़ी के बोटा लदे दो ट्रैक्टर सहित एक बोलेरो को छापेमारी अभियान चलाकर जब्त किया गया। उक्त कार्रवाई बाइट देर रात्री की गई। छापेमारी अभियान वन विभाग एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसका नेतृत्व वन क्षेत्र पदाधिकारी बी दास ने किया। इस संबंध में वन कर्मियों ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की अनगड़ा बरुरा रोड एवं अदौरिया मोड़ के पास अवैध लकड़ी बोटा से लदा दो ट्रैक्टर बिहार जाने के फिराक में है। त्वरित कार्रवाई करते हुए वन कर्मियों का एक छापेमारी दल का गठन किया गया। दल ने पुलिस के सहयोग से छापेमारी अभियान चला कर बोटा लदा दो ट्रैक्टर को जब्त कर वन विभाग कार्यालय प्रतापपुर लाया गया। साथ ही दोनों ट्रैक्टरों को स्कॉट करने वाले एक बोलेरो को भी जब्त कर लिया गया। वाहनों के मालिकों पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## बीडीओ की कार्यशैली के विरोध में निकली गई रैली



**नवीन मेल संवाददाता। मनिका** प्रखंड कार्यालय में पश्चिम क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह के नेतृत्व में मनिका प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो के द्वारा प्रखंड क्षेत्र को लूट का अड्डा एवं घूसखोरी के चरम सीमा पर पहुंचाने के विरोध में रैली एवं धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों एवं गावों से हजारों की संख्या में पुरुष एवं महिलाएं शामिल हुए।

रैली की शुरुआत हाई स्कूल मणिका के समीप से किया गया और पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए रैली प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचा जहां धरना प्रदर्शन किया गया। वहीं बलवंत सिंह ने कहा की वीरेंद्र किंडो के नेतृत्व में संरक्षण में प्रखंड कार्यालय में लूट की छूट मिली हुई है कोई ऐसा योजना नहीं है जिसमें उनके द्वारा पैसा नहीं लिया जाता हो मुखिया का भी काम बीडीओ साहब खुद करते हैं तो फिर पंचायत प्रतिनिधि होने का क्या दायित्व रहता है। अपने क्षेत्र में हम लोगों को ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारी देखना भी पसंद नहीं है इसलिए इन्हें जल्द से जल्द हटाया जाए। मौके पर रंजीत प्रसाद साहू,मुरारी ठाकुर,सागर यादव, विशाल पासवान, सिकेशर राम, सुरेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

### अधूरे आवास पूर्ण कराने को लेकर चलेगा अभियान

**मयूरहंड(चतरा)।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत मयूरहंड प्रखंड में 2975 परिवारों को आवास की स्वीकृति दी गई है। जिसमें 104 आवास विभिन्न कारणों से अबतक अपूर्ण है। इन अपूर्ण आवासों को पूर्ण करवाने के लिए चलो करें आवास पूरा विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसका नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा करेंगे।

विशेष अभियान के तहत 15 सिंतबर से 10 अक्टूबर तक आवास पूर्ण करवाने का लक्षय निर्धारित है। अभियान में मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्य समेत अन्य प्रतिनिधियों को भागीदारी निभाने की अपील की गई है। अभियान के तहत संबंधित पंचायत के संबंधित पदाधिकारी व क्रमियों द्वारा लाभुकों को आवास पूर्ण कराने को लेकर प्रेरित की जानी है। प्रत्येक गुरुवार को पीएम आवास लाभुक दिवस मानाया जाएगा। ताकि लाभुक आवास पूर्ण करने में अपनी परेशानी बता सकें और उसका निवारण कर 10 अक्टूबर तक आवास पूर्ण किया जा सके।

## पीएम आवास को लेकर कार्यशाला का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत चलो करे आवास पूरा के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजना किया गया। जिसका शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पीएम आवास परियोजना पदाधिकारी रूपेश तिवारी ने कार्यशाला में जानकारी दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत चतरा जिला में अब तक कुल 82889 परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसमें से 79367 ( 95.64 प्रतिशत ) पूर्ण कर लिया गया है, जबकि 3622 आवास विभिन्न कारण से अब तक अपूर्ण हैं। इसे समय सीमा के अंदर पूर्ण करने हेतु विभागीय निर्देश के आलोक में चलो करें आवास पूरा अभियान के तहत पूर्ण किया जाना है। आगे बताया कि यह अभियान 15 सितंबर से 10 अक्टूबर 2023 तक पूरे जिले भर में चलाया जाएगा। 16 सितंबर को प्रखंड स्तर पर कार्यशाला किया जाएगा। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अभियान के मुख्य गतिविधि एवं ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार हो और आम जन जागरूक हों। कार्यशाला में सभी प्रमुख, उप प्रमुख, बीडीओ, जिला समन्वयक, जिला प्रशिक्षण समन्वयक, सभी प्रखण्ड समन्वयक, प्रभारी प्रखण्ड समन्वयक प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### खेलकूद | सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता का समापन

# खेलकूद प्रतियोगिता में कस्तूरबा विद्यालय का रहा दबदबा

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के रेलवे क्लब मैदान में मंगलवार से शुरू हुई प्रखंडस्तरीय खेलो झारखंड स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार देर शाम तक चले आयोजन के उपरांत सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। पूर्व में प्रतियोगिता दो दिनों के लिए निर्धारित था लेकिन 65 से अधिक प्रतियोगिता होने के कारण गुरुवार देर शाम तक प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

इसमें प्रखंड के 130 विद्यालयों के अंडर 14, अंडर 17, अंडर-19 के बालक बालिकाओं के बीच 100 मीटर से लेकर 5000 मीटर की दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक, चक्का फेंक, बाधा दौड़, ट्रिपल जंप, कबड्डी खो-खो समेत 65 से अधिक इवेंट आयोजित किए गए। प्रतियोगिता में प्रखंड के कस्तूरबा



गांधी आवासीय विद्यालय के अंडर 14 की बालिकाओं ने कबड्डी एवं खो खो समेत अन्य प्रतियोगिताओं में दमदार प्रदर्शन दिखाया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सिंह, खेल सचिव अशफाक अहमद मुन्ना, पूर्व उप मुखिया काजमी अनवर, कोऑर्डिनेटर श्याम मनोहर यादव ने पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कस्तूरबा विद्यालय के वार्डन रूबी कुमारी, नंनदेव राम, कन्हाई राम, विश्वनाथ राम, श्याम मनोहर यादव, सुमन कुमार, सत्येंद्र कुमार, अजीत सहाय, नीलम कुमारी, सुनीता टोप्पो, विजय यादव, राजू कुमार समेत काफी संख्या में स्कूली शिक्षक और खिलाड़ी मौजूद थे।

### जमीरा मुखिया ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रखंड के जमीरा पंचायत कि मुखिया दुर्गावती देवी ने शुक्रवार को स्व. फुलदेव उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी अच्छी प्रतिभा है जरूरत है इन्हें सवारने की। चंदवा से भी अच्छे खिलाड़ी राज्य और देश के लिए खेल सकते हैं। उद्घाटन मैच एसटी क्लब सलगी और स्माल ब्लास्टर चंदवा के बीच खेला गया जिसमे चंदवा की टीम 1-0 गोल से विजयी रही। मैच रेफरी कि भूमिका सुमित उरांव और रामकुमार उरांव ने जबकि कमेंट्री संदीप उरांव ने निभाई।



मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, माल्हन मुखिया जतरू मुंडा, झामुमो युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डब्लू कुमार प्रजापति,कुंवर लाल अजित नाथ शाहदेव, रामपाल उरांव, संतोष प्रजापति, रोहित शाहदेव, सुरेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### शिक्षक के अन्यत्र प्रतिनियोजन रद्द करने की मांग

**टंडवा।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित सराढू गांव के उत्क्रमित विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक का विभाग की ओर से किये गये अन्यत्र स्कूल में प्रतिनियोजन को अविलंब रद्द करने की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। इस बावत शुक्रवार को दर्जनों ग्रामीणों का हस्ताक्षरित पत्र संबंधित विभागीय अधिकारी को दिया गया। पत्र में लिखा गया है कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय सराढु में एक से आठ तक 255 विद्यार्थी नामांकित हैं। जबकि पदस्थापित शिक्षक महज चार हीं हैं। ऐसे में पारा शिक्षक राममणि सिंह को 8 किलोमीटर दूर प्रतिनियोजित करने पर आपत्ति जताई गई है। प्रतिनियोजन रद्द नहीं करने पर ग्रामीण शिक्षा विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

### खधैया में दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन

**टंडवा।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा हर्षोल्लास से मनाने को लेकर ग्रामीणों द्वारा विभिन्न गांवों में पूजा समिति का गठन किया जा रहा है। शुक्रवार को खधैया में ग्रामीणों ने बैठक कर पिछले वर्ष का लेखा-जोखा का आकलन करने के पश्चात सर्वसम्मति से पूजा समिति का पुर्नगठन किया। जिसमें अध्यक्ष मुकेश राणा, सचिव शुभम सिन्हा, कोषाध्यक्ष जवाहर महतो बनाया गया। बैठक में रामदेव राणा, देवनाथ महतो, सतीश प्रजापति, शम्भू महतो, बबलू राम, नागेश्वर प्रजापति, चितरंजन कुमार, महेंद्र राणा, संजय दास, दिलीप प्रजापति,लखन राणा, पूजा संरक्षक बोधन राणा, अखलेश्वर प्रसाद,विजय सिन्हा, रामलखन महतो, भोला महतो व बैजू राणा समेत कई लोग मौजूद थे।

### पंचायत समिति संघ के अध्यक्ष बने मिथुन

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के प्रमुख ऑफिस में शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रखंड पंचायत समिति संघ का अध्यक्ष मिथुन कुमार रजक को सर्वसम्मति से चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष पूरन भुइया, सचिव सुशील हेरहंज, कोषाध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, उपकोषाध्यक्ष चंचला देवी सहित अन्य सदस्यों का चयन किया गया। श्री रजक को अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके समर्थकों ने बधाई दी।

### विहिप की बैठक में यात्रा के लिए दायित्व सौंपा

**बालूमाथ।** महावीरमंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद् की बैठक प्रखंड अध्यक्ष लालदेव गंझु की अध्यक्षता में हुई। विभाग संगठन मंत्री विजय यादव एवं विभाग सह मंत्री महेंद्र नाथ ने बताया कि झारखंड में 29 सितंबर से होने वाली शौर्य जागरण रथ यात्रा के सफल संचालन के लिए कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा गया। संयोजक सत्येन्द्र सिंह, सह संयोजक सूरज साह, उपेन्द्र कुमार, अखिलेश भोगता, यमुना ठाकुर, यात्रा प्रमुख ईश्वर लाल, यात्रा प्रमुख बंधन साव, अमित पांडे, आनंद सोनी, राजू साव, प्रचार प्रसार प्रमुख उपेंद्र गुप्ता व प्रचार प्रसार प्रमुख अमित पांडेय, जीतेंद्र साव, मनोज साव, ऋषि सोनी को बनाया गया। बैठक में विभाग संगठन मंत्री विजय यादव, लातेहार जिला उपाधयक्ष रवींद्र प्रसाद गुप्ता, विभाग सह संयोजक एवं यात्रा प्रमुख अरुण साव, प्रांतीय संयोजक अनिल प्रजापति, बालूमाथ पंचायत के बजरंग दल संयोजक राकेश कुमार, बालूमाथ उपाध्याय अखिलेश भोगता, बालूमाथ पंचायत के मंत्री करण कुमार, जीतेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

### स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उपविकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। जिले में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता प्रमंडल लातेहार, कनियाअभियांता पेयजल, सभी प्रमुख , उपप्रमुख, पेयजल विभाग कर्मी, प्रखंड समन्वयक रइट एवम अन्य जन प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### डीवीसी ने हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) की ओर से संचालित तुबेद कोयला खान के कार्यालय में शुक्रवार को हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता कार्यकारी निदेशक (माइनिंग) जगेश कुमार मांडिये ने की। मौके पर संचालन उप प्रबंधक (एचआर) रवि प्रकाश तिवारी, उप महाप्रबंधक मनीष कुमार, वरीय प्रबंधक (मेकनिकल) सच्चिदानंद दास व मनोज कुमार, डीजीएम दीपक कुमार, अमीत प्रसाद के अलावा डेवलेक्टो माइनिंग के बलराम पांडेय, विद्युत बेलथोरिया आदि मौजूद थे।

### मुखिया ने युवाओं को रोजगार देने की मांग उठाई

**बारियातु।** प्रखंड अंतर्गत सीसीएल प्रभावित क्षेत्र अमरवाडीह के मुखिया सुशिला देवी ने शुक्रवार को मगध संघमित्रा प्रबंधक को पत्र लिखकर फुलबसिया उर्फ अमरवाडीह में युवाओं को रोजगार को लेकर बाजार मार्केटिंग शेड एवं बच्चों को स्कुल जाने के लिए बस सुविधा बहाल करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि ग्राम फुलबसिया उर्फ अमरवाडीह में खाता संख्या 324 प्लॉट संख्या 1566 रक्बा 16.20 एकड़ गैरमजरूआ भूमि पर बेरोजगार युवाओं के लिए बाजार मार्केट शेड बनाने एवं यहां के लगभग चालीस से अधिक बच्चों को स्कूल आने जाने के लिए एक बस मुहैया कराने की बात कही है। सीसीएल ने अब तक हम भू-रैय्यतों को किसी तरह की कोई सुविधा बहाल नहीं की है। जमीन अधिग्रहण हो जाने से सभी लोग बेरोजगार हो गए हैं।

### बालूमाथ सिटी हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन



**बालूमाथ।** बालूमाथ खलारी मार्ग पर साहू पेट्रोल पंप के समीप बालूमाथ सिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन पूर्व विधायक प्रकाश राम ने किया। बालूमाथ सिटी हॉस्पिटल के संचालक कौशर अली ने बताया कि अस्पताल में आधुनिक सुविधाओं से युक्त मशीनों के माध्यम से दक्ष चिकित्सकों के द्वारा सभी प्रकार के रोगों का इलाज किया जाएगा। मौके पर डॉ अमरनाथ प्रसाद, डॉ अलीशा टोपनो, समाजसेवी हाजी मोतिउर रहमान, भाजपा नेता शैलेश सिंह, कृष्ण यादव, झामुमो के जिला संयुक्त सचिव मो इमरान, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि आमिर हयात, जावेद अख्तर, औरंगजेब खान, लाडले खान, संजय कुमार राम, मौलाना तौकीर अफनदी, विजय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### महुआडांड़: नीति आयोग की टीम ने की बैठक

**महुआडांड़।** डॉ साक्षी खुराना सीनियर स्पेशलिस्ट स्किल डेवलपमेंट श्रम एवं नियोजन के नेतृत्व में नीति आयोग की टीम ने लातेहार जिले के आकांक्षी प्रखंड महुआडांड़ का स्थल अध्ययन किया। इसके पश्चात टीम ने प्रखंड कार्यालय में पीएम -पीवीटीजी डेवलपमेंट मिशन के संबंध में पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में डॉ आरिफ अख्तर, सीनियर कंसल्टेंट रूरल लाइवलीहुड नीति आयोग, सृजा पोडीशेट्टी सहायक सचिव, मोहम्मद मंजर हुसैन सहायक सचिव, प्रणव विजयवर्गीय सहायक सचिव, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, प्रखंड विकास पदाधिकारी महुआडांड़ अमरेन डांग, जिला कल्याण पदाधिकारी दीपाली भगत, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि आदि उपस्थित थे।

# ‘स्वास्थ्य केंद्र में आकर अपनी बीमारी का इलाज कराएं’

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**



प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिप अध्यक्ष रिना कुमारी एवं प्रमुख बरिया देवी, बीडीओ रंजीत सिन्हा, थाना प्रभारी गौतम कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों ने इसका उदघाट्न किया। मौके पर जिप अध्यक्ष रिना कुमारी ने कहा स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी तरह के बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। लोग जागरूक होकर स्वास्थ्य केंद्र में आकर अपनी बीमारी का इलाज कराएं। उन्होंने कहा कि सांप काटने पर झाड़-फूंक के चक्कर में नहीं रहे। मरीज को तुरंत अस्पताल पहुंचाएं। उन्होंने स्वास्थ केंद्र को और बेहतर बनाने के लिए डॉ एवं कर्मियों को कई निर्देश दिए। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए आयुष्मान कार्ड जरूर बनवाएं। इसके लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं मोबाईल नंबर की आवश्यकता होगी। राशन कार्ड जिनका नहीं बना है वे प्रखंड कार्यालय में संपर्क करें। बीडीओ रंजीत सिन्हा ने कहा कि विभाग हर वर्ष स्वास्थ्य मेला का आयोजन करता रहा है। अपने नजदीकी उपकेंद्र से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। गांव में गम्भीर बीमारियों से जो पीड़ित हैं उनका इलाज सरकार निःशुल्क करती है। हर व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड होना जरूरी है। आयुष्मान कार्ड स्वास्थ केंद्र में निःशुल्क बनाया जा रहा है। बच्चों को मिलनेवाला टीका समय पर दिलाएं। जानकारी नहीं होने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य कर्मियों व आंगनबाड़ी केंद्र में सम्पर्क कर सकते हैं। स्वास्थ्य मेले में टीकाकरन, बाल स्वास्थ्य, पोषण, मनोचिकित्सक, परिवार नियोजन परामर्श, टीबी, कुस्ट, मलेरिया, सामान्य चिकित्सा, दांत चिकत्सा, आयुष्मान भारत, कैंसर नियंत्रण अंधापन सहित कुल 25 स्टॉल में सैकड़ो लोगों ने मुफ्त इलाज करा कर दवा प्राप्त की। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार, डॉ ओम कुमार सिंह, थाना प्रभारी गौतम कुमार, साजिद आलम, मेरी बेक, मुकेश कुमार एवं अन्य लोग भारी संख्या में मौजूद थे।

# जीएसटी संबंधित कागजात में त्रुटि पर मालवाहक टेम्पू सामान के साथ जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**




थाना क्षेत्र के कंडरा चौक के समीप जीएसटी पदाधिकारी अंशु यादव तथा सेल टैक्स पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से कार्य करते हुए प्लास्टिक का सामान से भरा हुआ मालवाहक टेम्पू को पकड़ा गया। पकड़े गये वाहन मालिक द्वारा लोडेड सामान का कागजात नहीं दिखाने पर मालवाहक टेम्पू को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रख गया है। इस संदर्भ में जीएसटी पदाधिकारी अंशु यादव का कहना है कि मालवाहक टेम्पू में प्लास्टिक पाइप सहित अन्य सामान लाद कर परिचालन के दौरान कंडरा चौक के समीप रोक कर जांच किया गया और कागजात की जांच की गई तो जीएसटी पेपर में कमी पाया गया। इसके बाद वाहन में लदा सामान सहित जब्त कर थाना परिसर सेन्हा में पुलिस प्रशासन की निगरानी में सुरक्षित रखा गया है। साथ ही बताया गया कि जीएसटी पेपर त्रुटि का जुमार्ना वसूली के उपरांत ही जब्त वाहन को समान के साथ मुक्त किया जाएगा। विदित हो कि जिला में टैक्स चोरी को लेकर सेल टैक्स एवं जीएसटी पेपर का इस्तेमाल नही किया जाता है। इसपर लगतार विभागीय करवाई किया जाएगा। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि जीएसटी पदाधिकारी से विमुक्ति पत्र प्राप्त होने के पश्चात समान लदा हुआ मालवाहक टेम्पू को छोड़ा जाएगा।

## संक्षिप्त

### मृतक के घर पहुंचे धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष



**सेन्हा।** थाना क्षेत्र के बरही गांव में मामुली विवाद को लेकर हुए विवाद में दो भाइयों के द्वारा युवक की लाठी डंडे से पीटकर हत्या करने की घटना के बाद शुक्रवार को अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश बैठा तथा समाज के अन्य लोग बरही गांव पहुंचे। परिजनों से मुलाकात करते हुए पुरे मामले की जानकारी ली। बताया जाता है कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही गांव निवासी जगदीश बैठा के पुत्र बजरंग बैठा की गांव के ही दो भाईयों ने उधारी का पैसा मांगने पर विवाद करते हुए लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद सेन्हा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। परिजनों ने धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष को जानकारी देते हुए बताया गया कि बजरंग बैठा मिट मुर्गा दुकान चलाता था। गांव के ही एक युवक को मुर्गा मीट उधारी दिया था। बजरंग बैठा उधारी का पैसा मांगने शाम में आरोपी के घर गया था। पैसा मांगने में विवाद हो गया तो दोनों भाइयों ने मिलकर बजरंग बैठा की हत्या कर दी। धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही पुलिस अधीक्षक से मिलकर पूरे मामले में स्पीडी ट्रायल की मांग करेंगे तथा परिवार को मुआवजा राशि दिलाने की भी मांग करेंगे। मौके पर संघ के प्रदेश अवधेश बैठा, संघ के जिला अध्यक्ष राकेश रजक, मीडिया प्रभारी अमित कुमार, बिरेंद्र रजक सहित अन्य मौजूद थे।

### सीएचसी सेन्हा में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ विभाग द्वारा शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, सांसद प्रतिनिधि परमेश्वर भगत, मुखिया धनबाज उरांव द्वारा किया गया। स्वास्थ्य मेला में मोतिया बिंद, दंत चिकित्सा, परिवार नियोजन, बाल स्वास्थ्य, आयुष चिकित्सा, पोषण परामर्श, मातृ स्वास्थ्य, भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद सहित सभी तरह की बीमारी और इलाज के लिये 12 स्टॉल लगाये गये थे।

### 27 पदक विजेता खिलाड़ियों का हुआ स्वागत




**कुडू।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेल कराटे लीग सीजन - 2 में झारखंड के लोहरदगा जिले के कराटे खिलाडी 27 पदक लेकर लौटे। 3 स्वर्ण पदक, 12 रजत पदक, पहले स्थान का काश्य पदक 6 और दूसरे स्थान का काश्य स्लिम 6 कुल 12 कांस्य पदक शामिल हैं। एक बार फिर जिले और राज्य का नाम रौशन कर लौटे खिलाड़ियों को टोरी स्टेशन से लाने के लिए भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व रणजी खिलाडी अजात शत्रु ने टोरी स्टेशन से कराटे खिलाड़ियों के लिए बस की सुविधा मुहैया कराई और शुभकामनाएं दीं। कुडू पहुंचे खिलाड़ियों और कोच सेंसई अमित कुमार सिंह का कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह, जिला कराटे संघ के महासचिव लाल प्रकाश नाथ सहदेव, कोषाध्यक्ष चन्द्रगुप्त महली और अभिभावको ने माला पहना कर स्वागत किया।

### दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**कैरो।** प्रखंड के हनहट पंचायत अंतर्गत हुदु गांव में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मे कुल 24 टीमों ने भाग लिया जिसका फाइनल मुकाबला झखरा टोली बनाम मंडप टोली के बीच खेला गया, जिसमे मंडप टोली एक गोल से विजय प्राप्त किया।विजेता व उप विजेता टीम को हनहट पंचायत के मुखिया ने पुरस्कृत किया, मौके पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए मुखिया सरवन मुंडा ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले खेल में हार जीत लगी रहती है। खेल से मानसिक शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है जरूरत है उन्हें सही मार्गदर्शन की। यदि क्षेत्र के खिलाडियों को सही प्लेटफार्म मीले तो वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन राज्य और देश विदेश में भी दिखा सकते हैं।

### श्री राम समिति ने दो यूनिट रक्तदान किया

**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति के द्वारा दो पीड़ित मरीज को ब्लड दिया। जानकारी के अनुसार किस्को प्रखंड के ग्राम तीसया निवासी पूरन मुंडा की पुत्री सोनिया कुमारी सनराइज हॉस्पिटल में इलाजरत थी एवं सेन्हा प्रखंड के चितरु दाडू निवासी देवनाथ उरांव की पत्नी तेतरी देवी सदर अस्पताल में इलाजरत थी। डॉक्टर ने दोनों को खून की कमी बताई। परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किया। समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति के वीरेंद्र उरांव एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष गौतम देव ने एक एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा समाज के हर वर्ग की सेवा करना समिति का लक्ष्य रहा है। इसी लक्ष्य को लेकर जय श्री राम समिति अपने कर्तव्यों का निर्माण पूरी निष्ठा के साथ कर रही है। मौके पर मोनू साहू, नगर अध्यक्ष दीपक साहू,नगर महामंत्री सुशील पटनायक,राहुल गुप्ता,सुजल साहनी,शुभम उरांव आदि लोग मौजूद थे।

## पेशरार प्रखंड में मंत्री ने किया मांदर का वितरण

# आदिवासी संस्कृति को बचाना व आगे बढ़ाना है: डॉ. रामेश्वर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




पेशरार प्रखंड में कला सस्कृति खेलझ्रकूद विभाग द्वारा मांदर वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत ग्रामीण जनता एवं प्रखंड प्रशासन के द्वारा आदिवासी रितिवाज, ढोल नगाड़ा के साथ झ्र साथ गीत संगीत के साथ स्वागत किया गया। मांदर वितरण समारोह का उद्घघाटन मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके मुख्य अतिथि ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि करमा परब को देखते हुए मांदर वितरण किया जा रहा है ताकि हम सभी खुशियों के साथ त्योहार मना सके। हम आदिवासियों को अपने संस्कृति सभ्यता को बचाना और आगे बढ़ाना है। गीत संगीत और वाजतंत्र आदि आदिवासियों के रीति रिवाज को दिखाती एवं दर्शाती है। इस लिए आदिवासी समाज के उत्थान के लिए मेरे विधायक मद से 29 अखड़ा का निर्माण पेशरार प्रखंड में किया जा रहा है, जिससे पारंपरिक तौर से आदिवासी ग्राम जनता अपना पर्व बना सके। साथी आदिवासी बहुल गांव में कला संस्कृति एवं खेलकूद पर्यटन विभाग के द्वारा मंदिर का वितरण किया जा रहा है जिसकी पेशरार प्रखंड एक शुरुआत है। पूरे लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कर्म पर धूमधाम से बनाने के लिए प्रत्येक प्रखंडों में लगभग 300 मांदर एवं नगाड़ा का वितरण किया जाएगा। ताकि मांदर, नगाड़ा वितरण एवं अखड़ा निर्माण से आदिवासी संस्कृति एवं सभ्यता को आगे बढ़ाया जा सके। साथ ही वैसे आदिवासी बहुत क्षेत्र जहां संख्या अधिक है वैसे अखड़ा में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम किया जाएगा। पेशरार प्रखंड जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में विकास की नईया बहे आदिवासी समाज आगे बढ़े इसको लेकर पेशरार प्रखंड में कला संस्कृति भवन का निर्माण किया गया एवं किया जा रहा है। मेरे द्वारा जो भी ससुराल प्रखंड के विकास के लिए कार्य होगा वह हम पूरा करने का प्रयास करेंगे। मांदर वितरण में पेशरार प्रखंड के विभिन्न गांव से आए लोगों में काफी खुशी देखने को मिली। मौके पर मांदर वितरण से झूम उठे लोग। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव,विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद,अनुमंडल पदाधिकारी, जिलाआपूर्ति पदाधिकारी जिला खेलकूद पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, डोमना उरांव, लक्ष्मी उरांव, ऐनुल अंसारी, विनोद सिंह खेरवार, रफीक अंसारी, बाशु उरांव, राजू उरांव, विनय उरांव, सुशील उरांव, नारायण उरांव, राधे सिंह खेरवार, निशा उरांव, दिनू महली, बालेश्वर महलि, सीमा उरांव, तोसिफ अहमद, सैफ अंसारी एवं प्रखंड के प्रशासनिक पदाधिकारी कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# ‘लंबित आवास को पूर्ण करने को करें जागरूक’

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

प्रधानमंत्री आवास योजना (2016-22) अंतर्गत लोहरदगा जिला में लंबित आवासों को पूर्ण कराने हेतु आज शुक्रवार को चलो करें आवास पूरा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जिला स्तर पर एक कार्यशाला जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभागार में रखी गई। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत लोहरदगा जिला में लंबित प्रधानमंत्री आवास योजनाओं को पूर्ण करने हेतु जनप्रतिनिधि लाभुकों को जागरूक व प्रेरित करें। बढ़-चढ़ कर इस अभियान में हिस्सा लें और 10 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में अधूरे आवास को पूर्ण कराएं।

### बीडीओ ने कहा, प्रतिदिन समीक्षा करें

उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता ने कहा कि सभी बीडीओ इस अभियान में अधूरे आवासों को पूर्ण कराएं। लाभुक को इसके लिए सुविधा दी जाए। यह अभियान 10 अक्टूबर तक संचालित होगा। जो प्रखंड बेहतर परफॉर्म करेंगे वहां के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। लाभुकों की सूची बना कर डोर-टू-डोर अभियान चलाया जाए। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिदिन समीक्षा करें। जो आवास पूर्ण हो जाएं उनके आवास का गृह प्रवेश कराएं। साथ ही प्रखंड समन्यवक भी इस अभियान में पूरी मेहनत करें। प्रत्येक गुरुवार को लाभुक दिवस आयोजित किया जाय।

### चलो करें आवास पूरा अभियान शुरू, 10 अक्टूबर तक चलेगा

**जिला में 1162 आवास लंबित** : आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के जिला समन्वयक केके गुप्ता ने बताया कि लोहरदगा जिला में कुल 1162 आवासों का निर्माण लंबित है। इसमें भंडरा और आकाशी पंचायत में 100 फीसदी आवास पूर्ण हो चुके हैं। प्रखंड भंडरा में 66, कैरो में 66, किस्को में 304, कुडू में 131, सदर में 169, पेशरार में 100 और सेन्हा में 326 प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) लंबित हैं। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रमुख, उप प्रमुख, प्रखंड समन्यवक प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आदि उपस्थित थे।

### नशे की हालत में युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के जुरिया गांव निवासी विजय उरांव के पुत्र शिवा उरांव ने नशे की हालत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने इसकी सूचना सदर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस घटना के पीछे की वजह का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिवा उरांव पिछले कई दिनों से मानसिक तनाव से गुजर रहा था। हालांकि वह किस वजह से मानसिक तनाव में था, यह किसी को पता नहीं है। उसने अपने कमरे में पहले तो जमकर गांजा का सेवन किया। उसके बाद आत्महत्या कर ली।

# रानी सती दादी मंदिर में मनाया गया भादी महोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



श्री राणी सती दादी जी का 45 वां भादी महोत्सव निमार्णाधीन रानी सती दादी मंदिर परिसर पर हर्षो उल्लास एवं भक्ति भाव से मनाया गया। भादी महोत्सव पर दादी जी का अलौकिक भव्य श्रृंगार किया गया एवं संध्या बेला से महोत्सव का शुरूआत गणेश वंदना के साथ साथ अखंड दिव्य ज्योति पूरे विधि विधान के साथ प्रज्वलित कर किया गया। भक्तों के लिए सवामणी प्रसाद का भोग लगाया गया, बाहर से आए भजन मंडली के साथ प्रसिद्ध गायिका रीना रोहिनी एवं श्याम नंद जी भजन एवं जागरण करते हुए अपने मधुर भक्ति भजनों से पूरे दादी दरबार में अद्भुत ऊर्जा का संचालन किया जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा,उन्होंने एक से एक बढ़कर अपने भजनों की झड़ी लगा दी जिससे कि वहां उपस्थित सभी भक्त झूम उठे। उन्होंने गणेश वंदना से प्रारंभ करते हुए किसने सजाया मैया तेरा दरबार...बड़ा प्यारा लागे बड़ा सोना लगे...छोटी छोटी गईया छोटे छोटे ग्वाल...छम छम छाना नाना बाजे मैया पांव... शंकर चौड़ा रे महामाई कर रही सोला रे सिंगार माई कर रही... मेरी मैया मेरे घर आई मैं तो झूम झूम बाटू बधाई आदि अनेकों भजनों से वहां उपस्थित सभी भक्तों का मन मोह लिया। सभी गायकों एवं उनके साथ आए म्यूजिक साथियों को मंडल के सदस्यों ने पुष्प माला पहनाकर सभी का अभिवादन किया। इस महोत्सव को सफल बनाने में श्री रानी सती दादी मंडल, जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, मारवाड़ी महिला एकता शाखा ने अपनी मुख्य भूमिका निभाई,आज इस महोत्सव पर शिव प्रसाद राजगढ़िया, दीपक सर्राफ, जय प्रकाश शर्मा, राम प्रकाश मोदी, चंदन राजगढ़िया, अजय पोद्दार, शिव प्रसाद पोद्दार, किशोर बंका, सुरेश पोद्दार, पवन पोद्दान, सूरज पोद्दार, नरेंद्र मित्तल, चंदू पोद्दार, विमल बंका, मनीष राजगढ़िया, अमर पोद्दार, रुपेश चौधरी, अवधेश मित्तल, अनुराग पोद्दार, प्रतीक पोद्दार, सुभाष राजगढ़िया, रितेश बंका, संजय अग्रवाल, निखिल सर्राफ, अमित बंका, नीरज मित्तल, शुभम शर्मा, शैलेश पोद्दार, दीपक पोद्दार, मनीष पोद्दार, हनुमान पोद्दार, कन्हैया राजगडरिया, निशांत सर्राफ, मयंक मोदी, अभिषेक पोद्दार, अभिषेक अग्रवाल, संजय अग्रवाल, उदय केसरी, अतुल सराफ, दीपक अग्रवाल, सोना केडिया, शशांक बर्मन, यष मित्तल, हेमंत वर्मा, ज्ञान अग्रवाल, सनीं केसरी, अंकित टिबरेवाल आदि और काफी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

## आयोजन | यूथ कांग्रेस का यूथ जोड़ो-बूथ जोड़ो कार्यक्रम आयोजित

# ‘यूथ कांग्रेस को नए जोश से काम करना होगा’

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




जिला कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को यूथ कांग्रेस का यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मौके पर प्रभारी निशा भगत ने कहा युवा कांग्रेस के विस्तार के लिए सभी युवा साथी को आगे बढ़कर मेहनत लगन और नए जोश के साथ कार्य करना होगा। राहुल गांधी का कदम से कदम मिलाकर यूथ कांग्रेस चलेगा। लोहरदगा जिला युवा कांग्रेस सक्षम है कि यूथ जोड़ों बूथ जोड़ो कार्यक्रम कि शुरूआत हर प्रखंड कमेटी करेगी। प्रखंड कमेटी का दायित्व है कि युथ जोड़ों बूथ जोड़ो कार्यक्रम पंचायत से लेकर बुथ तक कर हर घर से नए सदस्य को जोड़ा जाय। कांग्रेस पाटी ने देश के लिए सारा जीवन न्योछावर कर दिया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी का संदेश फैलाने का संकल्प लेकर देश के कोने कोने तक जाएंगे। आगामी विधानसभाओं और फिर आम चुनाव भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना है। प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद में कहा यूथ ने जब जब चाहा सरकारें बदल दी है। अभी केंद्र सरकार का पिछला बयान जो था कि हम सरकार में आयेंगे तो सबसे पहले युवाओं के लिए 2 करोड़ रोजगार देंगे। सभी सरकारी सेक्टर अपने साथी पूंजीपतियों के द्वारा बेचा जा रहा है। लोगों को ठगने की लगातार कोशिश की जा रही है। मोदी सरकार जाति धर्म के नाम पर लगातार लोगो को भड़काया है। आज जहां तक बात है कि सभी जाति धर्म के लोग केंद्र सरकार के रवैया से परेशान है। चाहे वो किसान हो देश का जवान हो महिला आए दिन आदिवासीयो के साथ शोषण अल्पसंख्यक के साथ लागातार मॉब लिंचीग, दलितों को परेशान किया जा रहा है, जो किसी से छुपी नहीं है। जिसे बदलाव लाने के लिए राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक पदयात्रा की। मौके पर यूथ कांग्रेस के जिला प्रभारी निशा भगत, जिला उपाध्यक्ष कविश जायसवाल, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, महासचिव फहद खान समेत अन्य उपस्थित थे।

# बाइक के धक्के से पंचायत सेवक घायल, गुमला रेफर

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**



चैनपुर मुख्यालय के पुराना बैंक आफ इंडिया के समीप मोटरसाइकिल के धक्के से चैनपुर प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित पंचायत सेवक लक्ष्मण खड़िया गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे स्थानीय राहगीरों एवं प्रशासन के सहयोग से चैंनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार लक्ष्मण खड़िया ड्यूटी से आने के बाद टहलने के लिए निकले थे तभी पीछे से आ रहे स्कूटी सवार युवक ने उन्हें जोरदार धक्का मार दिया। इससे उनका बायां पैर टूट गया। वहीं नाक से ब्लड आने के साथ साथ दाहिने कंधे में भी चोटें आई। जिसके बाद तुरंत उन्हें चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डाक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने स्कुटी सवार को भी पकड़कर पूछताछ कर रही है।

# विश्वकर्मा पूजा व योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत करेंगे। इसी दिन विश्वकर्मा जयंती भी है। ऐसे में योजना की बड़े स्तर पर लॉन्चिंग के लिए सरकार के 70 मंत्री देश के 70 शहरों में तैनात रहेंगे। जबकि पीएम मोदी दिल्ली से सुबह 10.30 बजे वर्चुअली इस योजना की शुरूआत करेंगे। बता दें इसी दिन पीएम मोदी का भी जन्मदिन भी है। ऐसे में वो विश्वकर्मा योजना को लॉन्च कर कामगार वर्ग के करोड़ों लोगों को सीधा प्रभावित करेंगे। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजधानी में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, द्वारका में इस योजना का शुभारंभ करेंगे। ऐसे में देश के पीएम को जन्म दिन की बधाई कुछ शर्तों के साथ। हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि जहां एक ओर उनकी लोकप्रियता में विस्तार हो रहा है,वहीं विपक्ष आक्रामक भूमिका में दिख रही है। उसका कारण देश प्रेम है,या कुछ यह तो कांग्रेस ही बता पायेगी। लेकिन कुछ बातें हैं जिस पर गौर करने की जरूरत है। आखिर धुंआ के उठने के पीछे कहीं न कहीं चिंगारी का होना यह साबित करता है कि अगर ध्यान नहीं दिया तो आग भी लग सकती है। ऐसे में आधुनिक कल कारखाने और सृष्टि के रचनाकार की जयंती के दिन पीएम विश्वकर्मा योजना उन असहाय मजदूरों और कल कारखाने से जुड़े करोड़ों लोगों को काफी राहत देने वाली है। योजना के तहत लाभार्थियों को रियायती ब्याज दर पर कोलेटरल फ्री कारोबार विकास लोन के अलावा, ई-वाउचर या ईआरयूपीआई के माध्यम से टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में सभी को 15 हजार रुपये मिलेंगे। इसके अलावा, कारीगरों को हर महीने अधिकतम 100 ट्रांजेक्शन के लिए हर ट्रांजेक्शन पर 1 रुपये का प्रोत्साहन भी दिया जायेगा। यहां यह जानना जरूरी है कि आखिर यह योजना क्या है। कारोबार को शुरू करने और उसे विस्तार करने के लिए यह योजना 1 लाख लोन पहले चरण में देती है। वहीं दूसरे चरण के दौरान कामगारों को यह योजना 2 लाख तक का रियायती लोन प्रोवाइड कराता है। इस योजना के तहत 18 तरह के कामगारों को शामिल किया गया है। ऐसे में केंद्र सरकार की इस योजना से लोहार, कुम्हार, राज मिस्त्री, धोबी, फूलों का काम करने वाले, मछली का जाल बुनने वाले, ताला-चाबी बनाने वाले, मूर्तिकार आदि को लाभ मिलेगा। साथ ही कुछ अन्य क्षेत्र के श्रमिकों को भी इसका लाभ मिलेगा। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पहले चरण में एक लाख रुपये तक का कर्ज दिया जायेगा। इस पर ब्याज की दर ज्यादा से ज्यादा 5 फीसदी होगी। उसके बाद दूसरे चरण में योग्य कामगारों को 2-2 लाख रुपये का रियायती कर्ज दिया जायेगा। साथ ही इन कारीगरों ओर शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाणपत्र और पहचान पत्र भी दिये जायेंगे। वहीं आधुनिक उपकरण खरीदने के लिए 15 हजार रुपये की मदद भी दी जायेगी। कामगारों के लिए सरकार ने इस योजना के तहत पांच साल (वित्तीय वर्ष 24-28) की अवधि के लिए 13,000 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस योजना के तहत न्यूनतम आयु 18 साल रखी गई है। परिवार के एक ही सदस्य को इस योजना का लाभ मिलेगा। आवेदन करने वालों को स्व-घोषणा पत्र भी देना होगा। ऐसे में आज के इस पवित्र दिन से कामगारों के जीवन में इस योजना से बहार आयेगी। यह उम्मीद हम सभी कर सकते हैं।

**प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजधानी में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, द्वारका में इस योजना का शुभारंभ करेंगे। ऐसे में देश के पीएम को जन्म दिन की बधाई कुछ शर्तों के साथ। हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि जहां एक ओर उनकी लोकप्रियता में विस्तार हो रहा है,वहीं विपक्ष आक्रामक भूमिका में दिख रही है।**

# लैंगिक दृष्टि से संवेदनशील स्थायी परिवर्तन को प्रोत्साहन

**जी20 की भारत की अध्यक्षता के तहत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के एजेंडे को व्यापक प्रोत्साहन मिला है। अब समय आ गया है कि महिलाएं विकास की प्रक्रिया का नेतृत्व करने के लिए आगे आयें**





संगीता रेड्डी

जी20 एम्पॉवर वैश्विक स्तर की एक ऐसी पहल है, जो शिक्षा और आर्थिक भागीदारी के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु जी20 देशों की सरकारी संस्थाओं और निजी संगठनों को एक मंच पर लाती है। महिला सशक्तिकरण की कहानी में एक महत्वपूर्ण मोड़ उस समय आया जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास' की अवधारणा पेश की। भारत के लिए खास यह अभिनव दृष्टिकोण अब जी20 एम्पॉवर के साझा शब्दकोष का हिस्सा बन गया है। इस दृष्टिकोण ने अपना ध्यान महिलाओं को मात्र सशक्त बनाने से हटाकर ऐसे माहौल को बढ़ावा देने पर केन्द्रित किया है, जहां महिलाएं केवल लाभार्थी हों भर न हों बल्कि विकास की अगुआ भी हों। जी20 एम्पॉवर की भारत की अध्यक्षता के तहत, हमने इस अवधारणा को पूरे दिल से अपनाया है और कथानक में इस परिवर्तन को दर्शाते हुए एक रोडमैप बनाने का प्रयास किया है। हमारा ध्यान तीन पहलुओं पर है: शिक्षा, महिला उद्यमिता और सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी बनाना। हमारा मानना? है कि डिजिटल समावेशन इन सभी क्षेत्रों में एक साझा विषय है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि महिलाओं को सफल होने के लिए आवश्यक डिजिटल उपकरण और संसाधन उन्हें समान रूप से सुलभ हों। शिक्षा के क्षेत्र में, हम महिलाओं के लिए एसटीईएम शिक्षा और उच्च विकास वाली नौकरी के अवसरों को और अधिक सुलभ बनाने की हिमायत कर रहे हैं। हम विभिन्न बड़ी कंपनियों को प्रशिक्षुता कार्यक्रमों और भविष्योन्मुखी समावेशी पाठ्यक्रम में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। हम विभिन्न सरकारों से ऐसी स्पष्ट नीतियों और कानूनी ढांचे से लैस 'संपूर्ण-सरकार' का दृष्टिकोण अपनाने का भी आग्रह कर रहे हैं, जो महिलाओं और लड़कियों को निरंतर सीखने के लिए प्रोत्साहित करे। महिला उद्यमिता के संदर्भ में, हमने महिला उद्यमियों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के उद्यमियों के उत्थान के लिए एक व्यापक रणनीति विकसित की है। हमारा मानना ? है कि महिला उद्यमियों को अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनने में समर्थ बनाना एक लाभकारी सौदा है - यानी व्यापक लैंगिक समानता के साथ एक समृद्ध अर्थव्यवस्था। हम निजी क्षेत्र को न केवल एक वित्तपोषक एवं खरीददार के रूप में, बल्कि एक मार्गदर्शक एवं विकास के उत्प्रेरक के रूप में भी आगे आने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। हम सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हम निर्णय लेने वाले स्तर पर महिलाओं के पहुंचने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम विकसित कर रहे हैं, समावेशी कार्यस्थल से जुड़ी नीतियां पेश कर रहे हैं, लैंगिक विविधता के आयामों की नियमित समीक्षा व उसके बारे में प्रकाशन कर रहे हैं और महिला कर्मचारियों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित कर रहे हैं।

**हम विभिन्न सरकारों से ऐसी स्पष्ट नीतियों और कानूनी ढांचे से लैस 'संपूर्ण-सरकार' का दृष्टिकोण अपनाने का भी आग्रह कर रहे हैं, जो महिलाओं और लड़कियों को निरंतर सीखने के लिए प्रोत्साहित करे।**

**इन दिनों**

महिलाओं को वास्तव में सशक्त बनाने के लिए, हमें समाज के सभी स्तरों पर नेतृत्व और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भूमिका को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। हमें भारत की अध्यक्षता में इस पहल के तहत प्राप्त छह ठोस परिणामों को रेखांकित करने का विशेष रूप से गर्व है। सबसे पहले, हमने टेकइक्विटी प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया है, जो महिलाओं को ज्ञान के माध्यम से आगे रहने में मदद करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया एक अनूठा डिजिटल प्लेटफॉर्म है। कुल 120 भाषाओं में उपलब्ध इस प्लेटफॉर्म के अगले छह महीनों में कम से कम दस लाख महिलाओं तक पहुंचने की उम्मीद है। दूसरा, हमने एक केपीआई डैशबोर्ड विकसित किया है जो महिला सशक्तिकरण एवं प्रतिनिधित्व के मामले में हुई प्रगति का पता लगाने के लिए एक मापने योग्य एवं व्यवस्थित तरीका प्रदान करता है। मजबूत कार्यप्रणाली का उपयोग करके इन आंकड़ों पर लगातार नजर रखकर, हम सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु रुझानों, मूल कारणों और संभावित उपायों की पहचान कर सकते हैं। तीसरा, हमने एक 'उत्कृष्ट कार्यप्रणाली प्लेबुक' बनाई है। यह एक सर्वेक्षण-आधारित विश्लेषणात्मक उपकरण है, जो उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों को संकलित करता है और इसे दुनिया भर की प्रभावी रणनीतियों एवं कार्यप्रणालियों को साझा करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। इस प्लेबुक के 2023 संस्करण में जी20 के 19 सदस्य व अतिथि देशों की 149 उत्कृष्ट कार्यप्रणालियां संकलित हैं। चौथा, हमने जी20 देशों और अतिथि देशों की सफल महिलाओं की सफलता की कहानियों को सामने लाने के उद्देश्य से जी20 एम्पॉवर की वेबसाइट पर प्रेरणादायक कहानियों का एक विशेष खंड तैयार किया है। जी20 एम्पॉवर की वेबसाइट पर 10 देशों की 73 प्रेरणादायक कहानियां प्रदर्शित की गई हैं। पांचवां, हमारी अध्यक्षता के तहत, भारत ने हिमायत करने वालों के नेटवर्क का विस्तार करने और संकल्प को अपनाने के लिए जी20 एम्पॉवर पहल का समर्थन करना जारी रखा है। जी20 एम्पॉवर के हिमायत करने वालों के नेटवर्क, जिसमें लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध प्रभावशाली संगठन शामिल हैं, ने अपना विस्तार करना जारी रखा है और जी20 देशों में इसके समर्थकों की संख्या 500 से अधिक हो गई है। इन पहलों के अलावा, हमने 'गांधीनगर घोषणा' भी पेश की है। यह घोषणा निजी क्षेत्र की ओर से लैंगिक समानता के प्रति एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता है। इस घोषणा के तहत, कंपनियां यह सुनिश्चित करने का संकल्प लेती हैं कि उनकी श्रमशक्ति में कम से कम 30 प्रतिशत महिलाएं शामिल होंगी। उन क्षेत्रों में जहां श्रमशक्ति में पहले से ही 30 प्रतिशत महिलाएं मौजूद हैं, यह घोषणा इस बात को सुनिश्चित करने तक जाती है कि उक्त संगठन के सभी स्तरों पर 30 प्रतिशत महिलाएं मौजूद हों। 30 गुणा 30 की यह शक्तिशाली घोषणा, जिसके लक्ष्य को 2030 तक पूरा कर लेना है, अपेक्षाकृत अधिक न्यायसंगत एवं समावेशी श्रमशक्ति के निर्माण की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

**(लेखिका जी20 एम्पॉवर की अध्यक्ष और फिक्की की भूतपूर्व अध्यक्ष हैं; ये उनके निजी विचार हैं)**

## बोधि वृक्ष

*आइये सुने कथा हिंदू भगवान धर्मराज तथा चित्रगुप्त कि वास्तविक कहानी*

**क्या धर्मराज पूज्य भगवान और मोक्ष प्रदान करने वाले हैं?**

जैसा कि नाम से ही पता चलता है कि धर्म + राज अर्थात धर्म और सत्य का शासन करने वाले भगवान। हिंदू धर्म के अनुसार धर्मराज (यम) / यमराज को न्याय और मृत्यु का देवता भी माना जाता है जो प्राणियों के सभी कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं और कर्मों के अनुसार प्राणियों को पुरस्कृत या दंडित करते हैं जिसका उल्लेख सूक्ष्म वेद में सच्चिदानंदघन ब्रह्म की अमृत वाणी में भी किया गया है। धर्मराज (यम) ब्रह्म काल के 21 ब्रह्मांडों में से एक ब्रह्मांड में मुख्य न्यायाधीश हैं जो हर प्राणी के सभी कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। धर्मराज कानून व्यवस्था और प्राणियों को दंड या प्रतिफल देने के लिए जिम्मेदार हैं। कर्मों के अनुसार, धर्मराज आत्माओं को स्वर्ग, नरक और 84 लाख योनियों में कष्ट भोगने के लिए मृतलोक में भेजते हैं। धर्मराज (यम) को अक्सर भैंसे की सवारी करते हुए चित्रित किया जाता है। उनका निवास स्थान नरक (यमलोक) है जो यमदूतों के द्वारा संचालित है। भगवान सूर्य और अंजना देवी के पुत्र धर्मराज (यम) शनि देव और यामी के भाई भी है जिन्हें अक्सर चित्रों और मूर्तियों में आत्माओं को पकड़ने के लिए फंदा और गदा पकड़े हुए दिखाया जाता है। पृथ्वी लोक में किसी जीव का जीवन काल पूरा होने पर उसकी मृत्यु हो जाती है। धर्मराज (यम)/ यमराज अपने दूतों (यमदूतों) को शरीर से आत्मा को बाहर निकालने के लिए भेजते हैं। आत्मा को धर्मराज (यम) के दरबार में पेश कर उसका लेखा-जोखा देखा जाता है। आत्मा का लेखा जोखा रखने के कारण धर्मराज (यम) का संबंध चित्रगुप्त से है।

**कौन हैं चित्रगुप्त?**

भगवान के नियमों के अनुसार धर्मराज (यम) के दो दूत हैं जिनके नाम हैं चित्र और गुप्त। ये दोनों हर प्राणी के सारे कर्मों का लेखा जोखा चुपचाप तैयार करते हैं।

*(क्रमशः)*

# हिन्दी दिवस सप्ताह बाकी दिन असहाय!


डॉ. रमेश ठाकुर

***रोजाना*** करीब छोटे-बड़े दैनिक, साप्ताहिक और अन्य समयावधि वाले 5,000 हजार से कहीं अधिक अखबार प्रकाशित होते हैं और 1500 के करीब पत्रिकाएं हैं, 400 से ज्यादा हिन्दी चैनल हैं। बावजूद इसके हिन्दी का ऐसा हाल। मौलिक रूप से या कागजी तौर पर, बेशक हिन्दी को बढ़ावा देने की वकालत हुकूमतें और समाज करता है? पर, असल सच्चाई तो यही है कि हिन्दी एक वर्ग मात्र तक ही सिमटती जा रही है। हिन्दी आजादी के 75 वर्ष बाद, यानी अमृतकाल में कहां खड़ी है, उसकी घनघोर तरीके से समीक्षा होनी चाहिए। एक तस्वीर जो इस वक्त उभरी है, वो ये है कि हिन्दी गरीबों की मुख्य जुबान, कामगारों का आपस में बतियाना, ग्रामीण अंचल की अव्वल भाषा व सामान्य बोलचाल तक ही सीमित हो गई है। अंग्रेजी व अन्य भाषाएं जिस हिसाब से विस्तार ले रही हैं, उससे हिन्दी बहुत पीछे पिछड़ती जा रही है। बात ज्यादा पुरानी नहीं है, मात्र 9-10 साल पहले की है। 2014 में जब केंद्र की सियासत में नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री के तौर पर आगमन हुआ तो उन्होंने हिन्दी के चलन को लेकर अप्रत्याशित कदम उठाये। सभी मंत्रालयों में हिन्दी को अपनाने का आदेश हुआ। साथ ही हिन्दी भाषा के ज्यादा से ज्यादा प्रचलन को लेकर बड़ा अभियान भी छेड़ा। कुछ समय के लिए तो अभियान ने खूब जोर पकड़ा। लेकिन धीरे-धीरे शांत पड़ गया। शांत पड़ने के पीछे लोगों की उदासीनता दिखी। जबकि, प्रधानमंत्री ने बड़ी ईमानदारी से इस ओर कदम उठाया था। बहरहाल, ज्यादातर सरकारी विभागों और केंद्रीय मंत्रालयों में हिन्दी का प्रचलन अब भी अच्छा खासा है। लेकिन जितना होना चाहिए, उस हिसाब से हिन्दी भाषा को तवज्जो नहीं मिल रही। कागजी कोशिशों में कोई कमी नहीं है। पर, धरातल पर सब शून्य ही है। केंद्र सरकार हिन्दी को बढ़ावा देने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही, पर समाज साथ नहीं दे रहा। समाज के दिलो-दिमाग पर अंग्रेजी का भूत सवार है। प्रत्येक व्यक्ति अपने बच्चों को अंग्रेजी की शिक्षा दिलवाना चाहता है। सरकारी स्कूलों को छोड़कर, अंग्रेजी वाले स्कूलों की पूछ पकड़ रखी है। अंग्रेजी के नाम पर निजी स्कूल खूब चांदी काट रहे हैं। खैर, इसके पीछे जो कारण हैं, वो हमारे सामने हैं। अव्वल तो हिन्दी बोलने वाले को लोग गंवार और ठेठ देहाती मानते हैं। अंग्रेजी वाले पढ़े-लिखों की जमात से हिन्दीभाषियों को अपने से दूर समझती है। बेशक, अंग्रेजी बोलने वाला व्यक्ति ज्यादा पढ़ा-लिखा न हो, बस उसे अंग्रेजी आती हो, तो उसे पढ़ा-लिखा और समझदार माना जाता है। हालांकि, अंग्रेजी के बढ़ते चलन से किसी को कोई दिक्कत नहीं है। पर, उसके बढ़ते कदम हिन्दी को भी न रोकें ? वैसे, देखा जाए तो हिन्दी समाज खुद हिन्दी की दुर्दशा का सबसे बड़ा कारण है। उसका पाखंड है, उसका दोगलापन और उसका उनींदापन? ये सच है कि किसी संस्कृति की उन्नति उसके समाज की तरक्की का आईना होती है। मगर इस मायने में हिन्दी समाज बड़ा विरोधाभासी है। अब हिन्दी समाज अगर देश के पिछड़े समाज का बड़ा हिस्सा निर्मित करता है तो यह भी बिल्कुल आंकड़ों की हद तक सही है कि देश के समृद्ध तबके का भी बड़ा हिस्सा हिन्दी समाज ही है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि आज यह भाषा समाज की उपेक्षा का दंश झेल रही है। कह कुछ भी लें, मगर ये सच कि हिन्दी की लाज सिर्फ ग्रामीणों से ही बची है। क्योंकि वहां आज भी हिन्दी को ही पूजते हैं और मानते-बोलते हैं। वह आज भी हिन्दी के मुकाबले अंग्रेजी को उतना भाव नहीं देते। अंग्रेजी का हम विरोध नहीं करते, लेकिन उसके आड़ में हिन्दी की खिल्लियां भी नहीं उड़ाई जानी चाहिए। आधुनिक समय में हिन्दी भाषा की सच्चाई क्या है? शायद बताने की आवश्यकता नहीं किसी को? बड़े लोग, धनाढ्य वर्ग और विकसित समाज ने जब से हिन्दी भाषा को नकारा है और अंग्रेजी को संपर्क भाषा के तौर अपनाया है, तभी से हिन्दी के दिन लदने शुरू हुए।

**मौलिक रूप से या कागजी तौर पर, बेशक हिन्दी को बढ़ावा देने की वकालत हुकूमतें और समाज करता है? पर, असल सच्चाई तो यही है कि हिन्दी एक वर्ग मात्र तक ही सिमटती जा रही है।**

**हिन्दी दिवस सप्ताह**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

फूल चाहे कितनी भी ऊँची टहनी पर लग जाये, लेकिन... मिट्टी से जुड़ा रहता है तभी खिलता है.....!!

# ओजोन परत के बिना समाप्त हो जायेगा पृथ्वी पर जीवन


योगेश कुमार गोयल

***16 सितंबर*** 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदायी माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किये जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरुकता पैदा करने के लिए 1994 से प्रतिवर्ष 'विश्व ओजोन दिवस' मनाया जाता है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाये जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है। प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है और इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस थीम है 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः फिक्सिंग द ओजोन लेयर एंड रिड्यूसिंग क्लाइमेट चेंज' अर्थात 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन को कम करना'। आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री सेल्सियस वृद्धि की स्थितियों का आकलन किये जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नये लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में पिछले साल कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किये हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के दृष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए इन देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करना होगा। रिपोर्ट में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई थी कि जी-20 देशों की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम नहीं हो रही है, जहां अभी भी करीब 82 फीसदी जीवाश्म ईंधन ही इस्तेमाल हो रहा है और चिंताजनक बात यह मानी गई थी कि कुछ देशों में जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी भी दी जा रही है। भारत ने हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 2027 तक 47 फीसदी रखा है और 2030 तक सौ फीसदी इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का भी लक्ष्य है। नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई है। विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सहयोग से पर्यावरण पर छपी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के मुताबिक ओजोन परत की कमी से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है, सर्दियां अनियमित रूप से आती हैं, हिमखंड गलना शुरू हो जाते हैं और सर्दी की तुलना में गर्मी अधिक पड़ती है, पर्यावरण का यही हाल पिछले कुछ वर्षों से हम देख और भुगत भी रहे हैं। दरअसल ओजोन परत में कमी और मोटे होते जा रहे छिद्र के कारण पृथ्वी तक पहुंचने वाली पराबैंगनी किरणें हमारे स्वास्थ्य तथा पारिस्थितिकी तंत्र पर बहुत हानिकारक प्रभाव डालती हैं।

**नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई है। विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का दौर देखा जा रहा है।**

**पर्यावरण**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नीम के पत्तों से करें ब्लड शुगर कंट्रोल, खून भी होगा साफ



स्वाद में कड़वे नीम के पत्ते स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। भले ही इनका स्वाद कड़वा हो लेकिन इनमें पाए जाने वाले औषधीय गुण सेहत को कई तरह के फायदे देते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, सुबह उठकर खाली पेट नीम के पत्तों का सेवन करने से शरीर की कई बीमारियां दूर होती है।

## खून होगा साफ

नीम में ऐसे कई सारे औषधीय गुण मौजूद होते हैं जो खून को साफ करने में मदद करते हैं। यह खून में पाए जाने वाले टॉक्सिन्स को बाहर करके ब्लड डिटॉक्स करने में मदद करता है।

## ब्लड शुगर रहेगी कंट्रोल

डायबिटीज के मरीजों का संख्या भारत में बढ़ रही है। ऐसे में इस बीमारी को नियंत्रण करने के लिए आप सुबह खाली पेट नीम के पत्तों का सेवन करें। इससे आपका ब्लड शुगर कंट्रोल रहेगा।

## इम्यूनिटी बनेगी मजबूत

इन पत्तियों में पाए जाने वाले पोषक तत्व जैसे विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं। इसके अलावा सर्दी, जुकाम, बुखार जैसी बीमारियां को दूर करने के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जाता है।

## पेट के लिए फायदेमंद

नीम पेट के लिए भी फायदेमंद मानी जाती है। इसमें पाए जाने वाले पित्तनाशक गुण एसिडिटी में बेहद लाभकारी माने जाते हैं। सुबह खाली पेट इन पत्तियों को उबालकर पीने से कब्ज, पेट दर्द, आंतों में मौजूद कीड़े बाहर निकलते हैं।


## बुखार होगा कम

मानसून के बाद फैलने वाले डेंगू मलेरिया जैसी समस्याओं के लिए नीम के पत्ते बेहद लाभकारी माने जाते हैं। इन पत्तियों में पाया जाने वाला गैंडनिन नाम का पोषक तत्व मलेरिया के तेज बुखार को कम करने में मददगार साबित होता है।

## कैसे करें इन पत्तियों का सेवन?

नीम की पत्तियों का पेस्ट बनाकर या फिर उससे निकलने वाले रस का सेवन आप कर सकते हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि पत्तियां ताजी हों। एक समय में ज्यादा मात्रा में पत्तियों का सेवन न करें। इसके अलावा यदि आप किसी तरह की बीमारी से जूझ रहे हैं तो डॉक्टरी सलाह पर इन पत्तियों का सेवन करें।

# दिल से लेकर दातों तक को मजबूत करती है ब्रोकली



ब्रोकली वैसे दिखने में तो गोभी जैसा नजर आता है, लेकिन उससे कहीं ज्यादा फायदेमंद होती है। इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। बता दें प्रोटीन भी हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए प्रोटीन की पूर्ति के लिए इसका सेवन कर सकते हैं। साथ ही इसमें कैल्शियम, कार्बोहाईड्रेट, आयरन, विटामिन ए, सी और कई दूसरे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें कई प्रकार के लवण भी पाए जाते हैं, जो शुगर लेवल को संतुलित बनाए रखने में मददगार हैं।

**इम्यूनिटी को बूस्ट करता है ब्रोकली :** ब्रोकली में विटामिन सी प्रचूर मात्रा में पाई जाती है। विटामिन सी शरीर के इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने और संक्रमण से बचाने में मददगार है।

**दिल को रखती है स्वस्थ :** इसमें पाए जाने वाले सेलेनियम और ग्लूकोसिनोलेट्स जैसे तत्व दिल को स्वस्थ रखने वाले प्रोटीन को बढ़ाने का काम करते हैं। इसलिए यह दिल की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है।

**लीवर को करता है मजबूत :** ब्रोकली को डाइट में शामिल करने से लिवर क्षति का जोखिम कम होता है। साथ ही फैटी लिवर की समस्या में लाभ मिलता है। इसलिए लीवर को मजबूत बनाने के लिए ब्रोकली का सेवन करना चाहिए।

**प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए भी लाभकारी :** ब्रोकली में मौजूद प्रोटीन, आयरन, फोलेट और विटामिन सी जैसे पोषक तत्व प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए जरूरी माने जाते हैं। इसलिए प्रेग्नेंट महिलाओं को इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

**हड्डियों और दांतों की सेहत का रखती है ख्याल :** इसमें कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। जो हड्डियों और दांतों के लिए बहुत लाभकारी है।

# दूध से कई गुणा शक्तिशाली है चिया के बीज



पोषक तत्वों से भरपूर चिया के बीज स्वास्थ्य के लिए बेहद गुणकारी होते हैं। छोटे से दिखने वाले यह बीज विटामिन्स, मिनरल्स, ओमेगा-3 फैटी एसिड, फाइबर, प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट्स और कैल्शियम का भंडार होते हैं। इन बीजों में कैल्शियम की मात्रा दूध से पांच गुणा ज्यादा पाई जाती है। वहीं इसमें आयरन भी पालक से दौगुणी मात्रा में मौजूद होता है।

**कैंसर से बचाव :** चिया सीड्स में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। कई शोधों में यह बात सामने आई है कि इसमें पाए जाने वाले फाइबर और फाइटोकेमिकल्स के कारण यह एंटीकैंसर के प्रभाव को कम कर सकते हैं। इसके अलावा यह प्रोस्टेट कैंसर का खतरा कम करने में मदद करते हैं।

**वजन घटाने में करेगे मदद :** वजन कंट्रोल करने के लिए भी यह बीज बेहद लाभकारी माने जाते हैं सुबह नाश्ते में इनका सेवन करने के भूख शांत रहती है। ऐसे में यदि आप वजन कम करना चाहते हैं तो इन बीजों को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**हड्डियां बनाएंगे मजबूत :** इन बीजों में मौजूद कैल्शियम हड्डियां मजबूत बनाने में भी मदद करते हैं। ऐसे में बढ़ती उम्र के साथ हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए आप इन्हें अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**कोलेस्ट्रॉल करेंगे कंट्रोल :** यह बीज कोलेस्ट्रॉल करने में भी लाभकारी माने जाते है। इनमें पाया जाने वाला ओमेगा-3 फैटी एसिड कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने में मदद करते हैं।

**डायबिटीज करेंगे कंट्रोल :** यह बीज डायबिटीज मरीजों के लिए भी बेहद लाभकारी माने जाते हैं। इसमें मौजूद गुण ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद करते हैं।

**कब्ज से आराम :** चिया के सीड्स में मौजूद पोषक तत्व कब्ज से राहत दिलवाने में मदद करते हैं। इसमें पाया जाने वाला फाइबर मल त्यागने की प्रक्रिया आसान करने में मदद करते हैं। यदि आपको कब्ज रहती है तो आप इन्हें अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

## कैसे करें सेवन?

- इन बीजों का यदि आप पूरी तरह से फायदा लेना चाहते हैं तो रात को पानी में भिगोकर रख दें। अगले दिन स्मूदी या प्रोटीन सेक में मिलाकर इसका सेवन आप कर सकते हैं।
- इसके अलावा आप इन बीजों का पाउडर बनाकर इसका सेवन कर सकते हैं।
- नाश्ते में दही में डालकर आप इसे अपनी डाइट में शामिल कर सकते है।
- इसके अलावा किसी खाद्य पदार्थ पर छिड़क कर भी आप चिया सीड्स का सेवन कर सकते हैं।

# शरीर के लिए वरदान है अलसी के बीज



पोषक तत्वों से भरपूर अलसी के बीज स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी माने जाते हैं। नियमित तरीके से इनका सेवन करने से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से राहत मिलती है। यह ओमेगा-3 फैटी एसिड, विटामिन्स, मिनरल्स, प्रोटीन व फाइबर का काफी अच्छा स्त्रोत माने जाते हैं। नियमित इनका सेवन करने से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से राहत मिलती है। हाल में ही शेफ संजीव कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर इन बीजों का सेवन करने के तरीका बताया है।

## फाइबर से भरपूर

यह बीज फाइबर का बहुत अच्छा स्त्रोत माने जाते हैं सिर्फ 7 ग्राम अलसी के बीजों में करीबन 2 ग्राम फाइबर मौजूद होता है। इसमें घुलनशील और अघुलनशील दोनों तरह के फाइबर मौजूद होते हैं। अघुलनशील फाइबर आंतों में मौजूद पानी को अवशोषित करके पाचन धीमा कर देते हैं। इसके अलावा इनका सेवन करने से ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल का स्तर नियंत्रित रहता है। वहीं इसमें पाया जाने वाला अघुलनशील फाइबर मल त्याग की प्रक्रिया को आसान बनाने में मदद करता है।

## डायबिटीज करेंगे कंट्रोल

इन बीजों में पाए जाने वाले पोषक तत्व ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद करते हैं। वहीं साबुत अलसी रक्त शर्करा में पाया जाने वाला इंसुलिन और प्रतिरोधक क्षमता को रोकती है। इसमें पाया जाने वाला अघुलनशील फाइबर रक्त शर्करा को कम करने में मदद करता है। टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों के लिए यह बीज बेहद फायदेमंद माने जाते हैं।

## कोलेस्ट्रॉल करेंगे कंट्रोल

अलसी के बीजों में ओमेगा-3 फैटी एसिड काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है यह पोषक तत्व ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल का स्तर कंट्रोल करने में मदद करते हैं। यदि आपका ब्लड प्रेशर बढ़ता है तो यह बीज आपके लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

## इम्यूनिटी बनेगी मजबूत

अलसी के बीजों में पाया जाने वाला ओमेगा 6 फैटी एसिड त्वचा को हेल्दी रखने के साथ-साथ इम्यूनिटी मजबूत बनाने में भी मदद करता है।

## वजन करेगे कम

वजन नियंत्रित करने में भी यह बीज बेहद लाभकारी माने जाते हैं। यह फाइबर से भरपूर होते हैं इनका सेवन करने से आपका पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है और भूख कम लगती है। यदि आप वजन कम रना चाहते हैं तो इन बीजों को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

## शेफ संजीव कपूर के बताए हुए तरीकों से करें सेवन

फेमस शेफ संजीव कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर अलसी के बीजों के सेवन करने का तरीका बताया है। उन्होंने बताया कि अलसी के बीजों के सेवन स्मूदी में किया जा सकता है। ज्यादा पोषण के लिए आप दलिया, सलाद या फिर ओट्स के साथ इनका सेवन कर सकते हैं। दही, फल व जूस आदि में डालकर भी आप इन बीजों का सेवन कर सकते हैं।

# प्याज की परतें



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)

एक बार की बात है। नाटकगंज के सब्जी मंडी में पियाजीलाल नाम एक विनम्र प्याज रहता था। पियाजीलाल नाम का यह प्याज कोई साधारण प्याज नहीं था। उसे पूरे राज्य में सबसे भावुक और नाटकीय प्याज के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त थी। एक दिन, पियाजीलाल ने भोजन तैयार कर रहे एक रसोइये को खुद को छीलते हुए पाया। जैसे ही उसकी त्वचा की प्रत्येक परत छिल गई, पियाजीलाल रोने और कराहने के अलावा कुछ नहीं कर पाया। वह रोते हुए कहने लगा - 'ओह, बहुत दर्द हो रहा है! दुनिया के सामने मेरी सच्चाई उजागर होने की पीड़ा! मेरे काले चिट्ठे पर चढ़ीं सुरक्षा की परतें चली गईं!' रसोइये ने नौटंकी कर रहे पियाजीलाल पर से अपनी आँखें घुमाईं और छीलना जारी रखा। हर परत के साथ पियाजीलाल की चीखें तेज होती गईं। पियाजीलाल विद्रोही स्वर में कहने लगा, 'अफसोस, मेरे बाहरी आवरण, मेरे दोस्तों! मैं तुम्हें अलविदा कहता हूँ! मेरा काला चिट्ठा प्रकट हो रहा है, और यह मेरी सहमी हुई आत्मा के लिए सहन करने योग्य नहीं है।'

पियाजीलाल के नाटकीय प्रदर्शन की बात पूरी रसोई में फैल गई और जल्द ही सभी सब्जियाँ इस तमाशे को देखने के लिए इकट्ठा हो गईं। जब पियाजीलाल अपनी छिली हुई स्थिति पर शोक व्यक्त कर रहा था तब गाजर, आलू और यहां तक कि कटे हुए सलाद के टुकड़े भी उसे विस्मय से देख रहे थे। किंतु, अराजकता के बीच, लल्लू नाम का एक बहादुर छोटा लहसुन हस्तक्षेप करने के अलावा कुछ नहीं कर सका। व्यंग्यपूर्ण लहजे में लल्लू ने कहा, 'बहुत हुई नौटंकी, कृपया अपना रोना-धोना बंद करो, पियाजीलाल! हम सभी जानते हैं कि छीलना हमारी सब्जियों के जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा है। तुम छीलने वाले न तो पहले प्याज हो और न ही आखिरी।'

पियाजीलाल ने और भी जोर से सिसकते हुए कहा, 'लेकिन लल्लू, तुम नहीं समझते! मेरी परतें ही मेरे लिए सब कुछ थीं! अब हर कोई मेरी कमजोरी जैसे कोर को देख सकता है। सोचो अगर क्या होगा कि वे मुझे आंकने लगे? अब हर कोई मेरे बारे में अपने-अपने हिसाब से कुछ न कुछ कहेगा। क्या होगा अगर मैं स्वादिष्ट न निकला तो? मैं अपने को लेकर बहुत संवेदनशील हूं।'

लल्लू ने अपनी आंखें फेरीं और उत्तर दिया, 'ओह, अब बस भी करो! तुम्हारी परतें केवल बाहरी दुनिया से सुरक्षा करती थीं, लेकिन तुम्हारा असली स्वाद और मजा उस रसदार, आंसू-प्रेरक परतों में निहित है। अपने स्वभाव को गले लगाओ, पियाजीलाल! यही है गुण तुम्हें सामान्य से अलग करता है।'

पियाजीलाल ने जैसे तैसे अपने आंसू पोंछे। उसकी नौटंकी धीरे-धीरे थमने लगी। 'तुम सही कह रहे हो, लल्लू। शायद छीलना दुनिया का अंत नहीं है। शायद यह मेरे लिए अपना असली स्वाद दिखाने और इस भोजन में थोड़ा उत्साह जोड़ने का अवसर है।'

और इसलिए, पियाजीलाल ने, एक नए लचीलेपन के साथ, अपने छिलके वाले भाग्य को स्वीकार कर लिया। अब उसे अपनी खोई हुई परतों का शोक नहीं है, वह लंबा और गौरवान्वित खड़ा है, रसोइये की पाक रचना में इस्तेमाल होने के लिए तैयार है। और जैसे ही प्याज भून गया, सुगंध कमरे में भर गई, जिसमें पियाजीलाल का विशिष्ट, स्वादिष्ट सार चमकने लगा। उस दिन के बाद से, पियाजीलाल ने अपनी खुली नियति को स्वीकार कर लिया, और सभी सब्जियों को याद दिलाया कि हमारे भाग्य में केवल छीलना लिखा है। हमारी इतनी हैसियत नहीं कि हम किसी को छील सकें। यह छीलने और छिलाने का खेल सदियों से चला आ रहा है। देश में पियाजीलालों की कमी थोड़े न है। हर पाँच साल में मतदान कर छिलवाने के लिए तैयार रहते हैं।

## सूडोकु नवताल- 6824

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6823 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## दैनिक पंचांग

16 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 05.56 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | तुला | 08.07 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 10.21 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.37 बजे से |
| गुरु | मेष में | मकर | 14.42 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 16.29 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.02 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 19.32 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 21.12 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 23.10 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | कर्क | 01.24 बजे से |
| बजे तक | | सिंह | 03.40 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 259 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ला
**तिथि** प्रतिपदा 09.18 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 07.36 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र)04.12 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** बव 09.18 बजे तदनन्तर बालव 22.16 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 00.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 02° 49'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871738
**जूलियन दिन** 2460203.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सफर **तारीख** 30
**विशेष** चन्द्रर्शन, सामवेद उपाकर्म।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7886



**बाएँ से दाएँ**

1.इच्छा,मन्नत-2
3.आश्रय,शरण-3
6.ठाठ-बाट-2
8.प्रकार-3
10.आवरण-3
12.तीर्थ,धार्मिक यात्रा-3
14.ख्वाब,स्वप्न-3
17.घर,आवास-3
19.लोच-3
21.भस्म,खाक-2
23.निगाह,दृष्टि-3
25.संबोधन-2
26.देवर्षि-3
28.तिजोरी-3
30.तरंग,हिलोर-3
32.गुंडा,बदमाश-3
35.अनुकृति-3
37.नाप करना-3
39.थोड़ा-2
40.उल्टी,कै-3
41.मां के पिता-2

**ऊपर से नीचे**

1.सप्तम,सातवां-2
2.पृथ्वी,वसुंधरा-3
4.घ्राणेद्रिय-2
5.वासना,लालसा-3
7.खुमार,सरुर-2
9.रनिवास (उर्दू-3)
11.चतुर,तेज-3
13.थकावट-3
15.नृत्य करना-3
16.कुल,खानदान,वंश-3
18.पुराना जुकाम-3
20.कटि,शरीर का मध्यांग-3
22.ईमामदस्ता-3
24.नकद राशि,रोकड़-3
27.जलने की क्रिया-3
29.रवानगी,विदा होना-3
31.राशि,धन-3
33.आलेप करना, पोतना-3
34.रहस्य-2
36.बुरी आदत-2
38.अनेक प्रकार-2

शब्द पहेली -7885 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**वृष राशि :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**मिथुन राशि :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**कर्क राशि :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**सिंह राशि :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कन्या राशि :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**तुला राशि :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**वृश्चिक राशि :** आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**धनु राशि :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर राशि :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कुंभ राशि :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मीन राशि :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

## क्रिप्टो निवेश घोटाले में नाम आने के बाद गोविंदा ने दी सफाई



**मुंबई।** ऑनलाइन धोखाधड़ी के एक हजार करोड़ रुपये के घोटाला में अपना नाम आने के बाद फिल्म अभिनेता गोविंदा ने सफाई दी है। गोविंदा के मैनेजर ने इस खबर को भ्रामक बताया है। इस मामले में ओडिशा आर्थिक अपराध शाखा के अधिकारियों के अनुसार गोविंदा से पूछताछ की जाएगी। दरअसल, सोलर टेक्नो अलायंस ने क्रिप्टो निवेश के नाम पर अवैध रूप से एक ऑनलाइन पोंजी घोटाला चलाया था। अधिकारियों के अनुसार इसमें कथित तौर पर गोविंदा के प्रचारित और समर्थित करने की बात सामने आई है। इस मामले में गोविंदा के मैनेजर शशि सिन्हा ने मीडिया से कहा कि रिपोर्ट्स पूरी तरह सच नहीं हैं और गोविंदा का इससे कोई लेना-देना नहीं है। यह खबर पूरी तरह से भ्रामक है।

## बिहार के वैशाली में मछली व्यवसाई सहित 2 लोगों की हत्या

**हाजीपुर।** बिहार में विपक्ष कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर लगातार निशाना साधता रहा है। इस बीच प्रदेश में अपराधी पुलिस को चुनौती देते हुए घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पटना में गुरुवार की रात तीन लोगों की हत्या की घटना के बाद वैशाली जिले में अलग-अलग इलाकों में अपराधियों ने दो लोगों की हत्या कर दी। वैशाली जिले के नगर थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार की सुबह एक मछली व्यवसाई की गोली मारकर हत्या कर दी तो महनार में अपराधियों ने सो रहे बुजुर्ग की धारदार हथियार से वार कर जान ले ली।

## सपा नेता आजम खां के ठिकानों पर आयकर की कार्रवाई जारी

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खां के घर आयकर विभाग की छापेमारी शुक्रवार को भी जारी है। इस दौरान उनके घर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विभाग ने शुक्रवार को आजम खां के खिलाफ कर चोरी की जांच के तहत उनके आवास पर छापेमारी की कार्रवाई जारी रखी। आजम खां का घर और जौहर यूनिवर्सिटी पर सुरक्षा व्यवस्था भी काफी जबरदस्त रखी गई है। अंदर आयकर अधिकारी सर्च अभियान चलाए हुए हैं। वहीं, हमसफर रिसॉर्ट से लेकर एसबीआई तक टीम कार्रवाई कर रही है।

# देश को कुशल मल्टी-मॉडल परिवहन प्रणाली की जरूरत : राष्ट्रपति मुर्मू



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि देश को कुशल मल्टी-मॉडल परिवहन प्रणाली की आवश्यकता है। इसके लिए रेल, सड़क, वायु और जल परिवहन को समग्र दृष्टिकोण से निपटाया जाना चाहिए। भारतीय रेलवे (2019, 2020 और 2021 बैच) के 213 प्रोबेशनर्स के एक समूह ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रोबेशनर्स को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी वाणिज्यिक संगठन के विपरीत भारतीय रेलवे देश की सामाजिक जीवन रेखा है। यह आम लोगों के सपनों को साकार करता है। साथ ही इसकी राष्ट्रव्यापी कनेक्टिविटी देश की विविधता को प्रदर्शित करती है। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि भारतीय रेलवे लोगों को यादगार अनुभव प्रदान करने और भारतीयों और विदेशी आगंतुकों को विविध भारतीय संस्कृति की झलक प्रदान करने के लिए अपनी सेवाओं को उन्नत कर रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि रेलवे बुनियादी ढांचे का विकास देश की सामाजिक-आर्थिक वृद्धि और विकास को बड़ा बढ़ावा देता है। हरित प्रौद्योगिकी का उपयोग करके और विश्व स्तरीय सुविधाओं को जोड़कर "अमृत भारत स्टेशन योजना" के तहत रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास एक महान जन-केंद्रित पहल है, जो पर्यटन गतिविधियों और आर्थिक प्रगति को मजबूत बढ़ावा प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा अधिकारी आधुनिक हरित भारतीय रेलवे के निर्माण और एक विकसित राष्ट्र के निर्माण में उपयोगी भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रपति ने अधिकारियों को समग्र रूप से परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र में आवश्यक कौशल, ज्ञान और विशेषज्ञता हासिल करने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि उन्हें देश के भीतर और अन्य देशों की सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करना चाहिए और उन्हें अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को कुशल मल्टी-मॉडल परिवहन प्रणाली की आवश्यकता है, जिसके लिए रेल, सड़क, वायु और जल परिवहन को समग्र दृष्टिकोण से निपटाया जाना चाहिए, न कि अलग-थलग। उन्होंने भारतीय रेलवे के अधिकारियों से आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय में काम करने का आग्रह किया।

# संसद का विशेष सत्र : चुनाव आयुक्त की नियुक्ति सहित चार बिल होंगे पेश

### विपक्ष को हिडेन एजेंडा की आशंका

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने संसद का जो 18 से 22 सितंबर तक पांच दिनी विशेष सत्र बुलाया है, उसके लिए अब जारी एजेंडा में ऐसा कोई अति महत्वपूर्ण नहीं है जिसको लेकर मुद्दा बने। सरकार की तरफ से सत्र का जो चार एजेंडा जारी किया गया है, उनमें से एक है कि इस सत्र में आजादी के 75 साल की उपलब्धियों के बारे में बताया जाएगा। इसका मतलब है कि 75 साल में सबसे ज्यादा काम बीते 9 साल में हुआ है, इसका बखान किया जाएगा और इसे हेडिंग बनवाया जाएगा। क्योंकि सत्ताधारी पार्टी लगातार कह ही रही है कि अन्य दलों के राज में कुछ हुआ ही नहीं। दूसरा है मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा बिल, जिस पर सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। क्योंकि इस बिल में चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पूरी तरह से सत्ताधारी पार्टी पर निर्भर हो जाएगी। जिसे चाहेगी चुनाव आयुक्त बनाएगी। इस बिल के पास होने पर चुनाव आयुक्त की नियुक्त करने वाली समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश नहीं रहेंगे। केन्द्र सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023 लाने जा रही है। सरकार इस बिल को 10 अगस्त को राज्यसभा में पेश की थी।

विशेष सत्र में इस बिल पर राज्य सभा में चर्चा की जाएगी। यहां से बिल के पास होने के बाद इसे लोकसभा में पेश किया जाएगा। विपक्ष ने इस बिल के माध्यम से चुनाव आयोग की स्वतंत्रता खत्म होने की आशंका जताई है। क्योंकि बिल में प्रावधान किया गया है कि चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए तीन सदस्य कमेटी होगी। इस कमेटी में तीन में एक सदस्य प्रधानमंत्री होंगे। वहीं दूसरे सदस्य विपक्षी के नेता (विपक्ष के नेता नहीं होने पर लोकसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता) और तीसरा सदस्य कैबिनेट मंत्री होगा, जिसकी नियुक्ति प्रधानमंत्री करेंगे। विपक्ष को इसी प्रावधान पर ऐतराज है।

विपक्ष का कहना है कि प्रधानमंत्री खुद कमेटी के सदस्य होंगे। वह एक कैबिनेट मंत्री को भी इसका हिस्सा बनाएंगे। ऐसे में तीन सदस्यीय कमेटी में बहुमत सरकार के पास ही होगा। सरकार अपनी पसंदीदा को चुनाव आयुक्त नियुक्त कर सकती है। विपक्षी दलों का मानना है कि प्रधानमंत्री खुद एक पार्टी के सदस्य होते हैं। ऐसे में जब चुनाव होगा और उनकी पार्टी भी चुनाव में उतरेगी तो वह चुनाव आयोग को प्रभावित कर सकते हैं। इसके साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त की हैसियत भी कम कर दी जाएगी। विरोधी दलों का कहना है कि चुनाव आयुक्त का पद कैबिनेट सचिव के बराबर होगा ,यानि उसका पद केंद्र सरकार में राज्य मंत्री से भी नीचे का होगा।लेकिन विपक्षी दलों का यह भी कहना है कि जो चार बिल विशेष सत्र में सरकार ला रही है, उसमें कोई भी ऐसा नहीं है जिसे नवंबर या दिसंबर में होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में नहीं लाया जा सकता था।

बारामूला में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

# लश्कर-ए-तैयबा के 2 सहयोगी गिरफ्तार



**एजेंसी। बारामूला**

उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उड़ी इलाके से सुरक्षा बलों ने लश्कर आतंकियों के दो मददगारों को गिरफ्तार किया है। चिनार कॉर्प्स के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों को ऑपरेशन ईगल के तहत पकड़ा गया। चिनार कॉर्प्स ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि खुफिया सूचना के आधार पर 14 सितंबर को भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने विशेष नाका लगाया। इस दौरान दो संदिग्धों को जांच के लिए रोका गया, लेकिन दोनों ने मौके से भागने का प्रयास किया। इसके बावजूद सतर्क जवानों ने उन्हें दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 02 पिस्तौल, 05 हैंड ग्रेनेड और अन्य युद्ध जैसे सामान बरामद किए गए हैं।

# पत्रकारों के बहिष्कार का फैसला इंदिरा के आपातकाल जैसा : अनुराग ठाकुर



**एजेंसी। उदयपुर**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए द्वारा कुछ पत्रकारों के बहिष्कार के निर्णय की तुलना तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आपातकाल से की है। संक्षिप्त यात्रा पर शुक्रवार को उदयपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने पत्रकारों से कहा कि जिस तरह इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू कर लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश की थी, उसी प्रकार आईएनडीआईए ने कुछ पत्रकारों के बहिष्कार का निर्णय किया है। यह लोकतंत्र की आवाज को दबाने की ही कोशिश है। उन्होंने राजस्थान की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यहां महिला अत्याचार चरम पर है और कांग्रेस के नेता इस पर चुप हैं। मणिपुर हिंसा से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि सवाल उठाने वालों को राजस्थान में हुए कन्हैया हत्याकांड पर भी देखना चाहिए। राजस्थान के मुख्यमंत्री की कानून-व्यवस्था पर कोई पकड़ नहीं है। यही कारण है कि कन्हैया हत्याकांड के दो आरोपितों की जमानत हो गई है। ठाकुर ने पेट्रोल पंपों की हड़ताल पर कहा कि राजस्थान में महंगाई चरम पर है, पेट्रोल-डीजल के भाव आसमान को छू रहे हैं। राजस्थान सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर वैट अब तक नहीं घटाया।

# महंगाई की सबसे ज्यादा मार झेल रहे गरीब : खड़गे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने शुक्रवार को महंगाई के मुद्दे पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया और कहा कि सबसे गरीब 20 फीसदी आबादी कमरतोड़ महंगाई की मार झेल रही है। हिंदी में एक ट्वीट में, कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मोदी जी, इधर-उधर की बातें कर के जनता का ध्यान, 'महँगाई द्वारा महालूट', से हटाना चाहतें हैं। उन्होंने कहा, "मोदी सरकार की महालूट के चलते, कमरतोड़ महँगाई का सबसे अधिक खामियाजा 20% सबसे गरीब लोगों को भुगतना पड़ रहा है। खान-पान की चीजों के दाम आसमान छू रहें हैं और देश अब ये जान गया है कि उनकी तकलीफों का एकमात्र कारण भाजपा ही है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में जनता भाजपा को सबक सिखाकर, इस महालूट का बदला जरूर लेगी। कांग्रेस नेता ने कहा, महँगाई के मुद्दे पर - जुड़ेगा भारत, जीतेगा 'इंडिया'! उन्होंने अपने दावों के समर्थन में क्रिसिल अनुसंधान रिपोर्ट और खुदरा महंगाई के अगस्त के आंकड़ों के साथ ग्राफिक्स भी साझा किए।

# भारत ने दुनिया में लोकतांत्रिक आदर्शों को किया सशक्त : लोकसभा अध्यक्ष



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाने की वकालत करते हुए कहा है कि लोकतंत्र की जननी भारत ने सम्पूर्ण विश्व में लोकतांत्रिक आदर्शों को सशक्त किया है। उन्होंने राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में युवाओं से अपनी सक्रिय और रचनात्मकता भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए यह भी कहा कि आज के दिन युवा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय सहभागी बनने को संकल्पित हों। बिरला ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं। लोकतंत्र की जननी भारत ने सम्पूर्ण विश्व में लोकतांत्रिक आदर्शों को सशक्त किया है। आज जब हम आने वाली पीढ़ी का सशक्तिकरण के ध्येय के साथ यह दिन मना रहे हैं। मेरा विश्वास है कि यह सशक्तिकरण ज्ञान, कर्तव्य बोध और समर्पण से हो। उन्होंने राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में युवाओं से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह करते हुए आगे यह भी कहा, राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में युवा अपनी भूमिका निभाएं। रचनात्मकता और ऊर्जा से हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाएं। बड़े लक्ष्य प्राप्त करने का युवाओं का संकल्प भारत की प्रगति की उत्प्रेरक शक्ति है। आज के दिन युवा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय सहभागी बनने को संकल्पित हों।

## नूंह में मोबाइल इंटरनेट, एसएमएस सेवाएं निलंबित, धारा 144 लागू

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार ने नूंह जिले में मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवाओं को निलंबित कर दिया है, साथ ही शुक्रवार से दो दिनों के लिए धारा 144 लागू कर दी है। जिले में तनाव, आंदोलन, सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान और सार्वजनिक शांति में गड़बड़ी की आशंका के कारण निषेधाज्ञा लागू की गई है। राज्य सरकार के एक आदेश में कहा गया है: नूंह में मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवाएं 15 से 16 सितंबर तक निलंबित रहेंगी। यह आदेश जिला नूंह के अधिकार क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक व्यवस्था में किसी भी गड़बड़ी को रोकने के लिए लागू किया जाएगा।




## हुमा कुरेशी बनीं राइटर, लिखी नोवेल 'जेबा : एन एक्सीडेंटल सुपरहीरो'




**'गैंग्स ऑफ वासेपुर'**, 'बदलापुर', 'मोनिका- ओ माय डार्लिंग' और अपनी स्ट्रीमिंग सीरीज 'महारानी' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने अपने पहली फैंटेसी नोवेल 'जेबाः एन एक्सीडेंटल सुपरहीरो' लिखी है। एक्ट्रेस ने किताब में एक ऐसी कहानी बुनी है जो मैजिक, वंडर और इंटेंस पैशन को जोड़ती है। यह वीरता, परिवर्तन और विपरीत परिस्थितियों में अदम्य मानवीय भावना की कहानी है। अपने नोवेल के बारे में बात करते हुए, हुमा ने कहा, "मैंने सीखा है कि आप जो हैं, उसे अपनी सभी खूबियों और विशिष्टता के साथ स्वीकार करना सबसे सशक्त यात्रा है, जिसे कोई भी शुरू कर सकता है। हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जिसमें विविधता की आवश्यकता है, और प्रत्येक व्यक्ति की कहानी उस खूबसूरत मोजेक का एक टुकड़ा है। अभिनेत्री ने आगे उल्लेख किया, "उग्र महिलाओं की कहानियां सिर्फ समय की जरूरत नहीं हैं, वे टाइमलेस कहानियां हैं।

## फिल्म 'दोनों' का नया गाना 'अग्ग लगदी' हुआ रिलीज




**राजवीर** दओल और पलोमा स्टारर के ट्रेलर ने वेडिंग सीजन को वापस ला दिया है, जिसमें लीड एक्टर्स के किरदारों को प्रशंसकों से बहुत प्यार मिल रहा है। इस फिल्म को अवनीश बड़जात्या ने निर्देशित किया है। फिल्म के टाइटल ट्रैक से दर्शक पहले ही रूबरू हो चुके हैं, जो एक रोमांटिक गाना भी है। अब फिल्म से एक शादी सॉन्ग सामने आया है, जो लोगों को पार्टी के मूड में सेट करता है। इस गाने को फेस्टिव सॉन्ग ऑफ द ईयर माना जा रहा है, क्योंकि राजवीर-पालोमा इरशाद कामिल के लिखित गाने में शंकर-एहसान-लॉय की कंपोजिशन पर दर्शक दिल खोलकर झूमते नजर आते हैं।

## नेहा पेंडसे ने सनी देओल के साथ की गई शूटिंग के दिनों को किया याद



**एक्ट्रेस** नेहा पेंडसे, जो टीवी और फिल्म दोनों में अपने बहुमुखी प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं, ने एक बाल कलाकार के रूप में अपनी यात्रा को याद किया और एक्टर सनी देओल से मिली प्रशंसा पर खुशी जाहिर की। नेहा 'मे आई कम इन मैडम' के नए एपिसोड में मैडम संजना के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने एक बाल कलाकार के रूप में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में शुरूआत की। एंटरटेनमेंट वर्ल्ड में अपने शुरूआती दिनों को याद करते हुए, एक्ट्रेस ने कहाः मैंने डीडी चैनल पर एक टीवी सीरियल के साथ बाल कलाकार के रूप में एक्टिंग करियर शुरू किया, और 'प्यार कोई खेल नहीं' में एक्टर सनी देओल के साथ बड़े पर्दे पर अपनी शुरूआत की।" नेहा ने कहा, "मेरे माता-पिता हमेशा आर्ट और एंटरटेनमेंट के प्रति गहरी समझ रखते हैं और यहीं से यह सब शुरू हुआ। उस युग के दौरान, बाल कलाकार अपेक्षाकृत सीमित थे, क्योंकि कई लोग एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में बच्चों को शामिल करना वर्जित मानते थे।" उन्होंने कहा, मेरा डेस्टिनी पर भरोसा है। मुझे बाल कलाकार के रूप में कई शानदार प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। आगे बोलते हुए, नेहा ने विभिन्न कलाकारों के साथ काम करने के दौरान मिले समृद्ध अनुभवों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से सनी देओल द्वारा मिली प्रशंसा को साझा किया। नेहा ने कहा, "मैंने जिन प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम किया है उनमें से सनी देओल मेरे पसंदीदा में से एक हैं।

सहायता

## प्रधानमंत्री मोदी 17 को 'पीएम विश्वकर्मा' योजना लॉन्च करेंगे

# पारंपरिक शिल्प में लगे लोगों को होगा फायदा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को सुबह करीब 11 बजे इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, द्वारका, नई दिल्ली में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 'पीएम विश्वकर्मा' नाम से एक नई योजना लॉन्च करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पारंपरिक शिल्प में लगे लोगों को सहायता प्रदान करने पर प्रधानमंत्री का निरंतर फोकस रहा है। यह फोकस न केवल कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक रूप से समर्थन देने की इच्छा से प्रेरित है बल्कि स्थानीय उत्पादों, कला और शिल्प के माध्यम से सदियों पुरानी परंपरा, संस्कृति और विविध विरासत को जीवित और समृद्ध बनाए रखने की इच्छा से भी प्रेरित है।

पीएम विश्वकर्मा को 13,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ केंद्र सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित किया जाएगा। योजना के तहत बायोमेट्रिक आधारित पीएम विश्वकर्मा पोर्टल का उपयोग करके सामान्य सेवा केंद्रों के माध्यम से विश्वकर्माओं का निःशुल्क पंजीकरण किया जाएगा। उन्हें पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी। बुनियादी और उन्नत प्रशिक्षण से जुड़े कौशल उन्नयन, 15,000 रुपये का टूलकिट प्रोत्साहन, 1 लाख रुपये तक संपार्श्विक-मुक्त क्रेडिट सहायता (पहली किश्त) और 2 लाख रुपये (दूसरी किश्त) प्रदान की जाएगी। 5 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर, डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन और विपणन सहायता भी मिलेगी।

इस योजना का उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा या अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले विश्वकर्माओं द्वारा पारंपरिक कौशल के परिवार-आधारित अभ्यास को मजबूत और पोषित करना है। पीएम विश्वकर्मा का मुख्य फोकस कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करना और यह सुनिश्चित करना है कि वे घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत हों।

यह योजना पूरे भारत में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी। पीएम विश्वकर्मा के अंतर्गत अठारह पारंपरिक शिल्पों को शामिल किया जाएगा। इनमें (i) बढ़ई; (ii) नाव निमार्ता; (iii) कवचधारी; (iv) लोहार; (v) हथौड़ा और टूल किट निमार्ता; (vi) ताला बनाने वाला; (vii) सुनार; (viii) कुम्हार; (ix) मूर्तिकार, पत्थर तोड़ने वाला; (x) मोची (जूता/जूता कारीगर); (xi) मेसन (राजमिस्त्री); (xii) टोकरी/चटाई/झाड़ू निमार्ता/कॉयर बुनकर; (xiii) गुड़िया और खिलौना निमार्ता (पारंपरिक); (xiv) नाई; (xv) माला बनाने वाला; (xvi) धोबी; (xvii) दर्जी; और (xviii) मछली पकड़ने का जाल निमार्ता शामिल हैं।

### भाद्रपद कुशोत्पाटनी पिठौरी अमावस्या के मौके पर खाटू नरेश के दरबार में रहा धूम

# बाबा के भजनों से श्याम मंदिर गुंजायमान रहा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शुक्रवार को भाद्रपद कुशोत्पाटनी पिठौरी अमावस्या के मौके पर जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आए आपके दर्शन हमको दे दो बाबा श्याम..... के करण प्रिय भजनों के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। प्रातः 5 बजे मंगला आरती व बाल भोग अर्पित करके गर्भ गृह के पट बंद करके महास्नान अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा व मंदिर के सभी आचार्यों ने खाटू नरेश को गंगाजल, दूध, दही, शहद, गुलाब फूल, केसर, गुड़, इत्र के महामिश्रण से महास्नान करवाया। खाटू नरेश सहित सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाकर कोलकाता से मंगाए गए सुगंधित लाल गुलाब रजनीगंधा तुलसीदल पीला गेंदा मुरगन आदि फूलों की मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। इत्रों का राजा गुलाब रूह से खाटू नरेश का मसाज किया गया। पंचमेवा प्रसाद विभिन्न फलों का भोग अर्पित कर प्राप्त 8:30 बजे विशेष श्रृंगार आरती की गई। खाटू नरेश के श्याम रूप के दर्शन कर भक्त भाव विभोर हो रहे थे। खाटू नरेश की जय जयकारों से मंदिर परिसर गूंज रहा था। शारदा लोहिया उत्कर्ष लोहिया ने विशेष श्रृंगार सेवा जयपुर निवासी लक्ष्मी नारायण शर्मा मधु शर्मा ने सभी पोशाक तथा सर्वेश कुमार ने पंचमेवा प्रसाद की सेवा निवेदित की। बड़ी संख्या में भक्तजनो ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। इस अवसर पर मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढांढनिया श्याम सुंदर शर्मा अनिल नारनौली श्याम सुंदर जोशी सहित सैकड़ो भक्तजनों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई।

**शनिवार को 79 वा श्री श्याम भंडारा :** 16 सितंबर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 79 वा श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा । राजेश चौधरी बबीता चौधरी अपने परिवार के साथ भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों को आमंत्रित किया है। उपरूक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## अर्चित आनंद बने एफएआई के जन सूचना पदाधिकारी



**रांची।** अर्चित आनंद (अध्यक्ष) झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन को फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई), नई दिल्ली का जन सूचना पदाधिकारी बनाया गया है। एफएआई में पूरे देश आने वाले सभी तरह की आरटीआई यानि सूचना के अधिकार के तहत मांगे जाने वाली जानकारियों को अर्चित, फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की तरफ से उपलब्ध कराएंगे। अर्चित की नियुक्ति पर एफएआई के महासचिव राजीव मेहता ने अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया है। झारखंड फेंसिंग के जय कुमार सिन्हा,संजेश मोहन, करमवीर एवं अन्य ने भी अर्चित को बधाई दी।

# 'युवा उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए कदम उठा रही राज्य सरकार'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार ट्राइबल समुदाय के युवा उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए कई कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्राइबल उद्यमियों के लिए अलग से इंडस्ट्रियल पार्क बनाने का निर्देश दिया है। इस पर कार्य चल रहा है। जल्द ही इस इंडस्ट्रियल पार्क का लाभ ट्राइबल उद्यमियों को मिलेगा। इस कार्य में ट्राइबल चैंबर, फेडरेशन ऑफ झारखंड जैसे कई संस्थाओं को सहयोग देना होगा। उद्योग सचिव शुक्रवार को रांची के रेडीशन ब्लू होटल में सीआइआइ झारखंड की तत्वावधान में आयोजित ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय मंत्रालय और झारखंड सरकार ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को हर संभव मदद कर रही है। इसके लिए कई नीतियां बनायी गयी है। ट्राइबल उद्यमियों का इसका लाभ उठाना चाहिए। इन्हें प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कई प्रकार के फायदा दे रही है। समिट में सीआइआइ झारखंड राज्य काउंसिल के चेयरमैन उज्जवल चक्रवर्ती ने कहा कि झारखंड में आदिवासी समुदाय का विकसित होना जरूरी है। राज्य में ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप की संख्या बढ़ी है। इन्हें सही मंच देना जरूरी है। सीआइआइ झारखंड सीएसइआर के संयोजक सौरव रॉय ने कहा कि झारखंड में ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप पर और मजबूती से काम करने की जरूरत है। राज्य में कई वैल्यू चेंज आ रहे हैं। इसका कारण युवाओं का एंटरप्रेन्योरशिप में आना मुख्य कारण है। कई सेक्टर में एंटरप्रेन्योरशिप आ रहे हैं। यह झारखंड के सुखद संकेत है। कई लोग बड़े शहरों को छोड़ कर झारखंड में काम कर रहे है।



## रेस परियोजना के तहत आवासीय प्रशिक्षण शुरू

**रांची।** जिले में कार्यरत स्वयंसेवी संस्था लीड्स के तत्वावधान में मुरहू प्रखंड के लीड्स रिसोर्स सेंटर पेरका में शनिवार को रेस परियोजना के तहत युवाओं का तकनीकी प्रशिक्षण और उद्यमशीलता निर्माण को लेकर आवासीय प्रशिक्षण की शुरूआत हुई। प्रशिक्षण चार चरणों में होगा। इसका समापन छह अक्टूबर को होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन लीड्स के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर महेंद्र कुमार, ट्रेनर करम टोप्पो, मनीष सिंह, परियोजना के खूंटी डीपीएम अनंत कुमार तांती और नंदलाल मांझी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में खूंटी जिले मुरहू, सिमडेगा जिले के कोलेबिरा, रांची के नामकुम और गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड से एक सौ युवाओं को स्वच्छ ऊर्जा आधारित तकनीकी प्रशिक्षण दिया जायेगा। ट्रेनिंग के पश्चात प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार शुरू करने के लिए सर्टिफिकेट और टूल कीट दिये जाएंगे। प्रशिक्षण के पहले चरण में चारों प्रखंड के 34 युवाओं ने भाग लिया। ट्रेनर करम टोप्पो ने युवाओं को बिजली के काम में लगने वाले उपकरण, बिजली वायरिंग, इसमें बरती जाने वाली सावधानियां आदि के बारे में सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सोलर सिंचाई पंप, सोलर जल मीनार, समरसेबल पंप, सरफेस पंप इंस्टॉल करना और मरम्मत करना, एसी और डीसी करेंट, कनेक्शन करना इन सभी विषयों पर युवाओं को प्रशिक्षण दिया। बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी के वरीय संकाय सुशील ने सफल उद्यमी बनने के गुण, बैंक से जुड़कर व्यवसाय के लिए ऋण योजना के बारे में जानकारी दी।


## कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा
वी0जे0 इंस्टीट्युट भवन, पुराना कचहरी परिसर, चतरा
Email Id-deormsachatra@gmail.com

**कॉउंसलिंग हेतु आवश्यक सूचना**

Cont. No.000612/2022in Civil Appeal (C) NO. 4044 Of 2022 Soni Kumari Vrs. K.Ravi Kumar में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 15.12.2022 को पारित न्यायदेश की कंडिका–3, 4 एवं 5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रॉची से प्राप्त अनुशंसा के द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची जिला के आधिकारिक वेबसाईट www.nic.chatra.in पर प्रकाशित की गई है।

सूचीवद्ध सभी अभ्यर्थी दिनांक 20.09.2023 को पूर्वाहन 10:00 बजे जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यालय, चतरा में अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षिणक एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति एवं सभी प्रमाण पत्रों की स्व0 अभिप्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
चतरा

PR 307062 (School Education and Literacy) 23-24 (D)


# पुलिसवाले सावधान : अब कटेगा उनका भी चालान, नहीं सुनी जाएगी कोई पैरवी



### यातायात नियम सभी के लिए एक समान है, पुलिस कर्मी नियमों का उल्लंघन करते पकड़े गये तो जुर्माना के अलावा उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वाले कानून के रखवाले भी अब रडार पर आ गए। रांची एसएसपी ने सभी पुलिस वालों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वह ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए ही वाहन चलाएं अन्यथा उन पर भी कार्रवाई होगी।

**क्या है मामला :** सड़क हादसों में घायल होने वाले और हादसों में अपनी जान गंवाने वालों में पुलिस वाले भी शामिल होते हैं। ऐसा नहीं है कि सड़क हादसों में केवल आम लोग ही हताहत होते हैं। फर्क सिर्फ यही होता है कि पुलिस वाले जब वाहन चेकिंग अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़े जाते हैं तो वह अपने आप को पुलिस होने का हवाला देकर बच निकलते हैं। लेकिन अब ऐसा शायद नहीं हो , शुक्रवार को रांची एएसपी चंदन सिन्हा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिस कर्मियों के लिए अलग से आदेश जारी किया है। आदेश में यह लिखा गया है कि प्राय ऐसा देखा जाता है कि रांची जिला में पदास्थापित पुलिस कर्मियों के द्वारा वाहन का उपयोग करते समय यातायात नियमों का पालन नहीं किया जाता है जो बिल्कुल नियम संगत नहीं है। ट्रैफिक के नियम सभी के लिए एक समान है। आदेश में एसएसपी के द्वारा यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि रांची जिला में पदस्थापित एवं प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों को यह आदेश दिया जाता है कि वह वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करते हुए हेलमेट, सीट बेल्ट इत्यादि का उपयोग आवश्यक रूप से करना सुनिश्चित करें। यदि दिए गए निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जाता है तो यातायात नियमों के अनुसार जुर्माना के अलावा दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी।

**नजर रखने का निर्देश :** रांची के सीनियर एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि पुलिस कर्मियों के द्वारा अक्सर वाहन का उपयोग करते समय हेलमेट ,सीट बेल्ट इत्यादि का उपयोग नहीं किया जाता है ।जिसकी वजह से दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं और ऐसे में आमजन में पुलिस की छवि भी खराब हो रही है। यही वजह है कि उनके द्वारा एक लिखित आदेश सभी पुलिसकर्मियों के लिए निकल गया है जिसमें यह स्पष्ट निर्देश है कि वह ट्रैफिक नियमों का आम लोगों की तरह ही पालन करें। ट्रैफिक के पुलिसकर्मियों को भी निर्देश दिया गया है कि वह आम जन और पुलिस कर्मियों में कोई फर्क ना करें। अगर पुलिसकर्मी भी ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाते हैं तो उन पर भी नियम संगत कार्रवाई करें और उनका चालान काटे।


## समाहरणालय, गढ़वा
(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

**–:निविदा सूचना:–**

गढ़वा जिला में राज्य योजनान्तर्गत कम्बल एवं वस्त्र वितरण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये जिला में निर्धन, दिव्यांग, विधवा, भूमिहीन, निःसहाय, वृद्ध, वृद्धा एवं भिक्षुकों के बीच मुफ्त कम्बल वितरण करने हेतु GeM portal के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रय किये जाने वाले कम्बल की अनुमानित संख्या लगभग 38020 (अडतीस हजार बीस) अदद है, यह संख्या घट–बढ़ सकती है। कम्बल की विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 सं० | सामग्री का नाम | साईज | वजन | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | कम्बल ( ऊनी ) | 90''x 60'' | 02 कि०ग्रा० (न्यूनतम) | 3''X3'' Dimension का (झारखण्ड सरकार, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, रॉची) Logo सभी कम्बलों में लगाना अनिवार्य होगा। |

निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 30.09.2023 (05:00 PM) तक निर्धारित है। उपरोक्त निविदा की शर्तें एवं विवरणी GeM Portal (https://gem.gov.in) तथा www.garhwa.nic.in पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR 307085 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)D


# भादो की अमावस्या पर श्री वेंकटेश्वर का हुआ विधि से तिरुवाराधन सेवा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाद्रपद कृष्ण पक्ष स्नान दान की अमावस्या तिथि के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को ब्रह्ममुहूर्त में अखिल लोकेश्वर परमात्मा श्री वेंकटेश्वर का विश्व रूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलाशासनम, वेंकटेशस्तोत्रम के बाद षोडषोपचार विधि से तिरुवाराधन सेवा हुआ। तदन्तर श्री भगवान दंपति का दूध, दही, हल्दी,चंदन, गंगाजल, मधु, नारियल युक्त जल आदि द्रव्यों से सहस्त्रधारा, कलश धारा, शंखधारा एवं चक्रधरा आदि अनेकानेक उपचार पूर्वक भगवान का अभिषेक हुआ। श्रीसूक्त, पुरुषसूक्त, नारायणनुवाक वेद की ऋचाएं आदि विशिष्ट विशिष्ट मंत्रों के उच्चारण पूर्वक महाभिषेक हुआ। फिर वस्त्राभूषणों से सुसज्जित करके सुवासित रजनीगंधा, गुलाब के फूल एवं तुलसी की मालाओं से भक्तिभव्य श्रृंगार निवेदन किया। फिर नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महा आरती हुई। इसके बाद सुवाश्रय वेद ध्वनियों के उच्चारण पूर्वक कणानंददायक स्तोत्रों से स्तवन किया गया। फिर खीर, पोंगल, फल और मेवा का भोग लगाया गया। आज के महाभिषेक के यजमान आशीष- अश्विका अग्रवाल रांची निवासी थे। अर्चक : सत्यनारायण गौतम गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर पूजनादि अनुष्ठान संपन्न कराया। इस मौके पर सर्वश्री रामअवतार नारसरिया, रमेश धरनीधरका, गौरीशंकर ललित पोद्दार के अतिरिक्त बहुतों संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था के सागर में गोता लगाया।

# अग्रसेन भवन में 17 को चित्रकला कविता पाठ व शतरंज प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत अग्रवाल सभा रांची के तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन भवन मे 17 सितंबर दिन रविवार को प्रातः 9 बजे से चित्रकला प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता एवं शतरंज खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया मंत्री मनोज चौधरी एवं जयंती संयोजक सज्जन पाड़िया ने बताया कि इन तीनों प्रतियोगिताओं को चार वर्गों में बांटा गया है। इन प्रतियोगिताओं को विभिन्न विद्यालयों के कक्षाओं के बाल वर्ग, सब जूनियर वर्ग, जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग के समाज के बच्चे भाग लेंगे। अग्रवाल सभा के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 17 सितंबर को ही कार्यक्रम के दौरान 'अग्रेसर' पत्रिका का विमोचन भी किया जाएगा।


## जिला दण्डाधिकारी-सह उपायुक्त का कार्यालय, गुमला
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
E- Mail – socialsecuritygumla@gmail.com

**-: निविदा सूचना :-**

गुमला जिला में सामाजिक सुरक्षा योजनान्तर्गत वस्त्र वितरण कम्बल एवं वस्त्र वितरण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023–2024 के लिए जिला में गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे व्यक्तियों यथा – निर्धन, विधवाओं, वृद्धों, दिव्यांगों, भूमिहीनों, निःसहाय, बंधुआ मजदूरों एवं भिक्षुकों को जाड़े में ठंड से बचाव हेतु मुफ्त कम्बल वितरण करने हेतु GeM Portal के माध्यम से क्रय किया जाना है। क्रय किये जाने वाले कम्बल की अनुमानित संख्या लगभग 32,360 (बतीस हजार तीन सौ साठ) अदद है, यह संख्या घट–बढ़ सकती है।

Bid Item Details

| क0 | सामग्री का नाम | साईज | वजन | Sticker/Logo | Quantity |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कम्बल (ऊनी) | 90" x 60" | 02 कि0ग्रा0 (न्यूनतम) | 3" x 3" Dimension का (झारखण्ड सरकार का महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, रॉची) लोगो सभी कंबलों में लगाना अनिवार्य होगा। | 32360 (Approx) |
| 2 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि | | | | 03.10.2023 |
| 3 | जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गुमला में कम्बल का 02 (दो) नमूना जमा करने की अन्तिम तिथि | | | | 04.10.2023 को समय 12.00 PM तक। |
| 4 | जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गुमला में GeM Portal पर upload किये गये कागजातों का हार्डकॉपी जमा करने की अन्तिम तिथि | | | | 04.10.2023 को समय 12.00 PM तक। |
| 5 | उपायुक्त, गुमला की अध्यक्षता में स्थानीय क्रय समिति की बैठक की तिथि (नया समाहरणलय भवन गुमला) | | | | 04.10.2023 को समय 04.00 PM तक। |

Note :- निविदा (Bid No.GEM/2023/B/3965437) की शर्तें एवं विस्तृत विवरणी GeM Portal (https://gem.gov.in) पर देखा जा सकता है।

सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा, कोषांग, गुमला

PR 307106 Social Welfare,Women and Child Development (23-24)_D


## पृष्ठ एक के शेष

**हेमंत सोरेन की याचिका पर...**

रंजन समेत कई लोग फिलहाल इस मामले में जेल में हैं। 14 अगस्त को पूछताछ के लिए सीएम हेमंत सोरेन को पहली बार ईडी ने समन जारी किया था। सीएम ने इस पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने पत्र भेजकर ईडी को कहा था कि बार-बार समन करना सही नहीं है। पहले ही उन्होंने अपनी संपत्ति की जानकारी दे दी है। पत्र में उन्होंने समन को लेकर कानून का सहारा लेने की बात कही थी। ईडी ने दोबारा 24 अगस्त को समन जारी किया। जिसके खिलाफ सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की। बाद में ईडी ने तीसरे समन में 9 सितंबर को सीएम को पेश होने को कहा। जिस पर सीएम ने कहा कि मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, नतीजा आने के बाद ही वो पूछताछ के लिए आने पर विचार करेंगे।

**नकली शराब पर कसे...**

पदाधिकारी से पशुओं में फैल रहे लंपी वायरस के मामलों की जानकारी ली। उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी मांगी, जिस पर समाज कल्याण पदाधिकारी ने जिले में चल रहे कार्यों के साथ आंगनबाड़ी में रिक्त पदों की जानकारी दी। साथ ही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री लाडली योजना के अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी दी। समिति के अध्यक्ष ने अन्य विभागों द्वारा संचालित कार्यों की जानकारी ली और सभी विभागों के तहत हो रहे कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश सभी पदाधिकारियों को दिया।

**11058 मजदूरों का डेढ़ करोड़ रुपये...**

3634509 रू.,परसोडीह पंचायत में 735 मजदूरों का 1036620 रू,और परती कुशवानी पंचायत में 733 मजदूरों का 1018764 रू मजदूरों की मजदूरी बकाया है। मजदूरों द्वारा वृक्षारोपण,अमृत वाटिका,मेडबंदी,टीसीबी, वर्मी कम्पोस्ट, सोखता,रैनवाटर हार्वेस्टिंग, और पीएम आवास योजना में कार्य किया गया है।

# वैश्विक चुनौतियों के समाधान में इंजीनियरों का रहा है अग्रणी योगदान : आरपी सिंह




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वैश्विक विकास के हर चरण में एक इंजीनियर का प्रयास अग्रणी रहा है। इंजीनियरिंग व्यवसाय पुरे विश्व में तेजी से विकसित हो रहा है। लोगों द्वारा उपयोग की जाने वाली सभी आधुनिकतम वस्तुओं की तकनीकी एक इंजीनियर के कठिन श्रम का फल है। अगले 25 वर्षो में देश की बड़ी आबादी की खाद्यान सुरक्षा के लिए कृषि कार्यो में यांत्रिकीकरण की विशेष जोर दिया जा रहा है। इससे कृषि कार्य में बोवाई से कटाई की लागत में कमी के साथ उत्पादन को बढ़ावा और कृषि को लाभकारी बनाने पर बल दिया जा रहा है। इसे देखते हुए कृषि अभियांत्रिकी से जुड़े छात्रों के लिए यंत्रीकरण में गहरी रूचि एवं अद्यतन ज्ञान के साथ कृषि एवं बागवानी के मौलिक विषयों से सबंधित अद्यतन जानकारी का होना जरुरी है। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि आरपी सिंह, कार्यपालक निदेशक, झारखंड कृषि मशीनरी ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग संस्थान, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने कही। वे बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में शुक्रवार को आयोजित इंजिनियरर्स दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मौके पर एसोसिएट डीन ई डीके रूसिया ने 15 सितम्बर को इंजिनियर दिवस की महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत के महान इंजीनियर एम विश्वेश्वरैया को सम्मानित करने के लिए हरेक वर्ष इंजीनियर व्यवसाय से जुड़े लोग टिकाऊ बुनियादी ढांचे का निर्माण, टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने या उर्जा के नये श्रोत विकसित करने, जलवायु परिवर्त्तन एवं प्राकृतिक आपदा जैसी वैश्विक चुनौतियों के समाधान में योगदान देते है। वास्तव में एक इंजीनियर हमारे समाज की समस्यायों का बेहद महत्वपूर्ण समाधानकर्त्ता है। मौके पर यूनिवर्सिटी एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. बीके झा ने भी अपने विचारों को रखा। इस अवसर पर समारोह में मौजूद अतिथि, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने महान इंजिनियर एम विश्वेश्वरैया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।


## JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following works :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 240/PR/JUSNL/2023-24 | Detailed survey work and preparation of BoQ and cost estimate for height raising and shifting (if required) of various locations in 132 KV D/C Rihand (Pipri) – Garhwa Road Transmission Line | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 18900/- |
| 2. | 241/PR/JUSNL/2023-24 | Procurement of Furniture for the Office of Transmission Zone-IV, Medininagar | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 10100/- |

1. Last date and time for sale of Tender Documents & BOQ upto **09.10.2023** at 05:00 PM.
2. Last date and time for submission of tender upto **10.10.2023** at 02:00 PM.
3. Date and time for opening of tender: **10.10.2023** at 03:30 PM.
4. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) either in cash or in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
5. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
6. The under signed reserves the right to issue the tender documents/extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/all tenders without assigning any reason thereof.
7. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
8. For any clarifications please contact on Mobile No. 9973936358

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों का टॉलफ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 307100 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(23-24)#D

## NEWS इन ब्रीफ

### ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टुअर्ट मैकगिल ड्रग डील में बुरे फंसे



**सिडनी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्टार स्पिनर स्टुअर्ट मैकगिल पर पहले कथित अपहरण की पुलिस जांच के बाद बड़े पैमाने पर कोकीन आपूर्ति में उनकी कथित भूमिका का आरोप लगाया गया है। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने 52 वर्षीय मैकगिल को मंगलवार रात चैट्सवुड पुलिस स्टेशन से गिरफ्तार किया और उस पर ड्रग डील में शामिल होने का आरोप लगाया।

### श्रीलंका को स्पिनर महेश थीक्षाना के चोटिल होने से झटका लगा



**कोलंबो।** एशिया कप फाइनल से पहले श्रीलंका को झटका लगा है क्योंकि पाकिस्तान के खिलाफ सुपर 4 मुकाबले के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय स्पिनर महेश थीक्षाना की दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया। स्पिनर, जो श्रीलंका की गेंदबाजी पारी के दौरान कई बार मैदान से बाहर गया और अपना स्पैल पूरा करने के बाद टीम के साथियों की मदद से उसे मैदान से बाहर ले जाया गया, अब उसकी स्थिति का आकलन करने के लिए शुक्रवार को स्कैन किया जाएगा। थीक्षाना ने नई गेंद से अपना पहला स्पैल पूरा किया और पहले 5 ओवर में केवल 14 रन दिए और गुरुवार को मैदान से बाहर चले गए।

### एयर पिस्टल स्पर्धा में छठे स्थान पर रहे सागर डांगी



**रियो डी जनेरियो।** भारत के सागर डांगी आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल के पहले दिन पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में छठे स्थान पर रहे।

21 वर्षीय खिलाड़ी ने गुरुवार को फाइनल में 157.4 का स्कोर किया और शीर्ष आठ चरण में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय थे। इस स्पर्धा में इटली के फेडेरिको मालदिनी ने स्वर्ण पदक जीता। रियो विश्व कप में 16 सदस्यीय भारतीय टीम सात ओलंपिक स्पधाओं में हिस्सा ले रही है। दिन का दूसरा स्वर्ण महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में अर्मेनिया को मिला, जहां भारत का कोई प्रतिनिधि नहीं था। सागर ने 60-शॉट क्वालिफिकेशन राउंड में 581 का स्कोर किया और 62 खिलाड़ियों के मजबूत क्षेत्र में दूसरे स्थान पर रहे। पदक की दौड़ में शामिल अन्य भारतीयों में श्रवण कुमार 576 अंक के साथ 15वें स्थान पर रहे जबकि सौरभ चौधरी 572 अंक के साथ 30वें स्थान पर रहे।

**एशिया कप सुपर 4 का मुकाबला**

# बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ बनाया 265 का चुनौतीपूर्ण स्कोर

**एजेंसी। कोलंबो**

एशिया कप सुपर 4 के आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए शुक्रवार को 8 विकेट के नुकसान पर 265 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। कप्तान शाकिब अल हसन (80 रन) और तोहिद हृदोय (54 रन) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली।



इससे पहले टॉस जीतकर भारत ने गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले से सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी प्लेइंग-11 से बाहर हैं। वहीं, तिलक वर्मा को उनका वनडे कैप मिला है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की शुरूआत बेहद खराब रही। मोहम्मद शमी और शार्दुल ठाकुर की शानदार गेंदबाजी ने बांग्लादेशी बल्लेबाजों को खूब छकाया। हालांकि, कप्तान शाकिब अल हसन (80 रन), तोहिद हृदोय (54 रन) और नसुम अहमद (44 रन) की पारी के बदौलत टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 265 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारत की ओर से शार्दुल ठाकुर (3 विकेट) और मोहम्मद शमी (2 विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे जबकि प्रसिद्ध कृष्णा, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल को 1-1 विकेट मिला। भारत के सामने अब 266 रनों का लक्ष्य है। यह देखना बड़ा दिलचस्प होने वाला है कि तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव का बैटिंग ऑर्डर इस मैच में क्या रहने वाला है।

# जब एमएस धोनी ने रांची में एक युवा क्रिकेटर को बाइक पर दिया लिफ्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महेंद्र सिंह धोनी क्रिकेट के मैदान पर हों या उसके बाहर, वह अपनी अदाओं को लेकर चर्चा के केंद्र में रहते हैं। माही अपने फैन्स को भी अक्सर चौंका देते हैं। इस बार फिर ऐसा ही हुआ है। शुक्रवार सुबह से उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने एक अनाम युवा क्रिकेटर को अपनी बाइक पर लिफ्ट देते हुए गंतव्य तक पहुंचाया।



दरअसल, धोनी जब भी रांची में होते हैं, वे अक्सर बाइक और कार पर लॉन्ग ड्राइव पर निकल जाते हैं। वह रांची स्थित जेएससीए स्टेडियम में प्रैक्टिस के लिए अक्सर पहुंचते हैं। ताजा वायरल वीडियो में दिख रहा है कि धोनी स्टेडियम में अपना किट पैक कर रहे हैं और एक युवा क्रिकेटर सेल्फी मोड में उनका वीडियो बना रहा है। इसके बाद वह सड़क पर बाइक के पीछे बैठा दिखाई दे रहा है। हालांकि हेलमेट पहने होने के कारण वीडियो में धोनी का चेहरा दिखाई नहीं पड़ रहा है, लेकिन यामाहा आरडी 350 बाइक पर पीछे बैठे युवा क्रिकेटर का दावा है कि 'धोनी सर ने लिफ्ट देकर उसका दिन बना दिया।' यह वीडियो ट्विटर पर जमकर शेयर हो रहा है और लोग धोनी की उदारता और सरलता की तारीफ कर रहे हैं। दो महीने पहले भी इंटरनेट पर धोनी का एक पुराना वीडियो वायरल हुआ था, उसमें वे अपने सिक्योरिटी गार्ड को बाइक पर बैठा कर अपने फार्म हाउस के गेट तक लिफ्ट देते हुए देखे गए थे। इसमें धोनी अपने रांची के फार्म हाउस पर बाइक चलाते हुए नजर आ रहे हैं और उनका सिक्योरिटी गार्ड बाइक पर धोनी के पीछे बैठा हुआ दिखाई दे रहा है। इस वीडियो को देखकर लोग जोर-जोर से धोनी को चियर करते हुए भी सुनाई पड़ रहे थे।

ये पहला मौका नहीं है जब धोनी इतने डाउन टू अर्थ जेस्चर के साथ नजर आए हैं। हाल ही में हुए इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के दौरान धोनी ने सभी ग्राउंड स्टाफ और एसोसिएशन के मेंबर्स के साथ बातचीत कर समय निकाला और अपने फैंस के साथ ढेर सारी तस्वीरें भी खिंचवाईं थी।

**नसीम शाह-हारिस रऊफ की फिटनेस स्थिति पर पाक कप्तान ने कहा**

# अभी हम अपना प्लान बी नहीं बता सकते : बाबर

**एजेंसी। कोलंबो**

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने भारत में अगले महीने शुरू होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए महत्वपूर्ण तेज गेंदबाज नसीम शाह और हारिस रऊफ की फिटनेस स्थिति के बारे में कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया है। एशिया कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के सुपर फोर मुकाबले के दौरान तेज गेंदबाज जोड़ी को मामूली चोटें आईं और गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ 2 विकेट से हार (डीएलएस) झेलने के बाद जब टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई तो वे किनारे पर बैठे थे।



जमान खान और शाहनवाज दहानी उस मैच के दौरान घायल जोड़ी के लिए आगे आए, और अगर नसीम और रऊफ समय पर ठीक नहीं होते हैं तो उन्हें विश्व कप में भाग लेने के संभावित विकल्प के रूप में माना जा सकता है। जबकि बाबर को उम्मीद है कि नसीम और रऊफ दोनों 6 अक्टूबर को हैदराबाद में नीदरलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के विश्व कप के पहले मैच के लिए समय पर ठीक हो जाएंगे, लेकिन जब इस जोड़ी के चूकने की स्थिति में आकस्मिक योजनाओं के बारे में पूछा गया तो कप्तान ने ज्यादा कुछ नहीं कहा। आईसीसी वेबसाइट ने बाबर के हवाले से कहा, मैं आपको बाद में बताऊंगा। उन्होंने कहा, अभी आपको अपना प्लान बी नहीं बता रहा हूं। लेकिन हां, हारिस रऊफ की स्थिति बुरी नहीं हैं। उन्हें बस थोड़ा सा साइड स्ट्रेन हुआ है, लेकिन वह विश्व कप से पहले ठीक हो जाएंगे।

पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, नसीम शाह भी... उन्होंने कुछ मैच मिस किए हैं, मुझे नहीं पता (कब तक) रिकवरी होगी, लेकिन मेरी राय में, नसीम शाह भी बाद में विश्व कप में होंगे। लेकिन देखते है। विश्व कप शुरू होने से पहले पाकिस्तान के पास कोई आधिकारिक 50 ओवर का मैच नहीं है, हालांकि उनके पास न्यूजीलैंड (29 सितंबर) और ऑस्ट्रेलिया (3 अक्टूबर) के खिलाफ दो अभ्यास मैच निर्धारित हैं जो आधिकारिक वनडे दर्जा नहीं रखते हैं।

# प्रदेश के युवाओं को खेलों के लिए प्रेरित करेगा डेविस कप का आयोजन : योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य के लिए यह अत्यंत स्मरणीय क्षण है कि लगभग 23 वर्षों के बाद डेविस कप के रूप में एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन राजधानी लखनऊ में होने जा रहा है। प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी, जिसमें लीग मैच भारत और मोरक्को के बीच 16 और 17 सितंबर को विजयंत खंड गोमती नगर के टेनिस कोर्ट में संपन्न होंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से विशेष तैयारियां की गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप-2 में भारत-मोरक्को के बीच होने वाले मैचों की ड्रॉ सेरेमनी में भाग लिया। सीएम योगी ने ड्रॉ खोलकर मैचों के शेड्यूल का भी ऐलान किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने डेविस कप के लिए लखनऊ आए विशिष्ट अतिथियों को ओडीओपी उपहार देकर सम्मानित किया। इनमें पूर्व टेनिस लीजेंड विजय अमृतराज भी शामिल रहे। दोनों देशों के खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया। उन्होंने सीएम योगी के साथ ग्रुप फोटो शूट भी कराया।



सीएम योगी ने प्रदेश में खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी के 'खेलो इंडिया खेलो' के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम रहा हो या फिर फिट इंडिया मूवमेंट के माध्यम से खेल की गतिविधियों को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम, इन सभी ने पूरे देश के अंदर खेल का एक बेहतरीन माहौल दिया है।

खेल सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि प्राचीन काल से ही भारत की परंपरा इस बात पर विश्वास करती रही है कि शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम... यानी जीवन के जो भी साधन होते हैं, वो एक स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं और स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद की प्रतियोगिताएं आवश्यक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की ही प्रेरणा से पिछले 6 वर्ष में इन सभी कार्यक्रमों को प्रदेश में आगे बढ़ाने का कार्य किया है। आज उसी का परिणाम है कि प्रदेश के अंदर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर बेहतरीन प्रयास प्रारंभ हुए हैं। उत्तर प्रदेश आज देश के अंदर इन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने वाला एक अग्रणी राज्य है।

खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान बनाने, हर ग्राम पंचायत में युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करवाने, सभी जनपदों में स्टेडियम, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम पर कार्य किया गया है। ग्राम पंचायत से खर्च राशि से गांव में ओपन जिम के निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। उसी का परिणाम है कि आज प्रदेश में 83 स्टेडियम, 12 सिंथेटिक टेनिस कोर्ट, 67 बहुद्देशीय हॉल, 38 तरणताल, 15 सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम, 3 सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, 16 छात्रावास भवन, 2 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, 42 अत्याधुनिक जिम, 2 जूडो हॉल,11 कुश्ती हॉल, 6 शूटिंग रेंज, 2 इंडोर वॉलीबाल हॉल, 12 वेटलिफ्टिंग हॉल और 15 सिंथेटिक बास्केटबाल कोर्ट का निर्माण हो चुका है।

**डेविस कप का ड्रॉ, पहला सिंगल मैच :** मुकुंद शशि कुमार वर्सेज लीनी यसीन
**दूसरा सिंगल मैच :** सुमित नागल वर्सेज मुंडीर एडम
**डबल्स मैच :** रोहन बोपन्ना-युकी भांबरी वर्सेज बेंचेट्रिट इलियट-ललामी लारोसी यूनिस
**तीसरा सिंगल मैच :** सुमित नागल वर्सेज लीना यसीन
**चौथा सिंगल मैच :** मुकुंद शशि कुमार वर्सेज मुंडीर एडम

# पाक के खिलाफ जीत से मिली ज्यादा संतुष्टि : जड़ेजा

**एजेंसी। कोलंबो**


भारत के अनुभवी बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का मानना है कि एशिया कप के सुपर फोर चरण में पाकिस्तान पर जीत से टीम को अधिक संतुष्टि मिली। साथ ही उन्होंने कहा कि श्रीलंका पर जीत भी शानदार थी। भारत पाकिस्तान और श्रीलंका पर क्रमशः 228 रन और 41 रन से जीत हासिल कर 17 सितंबर को होने वाले एशिया कप के फाइनल में पहुंच गया। सुपर फोर चरण का उनका आखिरी मैच शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ है, जिसके बाद वे रविवार को फाइनल में श्रीलंका से खेलेंगे। जडेजा ने प्रसारकों के साथ मैच चैट पर कहा, जब भी हम मैदान पर उतरते हैं, हम हमेशा भारत के लिए खेलने पर गर्व महसूस करते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ जीत ने हमें अधिक संतुष्टि दी, लेकिन साथ ही श्रीलंका के खिलाफ मैच भी एक शानदार खेल था। जड़ेजा ने कहा कि भारत ने हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। हमने हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया, हमने अच्छी गेंदबाजी की और अच्छी फील्डिंग की।



# प्रीमियर लीग : काइल वॉकर ने मैनचेस्टर सिटी के साथ अपना अनुबंध 2 साल बढ़ाया

**एजेंसी। मैनचेस्टर**

इंग्लैंड के डिफेंडर काइल वॉकर ने प्रीमियर लीग क्लब मैनचेस्टर सिटी के साथ अपने अनुबंध को दो साल का विस्तार दिया है। अब वह 2026 की गर्मियों तक क्लब में बने रहेंगे। वॉकर का मौजूदा अनुबंध इस सीजन के अंत में समाप्त होने वाला था। 33 वर्षीय वॉकर 2017 में टोटेनहम हॉटस्पर से सिटी में शामिल हुए थे और क्लब के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, जिन्होंने पांच प्रीमियर लीग खिताब सहित कई प्रमुख सम्मान जीते हैं। वॉकर ने पांच प्रीमियर लीग खिताब, दो एफए कप, चार लीग कप, दो कम्युनिटी शील्ड, चैंपियंस लीग और सुपर कप जीते हैं और 260 मैच खेले हैं। वॉकर ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट से बातचीत में कहा, मैंने इस शानदार क्लब में पिछले छह वर्षों के हर एक पल का आनंद लिया है। मेरे पास एक अद्भुत कोच, बेहतरीन टीम-साथी और स्टाफ हैं और हमारे प्रशंसक सबसे अच्छे हैं। मैं हर स्तर पर समर्थित महसूस करता हूं। उन्होंने कहा, ट्रेबल-विजेता सीजन वह है जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा और हम फिर से जाने और अधिक ट्रॉफियां जीतने की कोशिश करने के लिए तैयार हैं। मुझे ऐसे क्लब में बने रहने की खुशी है जो हर साल ट्रॉफियों के लिए प्रतिस्पर्धा करता है और मैं यह देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता कि अगले कुछ साल क्या लेकर आएंगे।" उन्होंने सिटी, स्पर्स, शेफील्ड यूनाइटेड, क्वींस पार्क रेंजर्स, एस्टन विला और नॉर्थम्प्टन टाउन के साथ 500 से अधिक करियर मैच खेले हैं। अपने क्लब की सफलता के अलावा, वॉकर ने इंग्लैंड के साथ एक सफल करियर का भी आनंद लिया है। अपने देश के लिए उन्होंने 78 मैच खेले हैं। वह यूरो 2020 के फाइनल में पहुंचने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। दरअसल, उन्होंने पिछले शनिवार को यूक्रेन के खिलाफ 1-1 से ड्रा में अपने देश के लिए अपना पहला गोल किया था।



# 29वीं जूनियर राष्ट्रीय थांग-टा चैंपियनशिप के लिए 13 सदस्यीय झारखंड टीम घोषित

**रांची।** आगामी 3 अक्टूबर से सेरी कश्मीर इंडोर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, श्रीनगर में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय 29वीं जूनियर राष्ट्रीय थांग- टा चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए 13 सदस्यीय झारखंड टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम का नेतृत्व झारखंड थांग- टा संघ के अध्यक्ष सह मुख्य कोच रंजीत केशरी करेंगे जबकि टीम के खिलाड़ियों में गढ़वा की मुश्कान कुमारी तथा इंदु कुमारी, लोहरदगा की खुशबू कुमारी, पलामू की सोनम कुमारी तथा रेहान कादरी के अलावा धनबाद के सौरभ रवानी, समरेश किस्कू, सौरभ भारती, ऐश्वर्या प्रसाद, समृद्धि कुमारी, प्रगति प्रिया तथा राधिका सहाय शामिल हैं। ज्ञात हो कि टीम के सभी खिलाडी इस वर्ष अप्रैल महीने में सम्पन्न हुई। 8वीं झारखंड राज्य थांग-टा चैंपियनशिप के दौरान अपने -अपने भार वर्ग की स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता रहे हैं। आगामी 30 सितम्बर को यह टीम धनबाद रेलवे स्टेशन से जम्मूतवी एक्सप्रेस से श्रीनगर के लिए प्रस्थान करेगी।

**मीडिया कप फुटबॉल** **दामोदर ने भैरवी को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई**

# अजय-दामोदर टीम के बीच होगा मुकाबला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम में खेली जा रही मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में शनिवार को टीम शंख और टीम मयूराक्षी आमने-सामने होंगी जबकि दूसरे सेमीफाइनल में टीम अजय और दामोदर के बीच फाइनल में पहुंचने की जंग होगी। आखिरी लीग मैच में शुक्रवार को ग्रुप ए के दामोदर ने भैरवी को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की।



दामोदर की ओर से पहला मैच खेल रहे प्लेयर ऑफ द मैच संदीप नाग ने दो शानदार मैदानी गोल और मोनू कुमार ने एक गोल दाग टीम को मध्यांतर तक 3-0 से बढ़त दिला दी। मैच के 15 वें मिनट ने मोनू ने शानदार गोल दाग टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद मैच के 17वें मिनट में संदीप नाग ने एक शानदार फ्री किक से गोल कर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। दूसरे हाफ में संदीप ने एक और गोल दागकर बढ़त 3-0 की कर दी। इसके बाद भैरवी की ओर से अमित कुमार ने गोल दागकर मैच में वापसी की उम्मीद जगाई लेकिन आखिरी स्कोर 3-1 ही रहा।

ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच में प्लेयर ऑफ द मैच अशोक गोप के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मयूराक्षी ने गंगा को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। गंगा की टीम बिखरी हुई दिखी और इसका फायदा मयूराक्षी ने जमकर उठाया। मैच के 12 वें मिनट में अशोक ने शानदार गोल दाग टीम को 1-0 से आगे किया। इसके बाद 19वें मिनट में कुंदन ने एक और गोल दाग बढ़त 2-0 कर दी। 35वें मिनट में दिनेश ने एक और गोल दाग मयूराक्षी को सेमीफाइनल में पहुचने पर मुहर लगा दी है।

इससे पहले रांची के डीटीओ प्रवीण प्रकाश और सीसीएल के मैनेजर स्पोर्ट्स आदिल हुसैन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरूआत की और प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार भी बांटे।

